दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 9 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-229 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

NIA कोर्ट में 16 नवंबर से तहव्वुर राणा की सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की विशेष एनआईए कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के मामले में



आरोपों पर दलीलों के लिए 16 नवंबर की तारीख तय की है। विशेष ठक्अ जज प्रशांत शर्मा ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने राणा की गिरफ्तारी के बाद दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट और ठक्अ की पहले की चार्जशीट से जुड़े दस्तावेजों की जांच के बाद यह फैसला लिया। अभी राणा तिहाड़ जेल में बंद है। राणा को 10 अप्रैल 2025 को अमेरिका से भारत लाया गया था। तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था।

दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर अब नहीं रहे

मुंबई (एजेंसी)। दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर अब नहीं रहे. 75 साल की उम्र में वो दुनिया ने को अलविदा कह गए. नाना पाटेकर गोवा के डोना पाउला स्थित घर में बेहोश मिले. जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि उन्हें गंभीर कार्डियक अरेस्ट आया था। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने करीब 45 मिनट तक उन्हें होश में लाने की कोशिश की, लेकिन कोई

जन्म-01 जनवरी -1951
निधन 08 अक्टूबर-2026

प्रतिक्रिया नहीं मिली. उनके निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। वहीं गोवा स्थित घर में कार्डियक अरेस्ट के बाद उन्हें करीब 45 मिनट तक सीपीआर दी गई, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। नाना पाटेकर का पार्थिव शरीर पुणे लाया गया, जहां डोंजे गांव में रात को राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अभिनेता जैकी श्रॉफ और निर्देशक अनिल शर्मा भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए और नाना को अंतिम विदाई दी।

नाना पाटेकर का राजकीय सम्मान से किया गया अंतिम संस्कार



■ पुणे में दी गई अंतिम विदाई
■ गोवा में कार्डियक अरेस्ट से निधन था



नाना का जीवन तिरंगे की आन-बान और शान की तरह रहा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नाना को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने कहा कि वे बेहतरीन कलाकार थे। उन्होंने अलग-अलग किरदारों से दर्शकों का दिल जीता। उन्होंने कहा कि नाना पाटेकर का जीवन तिरंगे की आन-बान और शान की तरह रहा। वो बंधनों में नहीं रहे, परिंदे की तरह फिल्मों के आसमान में उड़े। उन्होंने समाज में व्याप्त अव्यवस्था पर अपनी फिल्मों के माध्यम से करारा प्रहार किया। वे एक ऐसे क्रांतिवीर थे, जिन्होंने बुराइयों के विरुद्ध काम किया। उनकी वाणी जितनी तेज थी, उनकी खामोशी भी उतनी ही प्रभावी थी।

अमिताभ बच्चन ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। 75 वर्ष की उम्र में नाना पाटेकर के निधन की खबर से फिल्म जगत और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है। अमिताभ बच्चन ने क्विज आधारित रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के मंच से नाना पाटेकर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, "देवियों और सज्जनों, नाना पाटेकर का अचानक स्वर्गवास हो गया।

उनके जाने से भारतीय फिल्म को बड़ी क्षति : मुर्मू

नई दिल्ली (एजेंसी)। नाना पाटेकर का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। गोवा में कार्डियक अरेस्ट के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने नाना पाटेकर के निधन को भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति बताया।



लिपिक विजय कुमार 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार

पटना (एनएसबी)। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने गुरुवार को दानापुर के पशुपालन कार्यालय अवर प्रमंडल के निम्नवर्गीय लिपिक विजय कुमार को 20 हजार रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसे एम्स गोलंबर स्थित पान दुकान के पास रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया है। दरअसल, पटना के नौबतपुर के रहने वाले परिवादी राजेन्द्र प्रसाद ने निगरानी में शिकायत दर्ज कराई थी कि लिपिक विजय जीपीएफ के छह लाख रुपये भुगतान करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। निगरानी ब्यूरो के स्तर से शिकायत का सत्यापन कराया गया जिसमें रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण सही पाया गया। इसके बाद निगरानी डीएसपी आसिफ इकबाल मेहदी के नेतृत्व में धावा दल का गठन कर कार्रवाई की गई। अभियुक्त ने घूस की 20 हजार की रकम लेने के लिए परिवादी को एम्स गोलंबर के पास बुल्लु पान दुकान पर बुलाया था।

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल व सीएम ने लोकनायक जेपी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

पटना। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी मैदान के दक्षिण-पश्चिम छोर पर स्थित उनकी प्रतिमा पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, श्रवण कुमार, राम कृपाल यादव, लेशी सिंह, लखेन्द्र कुमार रौशन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी, विधायक श्याम रजक, अरूण मांझी, किसान आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी लोकनायक जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

IIT बॉम्बे के हॉस्टल में गैस से आग लगी, पांच घायल

मुंबई। आईआईटी बॉम्बे के एक हॉस्टल में गैस लीक होने के बाद आग लग गई। हादसे में 5 लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, आग हॉस्टल नंबर 6 में गुरुवार रात करीब 10 बजे लगी। घटना के बाद पुलिस और बीएमसी वार्ड के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। घायलों को तत्काल राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 4 लोगों को आगे के इलाज के लिए कस्तूरबा अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि एक घायल का राजावाड़ी अस्पताल में ही इलाज चल रहा है।

यूपीआई पर चार्ज अगले साल तक टल सकता है

नई दिल्ली। यूपीआई पर चार्ज लगाने का नियम फिलहाल टल सकता है। केंद्र सरकार 15 अक्टूबर से ₹2000 से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर 0.4% चार्ज लगाने का नियम लागू करने वाली थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सरकार अगले साल 1 जनवरी से नया नियम लागू करने पर विचार कर रही है। ऐसा हुआ तो फेस्टिव सीजन में दुकानदारों और पेमेंट कंपनियों को छूट दी जा सकती है यानी यूपीआई ट्रांजैक्शन फ्री रहेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन के दौरान दुकानदारों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े इसलिए सरकार 0.4% मर्चेंट शुल्क लागू करने की तारीख को आगे बढ़ाने का मन बना रही है। सरकार की ओर से आधिकारिक फैसला अगले कुछ ही दिनों में सामने आ सकता है।

एक करोड़ परिवारों को उद्यमी परिवार बनाना सरकार की प्राथमिकता : सम्राट

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने गुरूवार को बापू सभागार में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभुकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रथम किस्त की राशि के वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। सीएम ने योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में चयनित लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त के 7 हजार से अधिक लाभुकों के खाते में राशि हस्तांतरित किया। सीएम ने राज्य के सभी जिलों में स्थापित एमएसएमई केन्द्र का उद्घाटन किया।



7 हजार लाभुकों को किस्त की राशि अंतरित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएम ने कहा कि बिहार के 1 करोड़ परिवारों को उद्यमिता और आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। 1 करोड़ परिवारों को उद्यमी परिवार बनाना है। अगले पांच वर्षों में राज्य में उद्योग, रोजगार, शिक्षा, आधारभूत संरचना और ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा एमएसएमई क्षेत्र के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, इसमें कम से कम दसवां हिस्सा बिहार को मिलने की संभावना है। इससे राज्य में छोटे और मध्यम उद्यमों को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री का इसके लिये आभार प्रकट करता हूं। सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत एमएसएमई के माध्यम से 45,000 उद्यमी तैयार किये जा रहे हैं। इसमें 14 हजार एससी-एसटी, 10 हजार अतिपिछड़ा, 9500 महिला, 9 हजार युवा एवं 2500 अल्पसंख्यक उद्यमी हैं। इसके लिये 3,500 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाने की आवश्यकता न पड़े, इसके लिए राज्य में ही उद्योग और रोजगार के अवसरों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में आधारभूत संरचना के विकास पर भी तेजी से काम हो रहा है। ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ हाई-वे और एक्सप्रेस-वे का नेटवर्क विस्तारित किया जा रहा है। पटना मेट्रो की परिकल्पना भी साकार हो रही है। सीएम ने कहा कि बिहार में निर्मित उत्पादों को सरकारी खरीद में प्राथमिकता देने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। परचेज प्रीफरेंस एक्ट के तहत बिहार में निर्मित वस्तुओं की 25 से 40 प्रतिशत तक सरकारी खरीद की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए पीपीपी मोड में 5 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्यमियों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का सीएम ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम को मंत्री श्रेयसी सिंह, मो. जमां खान, रमा निषाद, लखेन्द्र कुमार रौशन एवं उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी, उद्यमी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्य बिंदु

बिहार एमएसएमई नीति 2026 का लोकार्पण

प्रत्येक जिले में एमएसएमई केंद्र खोले गए

EOU के हत्थे चढ़ा 'धनकुबेर' इंजीनियर नारद कुमार दास

नारद दास पर 83.53 लाख की अवैध संपत्ति का आरोप

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुंगेर में पदस्थापित योजना एवं विकास विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नारद कुमार दास के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए टीम ने मुजफ्फरपुर, मुंगेर, भागलपुर और पटना समेत पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सुबह 7 बजे मुजफ्फरपुर पहुंची आर्थिक अपराध इकाई की एक टीम नगर के सदर थाना क्षेत्र स्थित राधिका अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 2एफ पहुंची, जहां लगभग 6 घंटे तक चली तलाशी और जांच के दौरान नारद कुमार दास के ससुराल के फ्लैट से लगभग 52 लाख रुपये नकद बरामद होने की सूचना मिली है।

इसके साथ हीं जवेलरी और संपति से संबंधित कागजात भी मिलने की खबर है। हालांकि इओयु द्वारा बरामद संपति से संबंधित कागजात और जवेलरी के संबंधित अनुमानित कीमतों से संबंधित स्पष्ट पुष्टि नहीं की है। टीम के सदस्य ने बताया कि अभी जांच की जा रही है, मूल्यांकन किए जाने के बाद स्पष्ट जानकारी दी जाएगी। इस दौरान यह भी बताया गया कि बड़ी मात्रा में नोट मिली है, जिसे गिनने के लिए नोट गिनने की मशीन मंगवानी पड़ी है। जानकारी के अनुसार ईओयू को सूचना मिली थी कि इंजीनियर ने अपनी ससुराल में कथित तौर पर अवैध तरीके से अर्जित रकम छिपाकर रखी है। इस सुचना पर राधिका अपार्टमेंट स्थित फ्लैट नंबर 2एफ पहुंची टीम ने करबाई शुरू की। यहां इंजीनियर के सास-ससुर और साले रहते हैं। टीम ने करीब छह घंटे तक फ्लैट के अलग-अलग कमरों की तलाशी ली। ईओयु की प्राथमिक जांच में नारद कुमार दास की ज्ञात और वैध आय के मुकाबले 83 लाख 53 हजार 200 रुपये की अधिक संपत्ति होने का प्रथम दृष्टया साक्ष्य मिलने की बात कही गई है। यह राशि उनकी ज्ञात कानूनी आय से करीब 64.93 प्रतिशत अधिक है। इसी आधार पर आर्थिक अपराध इकाई ने विशेष न्यायालय निगरानी, पटना से सर्च वारंट प्राप्त कर गुरुवार को तलाशी की कार्रवाई की। नारद कुमार दास के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के बेलन बाजार, बंगाली टोला स्थित उनके किराए के मकान पर भी छापेमारी की। बताया जा रहा है कि टीम के पहुंचने से पहले नारद कुमार दास कार्यालय जाने की तैयारी में थे। टीम ने उनसे पूछताछ के बाद तलाशी शुरू की। इसके अलावा मुंगेर स्थित उनके सरकारी कार्यालय में लगभग चार घंटे तक जांच चली।



छापेमारी में 52 लाख से अधिक नकद और 30 लाख के गहने मिले

सीबीआई ने 4 राज्यों में बैंकिंग फर्जीवाड़ा पर की छापेमारी

पटना (एनएसबी)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बैंकिंग क्षेत्र में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं के फजीर्वाड़ा मामले में गुरुवार को बिहार के जहानाबाद समेत चार राज्यों में कार्रवाई की है। बैंकिंग फजीर्वाड़ा मामले में बिहार समेत दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल में सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक

एक सीजीएसटी इंस्पेक्टर सहित चार लोग गिरफ्तार किए गए

सीजीएसटी इंस्पेक्टर भी शामिल है। जांच एजेंसी ने इसे सुनियोजित तरीके से चलाया जा रहा फजीर्वाड़ा बताया है। मामले में इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद सीबीआई की मुंबई स्थित विशेष कार्य शाखा ने कई राज्यों में एक साथ कार्रवाई की। जहानाबाद के हुलासगंज थाना क्षेत्र के कंदौल गांव पहुंची सीबीआई की टीम ने सुधीर पांडेय के घर पहुंचकर करीब दस घंटे तक सघन जांच व पूछताछ की। सीबीआई के साथ मुंबई और यूपी पुलिस की टीम भी थी। सुधीर पांडेय के बेटे रामजी पांडेय का नाम पूर्व में प्रतियोगी



परीक्षा और इंटरव्यू में शामिल होते थे सेटर

सीबीआई के अनुसार, गिरोह के सदस्य बैंकिंग भर्ती की चयन प्रक्रिया में असली अभ्यर्थियों की जगह खुद परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल होते थे। चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की जगह स्कालर भेजकर परीक्षा में फजीर्वाड़ा किया जाता था। कई चरणों में अभ्यर्थियों की पहचान का फर्जी इस्तेमाल करते थे। सीबीआई ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

परीक्षाओं के फजीर्वाड़े में आया था। उस पर बैंकिंग परीक्षा में सेटर की भूमिका के आरोप लगे थे, जिसमें वह पूर्व में जेल भी गया था। हालांकि छापामारी के दौरान रामजी पांडेय मौजूद नहीं था।

एअर इंडिया की इंटरनेशनल उड़ानें 17 हजार तक हुई महंगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। एअर इंडिया की फ्लाइट में कल से सफर करना महंगा हो जाएगा। इंडिगो के बाद एयरलाइन ने भी घरेलू उड़ानों में 1200 रुपए तक और इंटरनेशनल उड़ानों में 17,800 रुपए तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है। नए फ्यूल चार्ज एयर इंडिया एक्सप्रेस पर भी लागू होंगे, क्योंकि दोनों टाटा ग्रुप की एयरलाइन हैं। नई कीमतें 9 अक्टूबर रात 12:01 बजे से लागू होंगी। एयरलाइन ने यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट फ्यूल महंगा होने की वजह से लिया है। एअर इंडिया ने 7 महीने में तीसरी बार फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है।

सऊदी एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला, तीन की मौत

रियाद (एजेंसी)। सऊदी अरब के दो एयरपोर्ट्स पर हूती विद्रोहियों ने ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई है। साथ ही 36 लोग घायल हुए हैं। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन (GACA) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 6 और 7 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है।

एनएचआरसी में 73 मानवाधिकार उल्लंघन मामलों की सुनवाई हुई

पटना (एनएसबी)। मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई और पीड़ितों को राहत देने में लापरवाही पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर जोर दिया है। आयोग की दो दिवसीय पूर्ण पीठ की कैंप सिटिंग व खुली सुनवाई के समापन पर गुरुवार तक कुल 73 मामलों की सुनवाई हुई। आयोग ने बंधुआ मजदूरी, बाल श्रम, पुलिस-न्यायिक हिरासत में मौत, महिलाओं-बच्चों के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर मामलों में



लापरवाही से हुई 5 हिरासत मौतों पर 30 लाख मुआवजा

संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई का हिसाब मांगा। आयोग ने बताया कि पहले दिन की कार्रवाई में एक करोड़ से अधिक मुआवजा दिए जाने की जानकारी राज्य सरकार ने दी। दूसरे दिन भी पुराने मामलों के अनुपालन की समीक्षा कर पीड़ित परिवारों को भुगतान की स्थिति देखी गई।

CAPF अफसरों की भर्ती-सेवा का नया कानून लागू

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में सीएपीएफ (जनरल एडमिनिस्ट्रेशन) एक्ट 2026 लागू हो गया। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, यह कानून 8 अक्टूबर से प्रभावी है। नया कानून, सीएपीएफ में ग्रुप-अ जनरल ड्यूटी और दूसरे अधिकारियों की भर्ती, प्रमोशन, डेपुटेशन और सेवा शर्तों का एक जैसा ढांचा तय करता है। कानून ऐसे समय लागू हुआ है, जब सुप्रीम कोर्ट में हजारों उअढऋ अफसर इसकी वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। यह कानून संसद ने अप्रैल में पास किया था। यह कानून केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में अफसरों की भर्ती और सेवा नियमों को नियंत्रित करेगा।

ज्ञानेश के खिलाफ विपक्ष का तीसरे दिन प्रदर्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया ब्लॉक गठबंधन की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। गुरुवार शाम कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और इंडिया गठबंधन के अन्य सांसद राजघाट पहुंचे। कांग्रेस नेता रंजीत रंजन ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें अहिंसा का पाठ पढ़ाया था। हम सरकार को यह

विपक्ष ने कहा- ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेकर ही दम लेंगे



समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि विपक्ष का यह अधिकार है कि वह आपको आपकी गलत नीतियों के बारे में बताए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार ने स्वतंत्र एजेंसियों को कठपुतली बना लिया है। विपक्ष ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रहा है। हम उनसे मिलना चाहते हैं, लेकिन मिलने नहीं दिया जा रहा है। सरकार ने उन्हें अपनी क्षत्रछाया में बचा लिया है। हमें चारों तरफ से दिल्ली को छावनी बनाकर रोका जा रहा है।

खबरें : एक नजर में



बिहार राज्य अरवा राइस मिल एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित सदस्य।

वरिष्ठ पत्रकार बिनय कुमार की पत्नी प्रेमलता का निधन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के वरिष्ठ पत्रकार एवं बिहार-झारखंड प्रदेश स्टेट कोऑर्डिनेटर बिनय कुमार की पत्नी प्रेमलता का निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं और उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, मित्रों, सहकर्मियों और शुभचिंतकों के बीच शोक की लहर दौड़ गयी है। वरिष्ठ पत्रकार श्री कुमार की दिवंगत पत्नी अपने पीछे दो पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गई हैं। उनकी एक पुत्री शिखा आनन्द रांची शहर की जानीमानी स्त्रीरोग विशेषज्ञ हैं।



प्रेमलता (फाइल फोटो)।

पत्रकार बिनय कुमार के सहकर्मियों और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा पत्रकार समुदाय उनके और उनके परिवार के साथ है। उनके निधन पर पत्रकारिता, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उनके मित्रों और शुभेक्षुओं ने बिनय कुमार से मुलाकात कर अथवा संदेश के माध्यम से अपनी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। यूनिवार्ता परिवार ने बिनय कुमार की पत्नी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मोकामा आरपीएफ थाना के दो वीडियो वायरल, हाजत में युवक कर रहा था फोन पर बात, दूसरा बना रहा था रील

मोकामा (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा आरपीएफ थाना के दो वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में एक युवक हाजत के अंदर मोबाइल फोन से बातचीत करते दिख रहा है, जबकि दूसरे वीडियो में दूसरा युवक हाजत के अंदर ही अपने मोबाइल से रील बनाते हुए नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि ये दोनों वीडियो रविवार के हैं। हाजत में मोबाइल फोन का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित है, ऐसे में हाजत के अंदर से इस तरह के वीडियो सामने आने के बाद कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले को लेकर दानापुर के सीनियर कमांडेंट उदय सिंह पवार से बातचीत की गई। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्य तिथि पर डा. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में संपूर्ण क्रांति के प्रणेता एवं महान स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र और नैतिक राजनीति के प्रखर प्रहरी थे। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में, विशेषकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन एवं आजाद दस्ता के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात सत्ता से दूर रहकर उन्होंने सर्वोदय, ग्राम स्वराज और सामाजिक पुनर्निर्माण को अपना लक्ष्य बनाया। डा. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकनायक का जीवन हमें बताता है कि लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि नैतिकता, समानता और जनभागीदारी को सुदृढ़ करने की व्यवस्था है। बिहार की धरती के इस महान सपूत ने लोकतांत्रिक इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। उनका जीवन संघर्ष, त्याग और लोकसेवा की प्रेरणागाथा है, जो युवा पीढ़ी को राष्ट्रहित में सक्रिय रहने की प्रेरणा देती रहेगी।



लोकनायक जयप्रकाश नारायण भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा प्रेम कुमार।

जमाबंदी शुद्धीकरण अभियान विभाग के साथ आमलोगों की भी जरूरत : दिलीप जायसवाल

अधिकारियों को अभियान में गति लाकर सफल बनाने की जिम्मेवारी, लॉगिन में उपलब्ध अधूरी जमाबंदियों का करें शुद्धीकरण

दैनिक नवसंदेश

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चलाया जा रहा जमाबंदी शुद्धीकरण एवं उत्तराधिकार नामांतरण विशेष अभियान सिर्फ विभागीय जरूरत नहीं, बल्कि आमलोगों की भी जरूरत है। अभियान में गति लाकर इसे सफल बनाने की जिम्मेवारी सभी अंचल अधिकारियों की है। ये बातें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने गुरुवार को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर में अररिया, बांका, मधेपुरा एवं मुजफ्फरपुर के अंचल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहीं।

बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह , अपर सचिव अमित कुमार पांडेय, अपर सचिव डा. महेंद्र पाल, आजीव वत्सराज, संयुक्त सचिव डा. सुनील कुमार, उप निदेशक श्रीमती मोना झा, विशेष कार्य पदाधिकारी नवाजिश अख्तर, अनुपम प्रकाश, उप सचिव अविनाश कुमार, सहायक निदेशक-सह-जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री जूही कुमारी, आईटी मैनेजर आनंद शंकर, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव किशोर, दीनदयाल राम सहित चारों जिलों के अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री ने कहा कि जमाबंदी में दर्ज भूमि संबंधी विवरण सही और अद्यतन रहने से रैयतों को अपने भूमि संबंधी कार्यों में सुविधा होगी। इसी उद्देश्य से विभाग ने 15 सितंबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान शुरू किया है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की गति बढ़ाने और निर्धारित अवधि में अधिक से अधिक जमाबंदियों के शुद्धीकरण एवं उत्तराधिकार नामांतरण की कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया।

अभियान के तहत विभाग द्वारा सभी अंचल अधिकारियों के लॉगिन में अधूरी एवं त्रुटिपूर्ण जमाबंदियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। ये जमाबंदियां रकबा, खाता और खेसरा के आधार पर चिति की गई हैं। अधिकारियों को उपलब्ध मूल अभिलेखों से मिलान कर इनका शुद्धीकरण कराने का निर्देश दिया गया है।

समीक्षा के दौरान मंत्री ने स्पष्ट किया कि जमाबंदी सुधार के लिए रैयत के आवेदन का इंतजार नहीं किया जाए। लॉगिन में उपलब्ध सूची के आधार पर अंचल स्तर से ही कार्रवाई शुरू की जाए। राजस्व कर्मचारियों को हलका वार जिम्मेवारी देकर माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य कराने से कार्य में बहुत आसानी होगी। जरूरत पड़ने पर मूल अभिलेखों से सत्यापन के साथ स्थल पर जाकर भी जानकारी प्राप्त करने तथा मापी की आवश्यकता होने पर निःशुल्क मापी कराने का भी उन्होंने निर्देश दिया।



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल को पौधा दे कर स्वागत करते विभाग के सचिव जय सिंह।

मृत रैयतों के मामलों में भी विभाग कर रहा पहल : मृत जमाबंदीदारों के मामलों में उत्तराधिकार नामांतरण के लिए भी अंचल स्तर से पहल करने को कहा गया है। पंचायत सचिव, सरपंच और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की सहायता से वंशावली प्राप्त कर वैध उत्तराधिकारियों के नाम जमाबंदी अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। यदि उत्तराधिकारियों के बीच आपसी बंटवारा नहीं हुआ है तो सभी वैध उत्तराधिकारियों के नाम से जमाबंदी अद्यतन की जाएगी। इसके लिए भी अनावश्यक रूप से आवेदन की प्रतीक्षा नहीं करने को कहा गया।

सचिव ने कहा, प्रतिदिन करें अभियान की मॉनिटरिंग : इस मौके पर विभाग के सचिव जय सिंह ने भी अभियान की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अंचल अधिकारियों को लगिन में उपलब्ध जमाबंदियों के सत्यापन और सुधार की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी स्वयं प्रतिदिन मनिटरिंग करें। कितनी जमाबंदियों का सत्यापन हुआ, कितनी में सुधार किया गया और कितनी लंबित हैं, इसकी स्पष्ट जानकारी अंचल स्तर पर उपलब्ध होनी चाहिए। अभियान को केवल अधीनस्थ कर्मचारियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाए।

अभियान बसेरा समेत अन्य राजस्व कार्यों की समीक्षा : समीक्षा के दौरान अभियान बसेरा, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, जमाबंदी वेरिफिकेशन, लॉक-अनलॉक, सरकारी भूमि की पहचान तथा मांग के अनुसार अनस्कैन्ड भू-अभिलेख उपलब्ध कराने सहित अन्य राजस्व कार्यों की भी समीक्षा की गई। अभियान बसेरा के तहत पात्र भूमिहीन लाभुकों के सभी आवेदन लेने और किसी भी पात्र व्यक्ति को आवेदन से वंचित नहीं करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शेष भू-अभिलेखों की स्कैनिंग में तेजी लाने को कहा गया। मंत्री एवं सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर कार्य शुरू करें और आवश्यक कागजात के इंतजार में मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें।

अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने जताया शोक

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग , बिहार सरकार डा. प्रमोद कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। नाना पाटेकर का 75 वर्ष की आयु में निधन हुआ।

मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा, भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार नाना पाटेकर के निधन से अत्यंत दुःख हुआ। उनके बेजोड़ अभिनय, दमदार आवाज और चार दशकों से अधिक लंबे योगदान को सदैव याद किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को शक्ति प्रदान करें। डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि नाना पाटेकर ने अपने विशिष्ट अभिनय, प्रभावशाली संवाद अदायगी और सशक्त व्यक्तित्व से हिंदी एवं मराठी सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाई। उनके निधन से भारतीय फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी कला और याार भूमिकाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेंगी। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार की ओर से दिवंगत अभिनेता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार, मित्रों एवं उनके करोड़ों प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।



खेलों के जरिये युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण समय की जरूरत : मिथिलेश तिवारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि खेलों के जरिये युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण किया जा सकता है। आज समय की आवश्यकता है कि छात्र और युवा अधिक से अधिक खेलों से जुड़ें। क्रीड़ा भारती के साथ मिलकर खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को इससे जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जाएगा।

श्री तिवारी गुरुवार को विधान परिषद सभागार में क्रीड़ा भारती, पटना महानगर द्वारा आयोजित 'क्रीड़ा भारती खेल संवाद' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, विधान पार्षद जीवन कुमार, पूर्व विधायक राजेश्वर राय, क्रीड़ा भारती के संगठन मंत्री उमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी, खिलाड़ी और युवा उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। खेल युवाओं को चुनौतियों का सामना करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय खेलों को जीवंत करने और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। खेलों से जुड़कर युवा शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे। उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी। इससे बिहार की युवा शक्ति को नई दिशा मिलेगी और राज्य प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।



क्रीड़ा भारती खेल संवाद में जुटे मंत्री, पदाधिकारी, खिलाड़ी और युवा।

उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। खिलाड़ियों को खेल सामग्री, चिकित्सा सुविधा, छात्रवृत्ति, मार्गदर्शन और करियर से जुड़ी जानकारी मिलनी चाहिए। इसके साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सामाजिक सहभागिता और स्पन्सरशिप को भी बढ़ावा देना होगा। 'क्रीड़ा भारती खेल संवाद' का उद्देश्य खेलों से जुड़े लोगों और समाज के विभिन्न सक्षम वर्गो के बीच संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण, खेल सामग्री, चिकित्सा सुविधा, छात्रवृत्ति, मेंटरशिप, करियर गाइडेंस और स्पन्सरशिप की संभावनाओं पर चर्चा हुई। खेल आधारभूत संरचना के विकास में सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

खबरें — खास-खास

मगध महिला कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिय नशा मुक्त युवा का दिया संदेश

राष्ट्रीय सेवा योजना के नशा मुक्त युवा अभियान में लड़कियों की रही भागीदारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत मगध महिला कॉलेज की छात्राओं ने गुरुवार को कॉलेज के मुख्य द्वार पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) मगध महिला कॉलेज इकाई से जुड़ी छात्राओं ने नाटक के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। नाटक में नशे से होने वाली व्यक्तिगत एवं सामाजिक क्षति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डा. ज्योति दूबे एवं डा. आशा कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना था। कार्यक्रम में एनएसएस से जुड़ी छह दर्जन से अधिक छात्राओं ने की सक्रिय सहभागिता रही।



मगध महिला कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिय नशा मुक्त युवा का दिया संदेश।

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पद्मभूषण स्व. रामविलास पासवान की 6 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पद्मभूषण स्व. रामविलास पासवान जी का 6वीं पुण्यतिथि मनाई गई। साथ ही नई दिल्ली आवासीय कार्यालय पर राष्ट्रीय लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने स्व. रामविलास पासवान जी के तैल्य चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए स्व. रामविलास पासवान जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामविलास पासवान देश के शोषितों, दलितों, वंचितों एवं गरीबों की प्रखर एवं मुखर आवाज थे । उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को समाज को मुख्य धारा से जुड़ने तथा उनके उत्थान के लिए समर्पित कर दिया पूरा राष्ट्र उनकों दूसरा अम्बेडकर के नाम से जानते है। पारस ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत दिनों से हमारी मांग जो लंबित थी कि पद्मभूषण रामविलास पासवान की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाई जाए, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कर दी है। आगे श्री पारस ने कहा कि मुख्यमंत्री से पद्मभूषण रामविलास पासवान जी की आदमकद प्रतिमा पटना में लगाने का आग्रह किया। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रिंस राज स्व. रामविलास पासवान को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. रामविलास पासवान बिहार के ही नहीं देश भर के दलितों के मुखर आवाज थे और उनके ही प्रयास से देश भर के दलितों को उचित सम्मान मिल रहा है। रालोजपा के युवा नेता यश राज पासवान ने कहा कि रामविलास पासवान बिहार के ही नहीं देश के बड़े राजनीतिक हस्ती रहे हैं और उन्होंने सर्वप्रथम दलितों के साथ गरीब सवर्ण समुदाय को को भी 10 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का काम किया है। मुख्य प्रवक्ता सुनील सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विरेश्वर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद सिंह, दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा, युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, वैशाली जिलाध्यक्ष पारसनाथ गुप्ता, दलित सेना के प्रधान महासचिव रंजीत पासवान, प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी राधाकान्त पासवान, देवेन्द्र कुशवाहा, अमर पासवान, शिवनाथ सिंह, चंदन गाँधी, बब्लू, मनोज, सूरज पासवान सहित बड़ी संख्या में रालोजपा एवं दलित सेना के नेताओं ने स्व. रामविलास पासवान को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शो पर चलने की कसम खाई।



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पद्मभूषण स्व. रामविलास पासवान जी का 6वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि मनाई गई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में लोक नायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में तनवीर हसन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनायी गयी। इस अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जीवन पर्यन्त लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं भ्रष्टाचार से लड़ते रहे। वे युवाओं के प्रेरणा-श्रोत रहे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी सम्पूर्ण क्रांति के नारा के साथ सत्ता परिवर्तन भी कराया। सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियाँ शामिल है : राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है। जयप्रकाश बाबू का सम्पूर्ण क्रांति का नारा आज भी प्रासंगिक है।

इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, राष्ट्रीय महासचिव बीनु यादव, वरिष्ठ नेता डा. तनवीर हसन, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, पूर्व मंत्री लक्ष्मणेश्वर राय,प्रदेश के नेता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, मधु मंजरी, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, फैयाज आलम कमाल, मदन शर्मा, नंदू यादव, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, भाई अरुण ,डा कुमार राहुल सिंह, प्रमोद कुमार राम, निर्भय कुमार अंबेडकर, संजय यादव, अनिल कुमार साधु, उपेन्द्र चंद्रवंशी, प्रमोद कुमार वर्मा, तनवीर अंसारी, महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी, अनीता भारती, विनोद यादव, मोहिबुल हसन हीरा, भाई आरिफ, गणेश कुमार यादव, बिन्दन यादव, जानसन पेन, अजय यादव, सलाउद्दीन मंसूरी, चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य गणमान्य नेतागण शामिल थे।



लोकनायक जयप्रकाश नारायण के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जोश टीमों का शुभारंभ

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भारत में टीबी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सामुदायिक भागीदारी को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा रक्षा मंत्रालय के सहयोग से गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में खुशी अवतार ऐप और जोश टीमों का शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार से स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि शामिल हुए। टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत अब तक बिहार में 3. 50 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमें 3.97 लाख टीबी मरीजों की पहचान कर उनका उपचार किया जा रहा है। बिहार के सभी 38 जिलों में जिला टीबी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। मरीजों की निःशुल्क जांच एवं उपचार के लिए 499 एक्स-रे केंद्र तथा राज्य एवं जिला स्तर पर टीबी दवा भंडार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 'टीबी स्क्रीनिंग, छाती के एक्स-रे, जांच, टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट एवं पोषण सहायता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। निक्षय पोषण योजना के तहत पात्र टीबी मरीजों को प्रतिमाह 1,000 की सहायता दी जा रही है। वहीं, निक्षय मित्रों के सहयोग से अब तक लगभग 66 हजार फूड बास्केट का वितरण किया जा चुका है।



स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि।

शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अपने वेतन से दिए एक लाख रुपए

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गुरुवार को लोक सेवक आवास में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए अपने वेतन से एक लाख रुपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा। दोनों नेताओं के बीच समसामयिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

श्री तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष जरूरतमंद लोगों के लिए सहायता का महत्वपूर्ण माध्यम है। आपदा, दुर्घटना या अन्य कठिन परिस्थितियों में प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने में इस कोष की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा होना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।



मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट के दौरान शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने सौंपा चेक।

बीबोस की ओपन स्कूलिंग में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी उत्साहवर्द्धक : शिक्षा मंत्री

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस) की मैट्रिक परीक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को उत्साहवर्द्धक बताया है। उन्होंने कहा कि बीबोस की ओपन स्कूलिंग के प्रति शिक्षार्थियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। इसका असर परीक्षा में भी देखने को मिल रहा है। इस बार मैट्रिक परीक्षा में शामिल 13923 शिक्षार्थियों में 6177 ने सफलता प्राप्त की। इनमें 3872 महिलाएं और 2303 पुरुष हैं। इस बार लगभग 48 प्रतिशत शिक्षार्थी सफल हुए हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले सत्रों की तुलना में बीबोस में नामांकन और परीक्षा में भागीदारी बढ़ी है। यह बताता है कि ओपन स्कूलिंग की लचीली और वैकल्पिक व्यवस्था लोगों को पसंद आ रही है। खासकर वे विद्यार्थी, महिलाएं और बालिकाएं इससे लाभान्वित हो रही हैं, जो किसी कारण से नियमित विद्यालयी शिक्षा पूरी नहीं कर सकीं।

उन्होंने कहा कि बीबोस ऐसे शिक्षार्थियों को अपनी पढ़ाई दोबारा शुरू करने का दूसरा अवसर दे रहा है। बढ़ती भागीदारी से यह भी स्पष्ट है कि लोगों का बीबोस और ओपन स्कूलिंग पर विश्वास बढ़ रहा है। यह शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

मोकामा : गैरेज से चोरी के मामले में चार गिरफ्तार, चोरी का कई सामान बरामद

मोकामा (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौशाला रोड स्थित गैरेज से बैटरी चोरी का मामला सामने आ रहा था। इस मामले में मोकामा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 24 घंटे के अंदर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोकामा थाना क्षेत्र के निवासी अमरजीत कुमार, हाथीदह थाना क्षेत्र के निवासी बिट्टू कुमार, रवि कुमार और मनीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई ई-रिक्शा की बैटरी, चार्जर और मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। मोकामा थाना पुलिस ने बताया कि चोरी की घटना में प्रयोग की गई दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन भी जप्त किया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सोनपुर डायट में स्कूली बच्चों के बीच रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सोनपुर (दैनिक नवसंदेश)। विद्यार्थियों में छुपी कला को उभारने एवं मंच देने के उद्देश्य से गुरुवार को डायट, सोनपुर में सरकारी विद्यालयों के बच्चों के बीच जिलास्तरीय रोल प्ले एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सारण जिला के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों से आए आठवीं एवं नौवी वर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डायट की प्रभारी प्राचार्या डा. फरहत जहान, निर्णायक के रूप में मौजूद एसीईआरटी, पटना के व्याख्याता डा. ज़ैनेन्द्र दोस्त, डा. विकास वर्धन भारती सहित कई व्याख्याताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लोकनृत्य प्रतियोगिता में कुल नौ एवं रोल प्ले प्रतियोगिता में कुल चार विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शेरपुर ,छपरा ,द्वितीय स्थान पर राजकीयकृत श्री रघुवीर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महदलीचक, सोनपुर एवं तृतीय स्थान पर कन्या मध्य विद्यालय, पहाड़ीचक रहा। इसी तरह रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एसपीएस सेमिनरी,सोनपुर,द्वितीय स्थान पर पहाड़ीचक बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोनपुर एवं तृतीय स्थान पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,हासिलपुर रहा। प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों को डायट,सोनपुर की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।वही विजेता एवं उप विजेता विद्यालयों के प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्त किया गया। पूरे प्रतियोगिता का संचालन डायट की व्याख्याता डा. विजया श्री एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्या डा फरहत जहान ने किया।



प्रतियोगिता का उद्घाटन व्याख्याताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

संक्षिप्त खबरें

डॉ. रोहिणी झा ने जीता 'क्वीन ऑफ इंस्पिरेशन 2026' का खिताब

आरा (दैनिक नवसंदेश)। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. रोहिणी झा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया है। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित 'क्वीन ऑफ इंस्पिरेशन 2026' प्रतियोगिता में उन्होंने खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में करीब 32 देशों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मिसेज इंटरनेशनल ग्लोबल की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में डॉ. रोहिणी झा ने 'मिसेज एशिया' के रूप में एशिया का प्रतिनिधित्व किया। विभिन्न देशों से पहुंचीं प्रतिभागियों के बीच हुए मुकाबले में उनके व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और प्रतिभा को सराहा गया। इसके बाद उन्हें 'क्वीन ऑफ इंस्पिरेशन 2026' के खिताब से सम्मानित किया गया।



पीस पोस्टर प्रतियोगिता में माही सिंह ने मारी बाजी

ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में आयोजन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। लायंस क्लब ऑफ आरा अपूर्व की ओर से बुधवार को बामपाली स्थित ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में पीस पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय के 65 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक घंटे तक चली प्रतियोगिता में बच्चों ने शांति और सद्भावना पर आधारित आकर्षक पोस्टर बनाए। प्राचार्या डॉ. सीपी जैन, लायंस क्लब की अध्यक्ष डॉ. लतिका प्रकाश, लायन उपेंद्र कुमार, लायन मृत्युंजय कुमार सिन्हा, अनीता सिन्हा, अरुण कुमार सिन्हा और लायन रश्मि गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रतियोगिता में कक्षा सात की छात्रा माही सिंह को प्रथम विजेता घोषित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अरुण कुमार सिन्हा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। लायंस क्लब की अध्यक्ष डॉ. लतिका प्रकाश ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के सहयोग से प्रतियोगिता सफल रही। लायन मृत्युंजय कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ शिक्षिका गुड़िया कुमारी ने भी सक्रिय सहयोग किया।



घर में छुपाकर रखा गांजा बरामद, आरोपी फरार

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो थाना की पुलिस ने नगर के भागलपुर मोड स्थित एक घर में छापेमारी कर वहां बिक्री के लिए रखा गया गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की कुल वजन 147 ग्राम बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र ने बताया कि छापेमारी की गई तो वहां से कुल 147 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के आने की भनक लगते ही राजू साह भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष के अनुसार छापेमारी टीम में उनके अलावे अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार, अवर पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि शामिल थे। इस मामले में राजू साह के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

46 लीटर अंग्रेजी शराब व बाइक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग के क्रम में एक बाइक पर तीन कार्टून में भरकर ले जाए जा रहे शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तस्करों के पास से अलग-अलग ब्रांड के विभिन्न साइज के पैक में कुल 46.56 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। शराब के साथ गिरफ्तार किए गए तस्करों में एक धनगाई थाना क्षेत्र के बजवावर निवासी धीरज कुमार व दूसरा पीरो नगर के वार्ड नंबर 8 निवासी सिद्धेश्वर उपाध्याय का पुत्र लक्ष्मण उपाध्याय शामिल है। पुलिस के अनुसार दोनों शराब तस्कर एक बाइक पर शराब लेकर कहीं से आ रहे थे। उनके पास से टेट्रा पैक, 500 मिलीलीटर व 300 मिलीलीटर के अलग-अलग पैक में 46.56 लीटर शराब बरामद हुआ। दोनों को बाइक सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दोनों तस्करों के विरुद्ध पीरो थाना में बिहार मद्यनिषेध व उत्पाद अधिनियम 2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।



द्वितीय अपील के 11 मामलों की सुनवाई

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा द्वारा आज बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील के कुल 11 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक मामले की विस्तृत समीक्षा करते हुए अपीलार्थियों द्वारा उठाए गए बिंदुओं तथा संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। मामलों के निस्तारण में उत्पन्न परिस्थितियों एवं उपलब्ध अभिलेखों की भी समीक्षा की गई। सुनवाई के क्रम में कुल 05 मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया गया।

अतिशीघ्र दुरुस्त या मरम्मत कराने का निर्देश

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वहां परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खराब पाए गए वाहनों को अतिशीघ्र दुरुस्त या मरम्मत कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विभागीय वाहनों की कार्यक्षमता को बनाए रखना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में उनकी शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस दौरान सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक उपस्थित रहें।



अज्ञात अधेड़ महिला की पीट-पीटकर हत्या, दुष्कर्म की आशंका

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा बांध के समीप एक अज्ञात अधेड़ महिला का ईट से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसका शव गुरुवार की सुबह मझौंवा बांध के समीप फेंका हुआ मिला। मृतका के चेहरे व कान पर खून लगा एवं जख्म के पास ईट लगा हुआ पाया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से करीब डेढ़ सौ रुपए खुदरा पैसा एवं खून लगा ईट बरामद किया है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उक्त महिला मझौवां बांध तथा संभावना स्कूल के आसपास घूम-घूमकर भीख मांगती थी। उसकी हत्या किस कारण की गई है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

पूजा पंडालों एवं जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी एवं ड्रोन से निगरानी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पूजा के दौरान भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, पूजा पंडालों एवं जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखने के साथ-साथ पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुगम यातायात व्यवस्था हेतु विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। यातायात के सुचारू संचालन, भीड़ नियंत्रण एवं जुलूस के निर्धारित मार्गों पर प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अज्ञात युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुफस्सिल थाना के गांगी-गुंडी मार्ग पर शुभकरणगंज गांव के समीप सड़क किनारे से गुरुवार की सुबह एक अज्ञात 22 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

रामलीला के भव्य आयोजन को लेकर समिति ने की प्रेस वार्ता

आरा (दैनिक नवसंदेश)। रामलीला के भव्य आयोजन को लेकर गुरुवार को रमना मैदान स्थित रामलीला मंच पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

सराहनीय कार्य कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को किया गया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रशस्तिपत्र देकर किया गया सम्मानित ● सम्मानित होने में एसडीपीओ से लेकर चैकीदार तक शामिल







आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने अपराध पर अंकुश लगाने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को सम्मानित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा उनके सराहनीय कार्यों को लेकर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सीडीपीओ से लेकर चैकीदार तक शामिल हैं। इनमें सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह, मुफस्सिल थानाध्यक्ष पुनि राम कल्याण यादव, आरा नगर थानाध्यक्ष पुनि देवराज राय, आयर थानाध्यक्ष पुअनि वंदना कुमारी, महिला थानाध्यक्ष पुअनि नीतू कुमारी, एएचटीयू शाखा के पुअनि गुड़िया कुमारी, यातायात थाना के पुअनि कमल किशोर यादव, पुअनि धीरेंद्र कुमार, पुअनि अखिलेश कुमार, गृहरक्षक ज्वाला सिंह, सिपाही अजय कुमार बसफोर हैं। इसके अलावे चांदी थाना अध्यक्ष पुनि सुनीत कुमार सिंह, सहार थानाध्यक्ष पुनि सुबोध कुमार, शाहपुर थानाध्यक्ष पुनि संतोष कुमार, शाहपुर थाना के पुअनि अजीत कुमार झा, पुअनि राकेश कुमार, पुअनि अजीत कुमार, बहोरनपुर थाना के पुअनि ममता कुमारी, शाहपुर थाना के सअनि राजाराम कृष्ण, गीधा थाना की सिपाही निशा कुमारी, शाहपुर थाना के सिपाही अजय कुमार चैधरी, गौतम कुमार, यशवीर सिंह, राजीव कुमार, रोहन कुमार, नवादा थाना के पुअनि सचिन कुमार, बिहिया थाना के पुअनि शंकर कुमार, उदवंतनगर थाना के सिपाही रमन कुमार, सैप जवान आलोक रंजन कुमार, नवादा थाना के क्रॉस मोबाइल जवान पप्पू कुमार, प्रभारी त्वरित विचरण शाखा के पुअनि मुन्ना कुमार, प्रभारी बी.आर.शाखा के लिपिक अमर प्रताप सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही जन शिकायत कोषांग के चंद्रप्रभा कुमारी, रअनि प्रथम शाखा पुलिस केंद्र के जवान अनिल पासवान, परिचारी प्रवर शाखा के सिपाही सत्यम प्रकाश, महिला सिपाही कंचन सिंह, दिवा शाखा पुलिस केंद्र के भजन कुमार, पीरो थाना के सिपाही नीतीश पासवान,शाहपुर थाना के चैकीदार उपेंद्र यादव, गीधा थाना के चैकीदार जितेंद्र कुमार तथा पीरो थाना के चैकीदार दीपक कुमार हैं।

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ महागठबंधन का आक्रोश मार्च



आरा (दैनिक नवसंदेश)। ह्ज्ञानेश हटाओ, लोकतंत्र बचाओ मार्चह्व का आयोजन किया गया। आरा रेलवे स्टेशन परिसर से निकला यह मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्टेशन पहुंचा। मार्च का नेतृत्व राजद भोजपुर जिलाध्यक्ष सह इंडिया गठबंधन भोजपुर जिला समन्वय समिति के अध्यक्ष वीरबल यादव एवं संचालन माले नेता दिलराज प्रीतम ने किया। मार्च में इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, युवा, छात्र, महिला, सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने ह्ज्ञानेश हटाओ, लोकतंत्र बचाओह्व, ह्वोट हमारा अधिकार हमाराह्व सहित लोकतंत्र एवं मताधिकार की रक्षा से जुड़े नारे लगाए। वीरबल यादव ने कहा कि यह मार्च लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीधर तिवारी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र जनता के मत से चलता है और चुनाव आयोग की जिम्मेदारी प्रत्येक मतदाता के विश्वास की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता, मतदाता सूची और चुनावी व्यवस्था को लेकर जनता या विपक्ष सवाल उठाता है तो उस पर गंभीर होना होगा। लेकिन इस देश का चुनाव आयोग थोड़ा भी जवाबदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सरकार को लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता और संवैधानिक मयार्दाओं का सम्मान करना चाहिए। माले नेता कयामुद्दीन अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत आम जनता का वोट है। रामबाबू पासवान ने कहा कि आज आरा की धरती से इंडिया गठबंधन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनता अपने मताधिकार और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट है। कार्यक्रम में प्रवक्ता आलोक रंजन, हाकिम प्रसाद, एकराम आलम, माले नेता राजू यादव, अमित बंटी, शीलेन्द्र कुमार, सोनाली सिंह, आशा देवी, इंदु देवी, आरती देवी, सीपी चक्रवर्ती, रघुपति यादव, आरती देवी, मुकेश यादव, हीरा ओझा, कपिलदेव अकेला, कांग्रेस नेता अशोक राम, मंटू शर्मा, कांतु यादव, अशोक यादव, वीरेंद्र मिश्रा, सेराज अंसारी, भीम यादव, धनंजय यादव, हरिफन यादव, रवींद्र रजक, विनोद चन्द्रवंशी, रजी अहमद, बबन पांडे, अमित ठाकुर, मनन, वीआईपी नेता मंटू साहनी, बजरंगी सहनी, लालबाबू साहनी, जितेंद्र साहनी, समेत हजारों इंडिया गठबंधन के नेता थे।

हथियार व मैगजीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस एवं डीआईयू की संयुक्त टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सहंगी गांव में छापेमारी की। इस दौरान एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके घर से एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल एवं दो मैगजीन बरामद हुआ। वह गड़हनी थाना क्षेत्र के सहंगी गांव निवासी रामईश्वर महतो का पुत्र गुड्डू महतो है। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार ने प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने बताया कि गड़हनी थाना पुलिस को बुधवार की शाम सूचना प्राप्त हुई के सहंगी गांव निवासी गुड्डू महतो अपने घर में अवैध हथियार रखे हुआ है। सूचना के सत्यापन उपरांत गड़हनी थाना पुलिस एवं डीआईयू की संयुक्त टीम ने गुड्डू महतो के घर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल एवं दो मैगजीन बरामद हुआ। पुलिस ने गुड्डू महतो के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतार कार्रवाई कर रही है।

अंचल कार्यालय में बिना चढ़वा नहीं संभव कोई कार्य

खुलेआम चल रहा रिश्वतखोरी का खेल

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण भूमि से संबंधित कार्य काफी कठिनाइयों की सामना करना पड़ है। कर्मचारियों को बिना चढ़ावे की दाखिल खारिज या जमाबंदी कोई भी प्रक्रिया संभव नहीं है। संबंधित कर्मचारियों द्वारा अधिकारियों के हवाला देकर खुलेआम रिश्वत की मांग की जाती है। ऑनलाइन करने के बाद मांगी गई रकम नहीं देने पर उनकी दाखिल खारिज जमाबंदी आपत्ती दिखाकर स्थापित कर दिया जाता है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि पैसे के बल पर जमीन किसी के नाम दखल कब्जा में और जमाबंदी हो या दाखिल खारिज किसी और के नाम पर भी किया जाता है। दाखिल खारिज के ऑनलाइन आवेदन के बाद संबंधित कर्मचारियों द्वारा मांगी गई रकम मांग पूरी नहीं हुई तो कई बार उनके दाखिल खारिज या परिमार्जन में अशुद्धियां और आपत्ति लगाकर वापस कर दिया जाता है। दलालों से लेकर साइबर कैफ के दुकानदार भी खूब मालामाल हो रहे हैं। अंचल कार्यालय के समीप खड़े लसाढी निवासी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से ऑनलाइन आवेदन किए जाने के बावजूद भी परिमार्जन की प्रक्रिया अभी तक नहीं पूरी हो सका है। जिसमें सीधे तौर पर अवैध राशि की मांग की जाती है। वहीं नारायणपुर की एक महिला ने बताया कि मेरे जमीन पर दखल कब्जा होने के बावजूद भी संबंधित कर्मियों द्वारा मिली भगत से किसी दूसरे के नाम दाखिल खारिज कर जमाबंदी किया गया है। संबंधित कर्मियों का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि कार्यालय में रिश्वतखोरी का आलम यह है कि दाखिल रिजेक्ट करने के मामले को लेकर हमेशा ही कर्मचारियों को आम जनों के बीच हमेशा तू-तू मैं-मैं मामला देखने को मिलता है। इस संबंध में अंचलाधिकारी द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका है।



पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या, गिरफ्तार

गडहनी (दैनिक नवसंदेश)। गड़हनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में बुधवार की देर रात घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के आंख पर एवं गर्दन पर चोट का निशान पाया गया। मृतका गड़हनी थाना के सुल्तानपुर निवासी मुकेश कुमार सिंह की 26 वर्षीया पत्नी रीना देवी है। चरपोखरी थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी मृतका के भाई मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि रीना की शादी वर्ष 2017 में सुल्तानपुर गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह से हुई थी। वह बराबर शराब पीकर अपनी पत्नी और पड़ोस के लोगों से भी मारपीट करता रहता था। इससे को लेकर वह पहले भी जेल जा चुका है। बुधवार की रात उन दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद उसने दुपट्टे से गला बांधकर उसकी हत्या कर दी। उसकी ननद द्वारा फोन कर मृतका बहन को जानकारी दी गई की उसकी तबीयत बहुत खराब है। पूछने पर उसने बताया कि उसके पति ने उसे मार डाला और भाग गया है। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई कर आरोपित पति मुकेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुला वैज्ञानिक साक्ष्य को इकट्ठा किया गया। उन्होंने बताया कि मृतका के चचेरे भाई के बयान पर उसके पति मुकेश कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है।

जेपी की 47वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 47वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश स्मारक परिसर में माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ जेपी सेनानी रमाकांत ठाकुर संचालन अशोक मानव एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. विश्वनाथ चैधरी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत रमाकांत ठाकुर द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। माल्यार्पण के बाद ह्लोकनायक की अंतिम यात्राह्व विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता प्रो. नीरज सिंह ने जयप्रकाश नारायण के अंतिम समय और उनकी अंतिम यात्रा के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनका पार्थिव शरीर कृष्ण मेमोरियल हॉल के पास रखा गया था और गांधी मैदान में बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए एकत्र हुए थे। अध्यक्षीय संबोधन में रमाकांत ठाकुर ने कहा कि वर्ष 1974 के छात्र आंदोलन में उन्होंने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभाई थी। आंदोलन के बाद हुए चुनाव में वे ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर विधायक बने। संचालन करते हुए अशोक मानव ने बताया कि आगामी 11 अक्टूबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर सुबह 7 बजे माल्यार्पण और शाम 6 बजे दीप प्रज्वलित की जाएगी। इस अवसर पर शहर के जेपी सेनानी, समाजिक कार्यकर्ता, रंगकर्मी, पत्रकार उपस्थित हुये। मौके पर सुशील तिवारी, गुलाब चंद प्रसाद, गंगा सिंह, अश्वनी सिन्हा, सलिल भारती, परशुराम चोधरी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पत्रकार आशुतोष पांडे, अनन्त कुमार, अखिलेश अमूल आदि थे।



गंभीर कांडों के अनुसंधान में शिथिलता नही बरतें अनुसंधानकर्ता : अवधेश दीक्षित

बोले एसपी-सितम्बर में 1400 से अधिक अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी ● पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने की। मैराथन चली गोष्ठी के दौरान जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था, लंबित कांडों के निष्पादन, मद्यनिषेध, एनडीपीएस एक्ट, वारंट एवं कुर्की-जब्ती के निष्पादन सहित आगामी दुर्गा पूजा पर्व के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीर एवं महत्वपूर्ण कांडों, विशेषकर हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट एवं अन्य गंभीर आपराधिक मामलों की समीक्षा करते हुए इनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान तथा शीघ्र निष्पादन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए। वही माह सितम्बर 2026 में भोजपुर पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 1,400 से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार, सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह, पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार, जगदीशपुर एसडीपीओ राहुल कुमार, साइबर डीएसपी रौशन कुमार, मुख्यालय डीएसपी मनोज कुमार, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु, लाइन डीएसपी विजय कुमार, टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय, मुफस्सिल थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव, नवादा थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत एवं महिला थानाध्यक्ष नीतू कुमारी सहित अन्य थानाध्यक्ष मौजूद थें। एसपी ने कहा कि मद्यनिषेध एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत विशेष अभियान चलाते हुए अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की गई। इस दौरान 5,700 लीटर से अधिक शराब सहित मादक पदार्थों की जब्ती की गई। पुलिस अधीक्षक ने लंबित वारंटों एवं कुर्की-जब्ती के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने, फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने तथा अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने का निर्देश दिया, उन्होंने सभी थानाध्यक्षों एवं अनुसंधानकताओं को निर्देशित किया गया कि गंभीर कांडों के अनुसंधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर संकलन करते हुए मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

रामायण की चैपाइयों से गूंजा गोपालपुर सहित पूरा इलाका

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। गोपालपुर गांव में वैदिक मंत्रोच्चार और देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। अखंड रामायण पाठ शुरू होते ही पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और रामायण पाठ में शामिल होकर भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन रहे। रामायण पाठ के दौरान विभिन्न गांवों से पहुंची मंडलियों ने पारंपरिक अंदाज में अपनी प्रस्तुति दी। लोकगीतों पर आधारित धुनों और मधुर स्वर में रामायण की चैपाइयों के गायन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन में लक्ष्मीपुर के राणा पांडे, बरिसवन के मनमानी तिवारी,स्थानीय पवन पांडे और शुक्लपुरा के योगा शुक्ला समेत आसपास के गांवों से पहुंची रामायण मंडलियों ने पाठ में भाग लिया। अलग-अलग मंडलियों ने अपनी विशिष्ट गायन शैली से रामचरितमानस की चैपाइयों और प्रसंगों का पाठ किया। आयोजक शैलेश कुमार पांडे व गोनू पांडे की ओर से रामायण पाठ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया।

श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल में डॉ. राजेश झा के संयोजन में बनाई गई 1000 वर्गफीट की भव्य रंगोली

■ पीएम मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवा भावना का दिया गया संदेश



कार्यक्रम में डॉ. राजेश झा व अन्य।

बिरौल (एनएसबी)। सेवा संकल्प, समर्पण, पखवाड़ा2026 के तहत श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल, सुपौल बाजार, बिरौल में कार्यक्रम प्रभारी एवं संयोजक डॉ. राजेश झा के संयोजन में जीविका दीदियों द्वारा 1000 वर्गफीट में भव्य रंगोली तैयार की गई। रंगोली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया गया। भाजपा दरभंगा जिला पूर्वी के जिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम आवास योजना एवं जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से आम लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि रंगोली के माध्यम से इन्हीं योजनाओं और सेवा भावना को लोगों तक पहुंचाने का रचनात्मक प्रयास किया गया। उन्होंने रंगोली निर्माण में सहयोग करने वाली जीविका दीदियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।भाजपा जिलाध्यक्ष दरभंगा पूर्वी विनय पासवान ने कहा कि 1000 वर्गफीट में तैयार यह रंगोली जनकल्याणकारी योजनाओं को रचनात्मक तरीके से लोगों तक पहुंचाने की सराहनीय पहल है।डॉ. राजेश झा ने कहा कि श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल बिरौल की धरोहर है और यहां सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहने चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिवार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष गणेश चौधरी, प्रबंध निदेशक नवलेश चौधरी, निदेशक बृजेश चौधरी, संतोष झा, प्रदीप प्रधान, हिरानंद झा, रामबिलास भारती, सोहन यादव, मनोज मिश्र, भगवान ठाकुर, महाबीर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

20 लाख से लेकर 5 करोड़ तक की ऋण मिलन हुआ अब आसान : डॉ गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा और मिथिला क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए विशेष वित्तीय सहायता की पहल की जा रही है। इस पहल के माध्यम से इस क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, वित्तीय सशक्तिकरण को मजबूत करने और क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने में मजबूती आएगी।

इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्रालय से दिए गए पत्र का हवाला देते हुए स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बताया है कि बाढ़, सुखार जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित दरभंगा जिले तथा आस पास के क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से दिल्ली में भेंटकर विशेष वित्तीय पैकेज की पहल का आग्रह किया था जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है।सांसद डा ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय के द्वारा उन्हें पत्र भेजकर सूचित किया गया है कि दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर विभिन्न बैंकों के द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए सुगमता से ऋण उपलब्ध कराए जाने के लिए ठोस पहल शुरू कर दी गई है जिनमें प्राथमिकता के तहत एमएसई के लिए 20 लाख रुपए तक के ऋण से लेकर 5 करोड़ रुपए तक की ऋण का निर्देश दिया गया है जबकि 25 लाख रुपए तक के ऋण के लिए किसी भी आवेदन को 14 दिनों के अंदर समाधान करने के लिए निर्देशित किया गया है ताकि स्थानीय स्तर पर व्यापार और स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके। वित्त मंत्रालय के द्वारा दरभंगा जिले में रोजगार को प्रोत्साहन देने के लिए बैंकों को स्टार्ट-अप और उद्यमिता वित्त केंद्र की स्थापना के लिए निर्देशित करते हुए निर्देश दिया गया है कि सभी बैंकों के द्वारा एक वर्ष में कम से कम तीन बार जिले के मुख्यालय सहित सभी शहरों में बड़ी बैठकें आयोजित करें जिनमें जिला स्तरीय एमएसएमई संवाद के माध्यम से बैठकों के माध्यम से उद्यमों के बीच बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जागरूकता किया जा सके तथा बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जा सके। सांसद डा ठाकुर ने भारत सरकार द्वारा स्वरोजगार के लिए दी जा रही सहायता की सराहना करते हुए कहा कि 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पहली बार उद्यमी बनने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी जिससे अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रुपये तक का सावधि ऋण प्राप्त हो सके तथा उद्यमियों को सफल स्टैंड-अप इंडिया योजना उद्यमिता और प्रबंधकीय कौशल की जानकारी प्राप्त हो सके।



डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद।

संक्षिप्त खबरें

संस्कृत विश्वविद्यालय में योग विभाग के लिए मंत्री की पहल का स्वागत



मंत्री मदन सहनी से भेंट करते डॉ. निर्भय शंकर भारद्वाज।

दरभंगा (एनएसबी)। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ निर्भय शंकर भारद्वाज ने बिहार सरकार के मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री मदन सहनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की योग शिक्षा की महत्ता को समझते हुए मंत्री का यह प्रयास काफी सराहनीय है। ज्ञातव्य हो की योग के उच्च शिक्षा का बिहार में कोई संस्थान नहीं है और संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना ही प्राच्य विद्या के प्रचार प्रसार विकास एवं सम्बर्धन के लिए हुआ है। मंत्री ने इन सभी विषयों से महामहिम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है जिसे गंभीरता से लेते हुए महामहिम ने संस्कृत विश्वविद्यालय को पत्र लिखा है तथा उनका उत्तर माँगा है।

दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक



बैठक में भाग लेते पदाधिकारी एवं सदस्य।

तारडीह (एनएसबी)। सकतपुर थाना परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने की।बैठक में थानाध्यक्ष ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों से पूजा के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद से बचें तथा असामाजिक एवं शरारती तत्वों की गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। पूजा समितियों को भी निर्धारित नियमों का पालन करने तथा आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने का निर्देश दिया गया।बैठक में पूर्व प्रमुख बलराम सिंह, राजद नेता सत्यनारायण ठाकुर, अनुराग सिंह गौतम, संजीव कुमार, अर्जुन ठाकुर, आनंद कुमार झा सहित प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पूजा समितियों के सदस्य मौजूद थे।

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल

बेनीपुर (एनएसबी)। बहेड़ा झंझारपुर मुख्य मार्ग के बेलौन चौक के निकट बीती रात अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के रमौली निवासी यदूवीर पासवान के 20 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार पासवान के रूप में हुई है।स्थानीय लोगों ने घायल को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया।बताया जाता है कि युवक बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार में अपने गांव रमौली जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मारकर फरार हो गया।

निर्धारित मानक से अधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजाने की अनुमति नहीं : एसडीपीओ

■ दुर्गा पूजा के दौरान सादे लिबास में पुलिस व मजिस्ट्रेट की रहेगी तैनाती



शांति समिति की बैठक मे मौजूद अधिकारी व अन्य।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे एसडीपीओ सदर टू-कमतौल एसके सुमन ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह सादे लिबास में पुलिसकर्मियों एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी।

पूजा पंडालों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर कडी कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ ने कहा कि निर्धारित मानक से अधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजाने की अनुमति नहीं होगी। बीडीओ विक्रम भास्कर ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सभी पूजा समितियां प्रशासन की ओर से जारी निदेशों का पालन करे। अंचलाधिकारी अंकुर राय ने कहा पूजा समितियों से विसर्जन के लिए निर्धारित मार्ग एवं समय का पालन करने तथा किसी भी तरह की समस्या होने पर प्रशासन को तत्काल सूचना देने की अपील की। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार, अपर थानाध्यक्ष सह बाल कल्याण पदाधिकारी शशि शंकर कुमार, दरोगा रविंद्र भारती, मनोज शर्मा, पूजा रानी, मुखिया मनोज कुमार सिंह, दिनेश महतो, सरपंच सरफराज, अशोक पासवान, भोला पासवान, मुखिया प्रतिनिधि रामबाबू साह, सत्तो ठाकुर, सुमन जी, सुनील महतो, गोपाल सिन्हा, भास्कर कुमार सहित जनप्रतिनिधियों, पूजा समितियों के सदस्यों एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे।

शांति समिति की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा



बैठक में भाग लेते पदाधिकारी एवं सदस्य।

बेनीपुर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के नवादा गांव स्थित मां हैय्यत देवी जगदम्बा न्यास समिति और नवादा गांव के ग्रामीणों के साथ गुरुवार, 8 अक्टूबर को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा ने की। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, राहुल कर्ण, थानाध्यक्ष पंकज कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी, न्यास समिति के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी धार्मिक आयोजन एवं मेले को लेकर शांति, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष जोर

बैठक में ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती पर सहमति बनी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुमार्ना लगाने की बात कही गई। मेले में दुकान लगाने वाले अस्थायी दुकानदारों को सड़क से कम से कम पांच फीट जगह छोड़कर दुकान लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं और आम लोगों की आवाजाही सुचारु बनी रहे तथा भीड़ नियंत्रण में मदद मिल सके।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में विजय कुमार झा,गौड़ी कांत झा, चौधरी हिरेन्द्र राय, श्याम झा तिरपीत झा,इन्द्र मोहन झा, प्रवीण कुमार झा, अर्जुन झा,सियाराम मिश्र, अवनीश कुमार झा, त्रिवेणी मंडल, भारत कुमार झा,पुनिया नंद झा, लक्ष्मण ठाकुर, रजनी सुंदरम, न्यास समिति के सचिव रमापति झा पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार यादव,अजय कुमार झा आदि मौजूद थे।

बी एड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एसोसिएशन ने किया डॉ. श्याम नारायण कुमर का समर्थन



बैठक में प्रत्याशी डॉक्टर श्याम नारायण कुमर संगठन के पदाधिकारी व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। अशोका होटल दरभंगा के सभागार के मिथिला अंएडडेड बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में चारो जिलों के सदस्य उपस्थित थे। अध्यक्ष नबीज अख्तर ने बताया कि एसोसिएशन के माँगपत्र पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया है एवं सरकार की भी सकारात्मक दृष्टि गोचर हो रही है।

एसोसिएशन के बैठक में डॉ श्याम नारायण कुमर जो दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एम एल सी उम्मीदवार हैं, उनको पूर्ण सहयोग करने की अपील की गई। सभी सदस्यों ने उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ नजीब अख्तर एवं महासचिव सत्यनारायण अग्रवाल ने सभी सदस्यों को बढ़चढ़कर सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया। डॉ श्याम नारायण कुमर ने बताया कि जीत होने पर वे पुनः सभी सदस्यों के बीच आकर उनके प्रति आभार व्यक्त करेंगे एवं बीएड कॉलेज के अस्तित्व की रक्षा करने हेतु हमेशा उपलब्ध रहेंगें। बैठक में दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, एवं बेगूसराय के बीएड कॉलेज के संस्थापक मौजूद थे।

पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक सूची में शामिल करने की प्रक्रिया को दिया जाएगा प्राथमिकता

■ एब्सेंट एवं शिफ्टेड मतदाताओं की सूची में शामिल मतदाताओं का आवश्यक सत्यापन कराया जाएगा

दरभंगा (एनएसबी)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर के दौरान निर्वाचक सूची के सत्यापन, आवश्यक सुधार एवं पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तैयार की गई एब्सेंट एवं शिफ्टेड मतदाताओं की सूची में शामिल मतदाताओं का आवश्यक सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन के बाद यदि कोई पात्र मतदाता निर्वाचक सूची से छूटा हुआ पाया जाता है, तो नियमानुसार उसका नाम निर्वाचक सूची में शामिल किया जाएगा। पात्र मतदाताओं को आवश्यक प्रपत्र, दस्तावेज, आवेदन एवं सत्यापन प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए हेल्प डेस्क एवं विशेष शिविरों के माध्यम से सहायता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक सूची में अपना नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। आयोग के निदेशानुसार जिन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां सतत अद्यतीकरण की प्रक्रिया के तहत निर्वाचक सूची में छूटे हुए मतदाताओं तथा युवा एवं पहली बार पात्र हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य निर्धारित आयु पूरी करने वाले सभी पात्र नागरिकों को निर्वाचक सूची में नाम दर्ज कराने का अवसर उपलब्ध कराना तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को मताधिकार से वंचित होने से बचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रपत्र-6 के साथ संलग्न घोषणा पत्र का उपयोग केवल विशेष गहन पुनरीक्षण की अवधि के दौरान ही किया जाएगा। गैर एस आई आर अवधि में मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त मामलों का नियमानुसार सत्यापन करते हुए आवश्यक दस्तावेजों को ईसीआई नेट पर अपलोड करें तथा पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक सूची में शामिल करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। सभी पात्र नागरिकों को निर्वाचक सूची में अपना नाम दर्ज कराने तथा किसी भी प्रकार की विसंगति का निराकरण कराने के लिए आवश्यक सुविधा एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रमंडल स्तर पर विजयी खिलाड़ी राज्य स्तर पर लहराएंगे प्रतिभा का परचम : चंदन कुमार



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। खेल विभाग, बिहार, पटना, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय में आयोजित प्रमंडल स्तरीय अंतर जिला खेल प्रतियोगिता 2026-27 के चौथे एवं अंतिम दिन फुटबॉल एवं योग के मुकाबले आयोजित किए गए। विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

योग के अंडर-14 बालक वर्ग में सागर पासवान, अंडर-17 बालक वर्ग में माधव कुमार, अंडर-14 बालिका वर्ग में मनीषा कुमारी, अंडर-17 बालिका वर्ग में सृष्टि कुमारी तथा अंडर-19 बालिका वर्ग में अंशु कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल के अंडर-14 बालिका वर्ग में दरभंगा विजेता एवं समस्तीपुर उपविजेता रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग में भी दरभंगा विजेता एवं समस्तीपुर उपविजेता रहा। अंडर-14 बालक वर्ग में समस्तीपुर विजेता एवं मधुबनी उपविजेता, जबकि अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग में समस्तीपुर विजेता एवं दरभंगा उपविजेता रहा।

जिला खेल पदाधिकारी श्री चंदन कुमार ने कहा कि प्रमंडल स्तर पर विजयी खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। निरंतर अभ्यास, अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के बल पर खिलाड़ी राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर जिले एवं प्रमंडल का नाम रोशन करेंगे।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल तथा विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर जिला खेल पदाधिकारी श्री चंदन कुमार के हाथों पुरस्कृत किया गया। चार दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन फुटबॉल एवं योग के मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

रैयाम चीनी मिल के निदेशक बोर्ड के 10 सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चयन

दरभंगा (एनएसबी)। रैयाम चीनी मिल सहकारी समिति लि जिला दरभंगा के प्रवर्तक सदस्यों की प्रथम बैठक जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार के निदेशानुसार प्रेक्षागृह, लहेरियासराय में आयोजित की गई। बैठक में समिति के निबंधन, कार्य, उद्देश्य एवं निबंधन संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई एवं सभी सदस्यों से गन्ना उत्पादन करने का आग्रह किया गया। बैठक में निदेशक बोर्ड के 10 सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चयन किया गया। बैठक में गया कि जिला पदाधिकारी, दरभंगा इस समिति के पदेन अध्यक्ष हैं। बैठक में सौरभ कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, दरभंगा, सुदर्शन कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, मधुबनी, संगठन कर्त्ता समिति के सदस्य उत्तम कुमार, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी केवटी एवं नीरज कुमार, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मधवापुर, हर्षवर्द्धन, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, हनुमाननगर, राहुल कुमार, गन्ना प्रसार पदाधिकारी, दरभंगा संबंधित प्रखंडों के सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आदि अन्य उपस्थित थे।

बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई होगी

■ दरभंगा नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कार्यों की समीक्षा हेतु हुई बैठक



बैठक में राहुल कुमार, प्रबंध निदेशक, डीएम एवं अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। अम्बेडकर सभागार, समाहरणालय, दरभंगा में विद्युत आपूर्ति अंचल, दरभंगा नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कार्यों की समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता राहुल कुमार, भा.प्र.से., प्रबंध निदेशक,नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा की गई।बैठक में कौशल कुमार जिलाधिकारी, दरभंगा आई.सी. यादव, निदेशक परियोजना जयजीत रॉय, महाप्रबंधक राजस्व बिनोद कुमार, मुख्य अभियंता संचालन एवं संपोषण अजय कुमार, विद्युत अधीक्षण अभियंता, दरभंगा, सहित सभी संबंधित विद्युत कार्यपालक अभियंता, वरीय प्रबंधक, सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता, सूचना प्रौद्योगिकी टीम तथा संबंधित कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता, विद्युत आपूर्ति बाधित होने के पश्चात फीडर एवं वितरण ट्रांसफॉर्मर की शीघ्र पुनर्स्थापना, उपभोक्ता शिकायतों का निराकरण, राजस्व वसूली, बकाया राशि की वसूली, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, परियोजना कार्य, नए विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण तथा नए विद्युत सेवा कनेक्शन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई करने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक के उपरांत प्रबन्ध निदेशक द्वारा क्षेत्र भ्रमण करते हुए नवनिर्मित रामनगर विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया गया और निर्माण कार्य पे संतोष व्यक्त किया गया और बचे हुए कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उसके उपरांत देकुली में प्रधान मंत्री सूर्य घर योजना अंतर्गत कुटीर ज्योति उपभोक्ता के परिसर में मुफ़्त में लग रहे सोलर प्लांट का निरीक्षण करते हुए भी संतोष व्यक्त किया गया और एंजेसी को कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया।

संक्षिप्त खबरें

बीएलओ द्वारा सत्यापन में अर्हता पाए जाने पर प्रपत्र-6 के माध्यम से निर्वाचक सूची में होगा पंजीकरण

मधुबनी (एनएसबी)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के आदेश के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण के उपरांत निर्वाचक सूची में छूटे हुए तथा युवा/प्रथम बार पात्र मतदाताओं के पंजीकरण के लिए दिनांक 11 अक्टूबर 2026 से एक माह तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत बीएलओ द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण से पूर्व की निर्वाचक सूची एवं वर्तमान निर्वाचक सूची का मिलान कर ऐसे मतदाताओं को चिन्हित किया जाएगा, जो पूर्व की सूची में शामिल थे, लेकिन वर्तमान सूची में सम्मिलित नहीं हैं। चिन्हित मतदाताओं का घर-घर सत्यापन कर अर्हता पाए जाने पर प्रपत्र-6 के माध्यम से अनिवार्य रूप से निर्वाचक सूची में पंजीकरण कराया जाएगा। बीएलओ प्रत्येक निर्वाचकों का सत्यापन करेंगे तथा यह प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरी की जाएगी। सत्यापन सूची संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलए के साथ भी साझा की जाएगी। अभियान के दौरान मतदान केन्द्रों के साथ-साथ आवश्यकता के अनुसार रात्रि आश्रय, श्रमिक बस्तियों, गृहविहीन एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा अभियान की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

किसान भवन के सभागार में किसानों के सत्यापन को लेकर शिविर का किया गया आयोजन



शिविर में उपस्थित किसान।

फोटोसख्या 3 की शिविर में उपस्थित किसान.

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन के सभागार में गुरुवार को पीएम किसान योजना का लाभ लेने को लेकर केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया. शिविर की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी कौशल कुमार सिंह ने की. इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के पीएम किसान योजना के लाभूक पहुंच कर अपना केवाईसी करवाया. वही इच्छुक किसान फार्मर आईडी बनाकर केसीसी ऋण को लेकर भी आच्छादित करने का कार्य किया. पीएम किसान योजना के लाभूक आधार कार्ड, पैन कार्ड, पीएम किसान योजना के लाभार्थी का पहचान, अद्यतन एलपीसी ,लगान रशीद लेकर पहुंचे थे. प्रखंड में 15 हजार से अधिक इस योजना के लाभूक हैं जिनको केवाईसी करना जरूरी है. वीएओ कौशल कुमार सिंह ने बताया कि पात्र किसानों को प्रत्येक वर्ष 6 हजार की आर्थिक सहायता मिलती है. योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए पंजीकृत किसानों का ई केवाईसी सत्यापन पूर्ण होना आवश्यक है. नहीं होने पर आगामी किस्त का भुगतान प्रभावित हो सकता है. ई केवाईसी पूरा करने के लिए दो प्रमुख माध्यम उपलब्ध हैं. बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से किसान अपने आधार कार्ड व आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ नजदीकी सीएससी व केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से ई केवाईसी कर सकते हैं।

बिस्फी में नहीं हुआ इंडिया गठबंधन का प्रस्तावित पुतला दहन, कार्यकताओं में नाराजगी

बिस्फी (एनएसबी)। इंडिया गठबंधन के प्रदेश स्तर पर प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत बिस्फी प्रखंड मुख्यालय पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित नहीं होने से गठबंधन के कार्यकताओं में नाराजगी देखी गई। कार्यकताओं का कहना है कि कार्यक्रम को लेकर पहले से तैयारी की बात थी, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम के बावजूद बिस्फी प्रखंड मुख्यालय पर पुतला दहन नहीं हो सका। मामले को लेकर राजद नेता विजय चंद्र घोष ने बिस्फी प्रखंड राजद नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम का आयोजन नहीं होना संगठन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिस्फी राजद प्रखंड अध्यक्ष कार्यक्रम को लेकर अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा सके। विजय चंद्र घोष ने उन्हें ह्लनकाराह्व बताते हुए कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए नेतृत्व को जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। इधर, कार्यक्रम नहीं होने को लेकर कार्यकताओं में भी नाराजगी की चर्चा है। गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को राज्य के विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों पर इंडिया गठबंधन की ओर से प्रदर्शन और पुतला दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। हालांकि, बिस्फी में कार्यक्रम आयोजित नहीं होने के संबंध में प्रखंड राजद अध्यक्ष या अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी का पक्ष सामने नहीं आया है।

फुलपरास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

फुलपरास (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को फुलपरास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने की। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ अमित कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजे साउंड बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं आर्केस्ट्रा सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजन की भी अनुमति नहीं होगी। उन्होंने सभी पूजा समितियों से प्रशासन के निदेर्शों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने की अपील की। थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने कहा कि पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश भी दिया। बैठक में प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी कुणाल कुमार, प्रखंड प्रमुख रामपुकार यादव, राजस्व अधिकारी ओम जी, मुखिया उमर खां, लाल बाबू साह, भाजपा नेता राम सुंदर यादव, कृष्ण कुमार सिंह यादव, राजद नेता उमेश प्रसाद यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, राम नरेश कामत, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रणधीर सेन, भोला सिंह, किशोर मंडल, कैलू मंडल, जानकी कामत, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव सहित विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

स्वच्छता की पहल को मिलेगा सम्मान, प्रथम विजेता को 25 हजार का पुरस्कार

मधुबनी। जिला प्रशासन, मधुबनी द्वारा स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने एवं जलस्रोतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई स्वच्छता चैलेंज प्रतियोगिता में जिलेवासियों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रतियोगिता में अब तक 41 लोगों/समूहों एवं संगठनों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों को अपने आसपास स्थित नदी, तालाब अथवा अन्य जलस्रोत की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए पहल करनी है तथा अपने कार्य की फोटो/वीडियो साझा करनी है। बेहतर एवं प्रभावी कार्य करने वाले प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को ?25,000, द्वितीय स्थान को ?15,000 तथा तृतीय स्थान को ?10,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में पंजीकरण की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर स्वच्छता एवं जलस्रोत संरक्षण के इस जनअभियान को सफल बनाने की अपील की गई है।

अभिनय का सितारा बुझ गया नाना पाटेकर, इप्टा के रंगकर्मियों ने जताया शोक

सहरसा शहर (एनएसबी)। प्रसिद्ध सिने अभिनेता नाना पाटेकर के निधन से कला संस्कृति जगत क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। गुरुवार की सुबह जिसने भी यह खबर सुनी सभी स्तब्ध रह गए। हिंदी सिनेमा के बेजोड़ अभिनेता नाना पाटेकर ने अपने अभिनय क्षमता के बल पर देश ही नहीं पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। उनके निधन पर इप्टा के गांधी पथ स्थित कार्यालय में रंगकर्मियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में डा दीपक कुमार गुप्ता, रीता सिंहा, एस एस हिमांशु, संजय सारथी, अनिल कुमार, प्रो शिंकु आनन्द, रमेश कुमार पासवान, सोनू, सारिका सिंह, वैष्णवी, ऋचा, आर्या, राजा, गंगा नाथ राय, विभूति चंद्र युगल, किसलय कृष्ण, सुधांशु शेखर आदि शामिल थे।

दुर्गा पूजा को लेकर डीएम-एसएसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

■ पूजा स्थलों, जुलूस मार्ग, रावण दहन एवं विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश



निरीक्षण करते डीएम एसएसपी।

मधुबनी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने तथा विधि-व्यवस्था के सुचारु संधारण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र कुमार ने अधिकारियों की टीम के साथ विभिन्न पूजा स्थलों, जुलूस मार्ग, रावण दहन स्थल एवं विसर्जन स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया।

अधिकारीद्वय ने सदर अनुमंडल अंतर्गत शंभुआर स्थित रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट, श्रद्धालुओं की आवाजाही, भीड़ नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रावण दहन कार्यक्रम के दौरान भीड़ के सुरक्षित आवागमन तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित रहें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कोतवाली चौक स्थित दुर्गा मंदिर एवं सप्ता का निरीक्षण कर भीड़ प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम आवागमन के लिए आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग, यातायात नियंत्रण एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में गंगासागर घाट स्थित विसर्जन स्थल का भी जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने वहां पर्याप्त लाइटिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, आवश्यकता के अनुसार सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य सुरक्षा एवं एहतियाती व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात एवं विधि-व्यवस्था संधारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता बरतते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

मधुबनी में 3 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलेगा केसीसी मिशन, पात्र किसानों को शत-प्रतिशत आच्छादन का लक्ष्य



बैठक करते उप विकास आयुक्त।

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित एवं फार्मर आईडी से निबंधित पात्र किसानों को शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसको लेकर उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंकों को मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया है।

निर्देश के अनुसार 3 अक्टूबर से 2 नवंबर तक प्रखंडवार शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र किसानों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। शिविरों का आयोजन प्रखंड कृषि कार्यालय के सभागार में निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे से किया जाएगा। 6 अक्टूबर को उप विकास आयुक्त ने केसीसी योजना की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही के बाद खातों की संख्या में 23.2 प्रतिशत तथा बकाया ऋण राशि में 25.9 प्रतिशत की गिरावट पर नाराजगी जताई गई। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड को सभी बैंकों के साथ नियमित अनुश्रवण एवं समीक्षा करते हुए चालू वित्तीय वर्ष का शत-प्रतिशत लक्ष्य समय पर पूरा करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। शिविरों में प्रति कर्मी कम से कम 15 आवेदन सृजित कराने का लक्ष्य रखा गया है। संबंधित बैंक प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के पदाधिकारी-कर्मी भी उपस्थित रहेंगे।उप विकास आयुक्त ने लाभार्थियों एवं फार्मर आईडी से निबंधित इच्छुक किसानों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण से जोड़ने का निर्देश दिया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें बैंक एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, एटीएम एवं बीटीएम के माध्यम से शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को कहा गया है। ये दस्तावेज जरूरीः के लिए किसानों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, लाभार्थी की पहचान तथा अद्यतन अथवा लगान रसीद साथ लानी होगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बैंकों की ऋण वितरण के आधार पर रैंकिंग की जाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों को सम्मानित करने के साथ विभागीय योजनाओं के संचालन के लिए आवंटन उपलब्ध कराने की बात कही गई है। वहीं असंतोषजनक प्रदर्शन करने वाले बैंकों की सूचना जिला पदाधिकारी के स्तर से वित्त विभाग को भेजी जाएगी तथा नियमानुसार अनुपात के आधार पर आवंटन उपलब्ध कराने पर विचार किया जाएगा। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं नामित नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

शांति, सद्भाव व श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि : डीएम

■ दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण, सफल एवं सुचारू आयोजन हेतु डीएम एसएसपी ने जिला शांति समिति की बैठक की

■ पंडालों में 'पुलिस मित्र' की तैनाती, महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस; ट्रैफिक एवं भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष प्लान



बैठक करते डीएम एसएसपी।

मधुबनी (एनएसबी)। प्रेम, भाईचारा, शांति एवं सद्भाव का महान पर्व दुर्गा पूजा के सफल, शांतिपूर्ण एवं सुचारु आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र कुमार द्वारा जिला शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों, पूजा समिति के प्रतिनिधियों एवं जिले के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव एवं फीडबैक दिए। जिलाधिकारी ने मधुबनी के नागरिकों के प्रति अपने गहरे लगाव को व्यक्त करते हुए कहा कि पूजा समितियां प्रशासन की विस्तारित टीम है। दुर्गा पूजा आम नागरिकों के लिए जहां आस्था और उत्सव का पर्व है, वहीं प्रशासन के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सजग, सक्रिय और तत्पर रहेगा। उन्होंने पूजा समितियों एवं आम नागरिकों से भी प्रशासन को विधि व्यवस्था बनाये रखने मे अपेक्षित सहयोग प्रदान करने तथा शांति सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

एसओपी के अनुरूप हो सभी आवश्यक तैयारियां

जिलाधिकारी ने सभी पूजा समितियों को सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंडालों की सुरक्षा , पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित वालंटियर की तैनाती, वालंटियर को पहचान-पत्र जारी करने, अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता, सुरक्षित विद्युत संयोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पंडालों में विद्युत तार का संयोजन सुरक्षित एवं सुदृढ़ रूप से किये जाएं, लूज वायर न हो तथा अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था मानक के अनुरूप हो। सुरक्षा मे लापरवाही कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा।

डीजे एवं अश्लील कार्यक्रम पर प्रतिबंध, रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं

धार्मिक आयोजन की गरिमा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि डीजे एवं अश्लील गाने और आर्केस्ट्रा के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। अधिकारीद्वय ने कहा कि अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सभी पूजा समितियां निर्धारित प्रोटोकॉल एवं नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

हर पंडाल में पुलिस मित्र की तैनाती, महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रत्येक प्रमुख पंडाल में पुलिस प्रशासन की ओर से एक पुलिसकर्मी की तैनाती की जाएगी, जो ह्यपुलिस मित्रह्व के रूप में पूजा समिति एवं प्रशासन के बीच संवाद, समन्वय और त्वरित संप्रेषण सुनिश्चित करेगा। सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी के अवसर पर पंडालों में श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं की अधिक भीड़ को देखते हुए पुलिस दीदी एवं डायल-112 की टीमों को विशेष रूप से भ्रमणशील एवं सक्रिय रखा जाएगा। भीड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी।

विसर्जन स्थल/ मार्ग मे विशेष व्यवस्था

जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन स्थलों एवं निर्धारित मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लूज वायर एवं विद्युत पोल को दुरुस्त करने, सड़क पर गड्ढों की मरम्मती कराने तथा आवागमन को सुगम बनाए रखने को कहा। विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम के साथ आवश्यकता के अनुसार सीसीटीवी एवं कंटीजेंसी प्लान तैयार करने का निर्देश दिया । सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी को शहर में भीड़ एवं यातायात दबाव को देखते हुए विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार कर उसे सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया, ताकि आम नागरिक पहले से वैकल्पिक मार्गों की जानकारी प्राप्त कर सकें।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पैनी नजर

अधिकारीद्वय ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने, सामाजिक तनाव उत्पन्न करने अथवा शांति एवं सद्भाव भंग करने का प्रयास करने वाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन में बाधा उत्पन्न करने वाले किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

रावण दहन स्थलों पर एसओपी के अनुरूप व्यवस्था के निर्देश

अनुमंडलवार समीक्षा में पाया गया कि सदर अनुमंडल के शंभुआर (भीठी) एवं जयनगर अनुमंडल के लदनियाँ में दो स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को आयोजन समिति के अध्यक्ष के साथ आयोजन स्थल पर बैठक कर एसओपी के अनुरूप सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

247 जिला नियंत्रण कक्ष से होगी निगरानी

दुर्गा पूजा के दौरान जिला स्तर पर सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए 247 जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06276-224425 है। पूजा समितियों को अपने-अपने पंडालों में नियंत्रण कक्ष का नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालु एवं आम नागरिक तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। नशापान कर विधि-व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भी पुलिस विशेष रूप से सक्रिय रहेगी। एंटी-नारकोटिक हेल्पलाइन नंबर 9031626043 पर केवल मैसेज मात्र भेजने पर ही त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। यह हेल्पलाइन नंबर वरीय पुलिस अधीक्षक के अधीन 365 दिन कार्यरत है, इस नंबर पर प्राप्त मैसेज की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाती है।

केवटी से चोरी हुई अपाची बाइक पतौना थाना क्षेत्र से बरामद

बिस्फी (एनएसबी)। केवटी थाना क्षेत्र से चोरी हुई अपाचे मोटरसाइकिल को पतौना थाना क्षेत्र के रथौस गांव स्थित एक बगीचे से लावारिस हालत में बरामद किया गया। बाइक मिलने की सूचना पर पतौना थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की। पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार ने बताया कि सत्यापन के बाद बरामद मोटरसाइकिल को केवटी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। बाइक चोरी की घटना से जुड़े आरोपितों की पहचान एवं गिरफ्तारी को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराध एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

मोदी, अमित शाह के सहयोग से ज्ञानेश कुमार वोट चोरी करता है : इंडिया गठबंधन



प्रदर्शन करते।

मधुबनी (एनएसबी)। इंडिया गठबंधन मधुबनी के राजद, कॉग्रेस, ,माले, माकपा, भाकपा के सैकड़ों नेता और कार्यकताओं द्वारा टॉऊन क्लब मैदान से स्टेशन मुख्य सड़क होते हुए समाहरणालय डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा स्थल पर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी,अमित शाह और ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया,सभा की अध्यक्षता बीर बहादुर राय ने किया।

जबकि इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के मधुबनी के राजद के पूर्व विधायक रामशीष यादव, कॉग्रेस के अध्यक्ष मीणा कुशवाहा, माले के जिला सचिव ध्रुव नारायण कर्ण, माकपा के जिला सचिव मंडल सदस्य दिलीप झा, भाकपा के जिला सचिव मिथिलेश झा ने प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व किया,सभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार वोट चोरी कर सत्ता से चिपके हुए हैं, मोदी और अमित शाह संवैधानिक संस्था को हत्या कर दिया, संविधान और लोकतंत्र के बदौलत ही मोदी प्रधानमंत्री बन पाए थे और आज उस लोकतंत्र को समाप्त करने पर उतारू है, नेताओं ने कहा तीन सदस्यीय चुनाव आयुक्त में से दो चुनाव आयुक्त ने दस महीने में चौदह बार अपनी आपत्तियां दर्ज किया परन्तु मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मनमर्जी करते रहे ,देश में ज्ञानेश कुमार तेरह करोड़ से अधिक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटा दिया और मोदी को कई राज्य में सरकार बना दिया ज्ञानेश कुमार मोदी और अमित शाह के इशारे पर कुकर्म करता रहा। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जमकर भाजपा पर हमला करते हुए ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर जेल भेजने, वोट चोर गद्दी छोड़ने की बात कही, नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 71 लाख फॉर्म 06 भरे गए लेकिन वोट बन गये 84 लाख यानी एस आई आर प्रक्रिया जालसाजी है, ज्ञानेश कुमार मनमर्जी प्रधानमंत्री के सह पर करते रहे , कोई भी प्रक्रिया जो भारत के नागरिक से वोट का अधिकार छीन लेती है वह संविधान के आर्टिकल 326 के खिलाफ है जिससे सभी व्यस्कों को वोट का अधिकार मिला है और आर्टिकल 14 के खिलाफ है,जो सभी को समानता का अधिकार देता है, नेताओं ने कहा कि वोटर लिस्ट में एक बार दर्ज किए गए किसी भी नागरिक का नाम बिना नोटिस और सुनवाई के नहीं हटाया जा सकता है, ज्ञानेश कुमार पर अवैध रूप से स्पेशल इंटेंसिव रविशन एस आई आर लागू करने वोट देने अधिकार से वंचित करने के लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए वह जनतंत्र की गला घोंटा है, मोदी सरकार जानबूझकर सोच-समझकर यह सब काम सत्ता में कायम रहने के लिए देश से धोखाधड़ी कर रहे हैं, भारत निर्वाचन आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है कि प्रत्येक पात्र नागरिक सुरक्षित और स्वतंत्र रूप से अपने वोट देने के अधिकार का इस्तेमाल कर सके ,एस आई आर और फॉर्म 6 में किए गए संशोधन को तुरंत रोकना चाहिए,अब देश के नागरिक सब समझ चुके है यह आंदोलन और तेज होगा और ज्ञानेश को जाना होगा, दिल्ली और मुंबई में आंदोलनकारियों पर मोदी की पुलिस पदाधिकारी दमनात्मक कारवाई कर रहा है, पत्रकारों के साथ पुलिस पदाधिकारी अभद्रता पर उतारू है उन सभी लोगों पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। ज्ञानेश कुमार की रक्षा करने के लिए मोदी सरकार सभी कुकर्म करने पर उतारू है जो इस देश के नौजवान अब बर्दाश्त नहीं करेगा। मोदी ने अपने चहेते ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए 23 में ही कानून बना डाला कि मुख्य चुनाव आयुक्त पर किसी तरह का कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती, जबकि चुनाव आयोग में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता को रहना अनिवार्य होना चाहिए लेकिन मोदी मनमर्जी कर लोकतंत्र और संविधान को धज्जियां उड़ा रहें हैं,हम आप सब को एकताबद्ध होकर संघर्ष करना होगा,सभा को राजद के वरिष्ठ नेता राजकुमार यादव, राजेन्द्र यादव, ब्रजेश यादव, वीणा देवी, प्रदीप प्रभाकर कॉग्रेस के टेक नाथ पाठक,विनय कुमार झ, गोपाल महंत,माले के श्याम पंडित,पुणेर्दु कुमार, विशम्बर कामत, मयंक कुमार, भूषण सिंह,नवल किशोर यादव, योगेन्द्र महतो,सुनिता सदाय माकपा के रामजी यादव, गणपति झा, शशिभूषण प्रसाद, सत्यनारायण यादव, बिन्दु यादव,अरूण यादव,प्रभात कुमार, कैलाश पासवान भाकपा के मनोज मिश्र, सत्यनारायण राय, मोती शर्मा, माले के शिधेंश्वर पासवान, सज्जन सदाय, असर्फी सदाय,मो ईमरान सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

एनजीटी जांच में बड़ा ट्विस्ट : चंदवारा पुल के पास खनन क्षेत्र का भौतिक सत्यापन कराने में नाकाम रही ठेकेदार कंपनी

अधिकारियों की टीम 2 घंटे भटक कर बिना नतीजा वापस लौटी

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), पूर्वी बेंच कोलकाता के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को मुजफ्फरपुर के चंदवारा ब्रिज कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट और बूढ़ी गंडक नदी क्षेत्र में अवैध खनन की जांच करने पहुंची अंतर-विभागीय संयुक्त जांच टीम को भारी निराशा और अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। जांच के दौरान ठेकेदार कंपनी खनन किए गए वास्तविक स्थल का भौतिक सत्यापन कराने में पूरी तरह विफल रही।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण में दायर याचिका (ओ.ए.नंबर. 185/2026 / ऐ - देवव्रत कुमार सहनी बनाम बिहार सरकार व अन्य) के तहत 14 अगस्त 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण का समय तय था। निर्धारित तिथि पर जांच टीम में शामिल खान निरीक्षक दानिश आलम (खनन निदेशक, बिहार, पटना/मुजफ्फरपुर की ओर से), बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड: एस.एन. झा (क्षेत्रीय अधिकारी, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र),

प्रोजेक्ट प्रोपोनेंट (कंपनी) के प्रतिनिधिः जी.एम. वेंकटेश डी., याचिकाकर्ता एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित जांच स्थल पर पहुंच गईं। लेकिन मौके पर स्थिति तब हास्यास्पद और गंभीर हो गई, जब कंपनी के प्रतिनिधि अधिकारियों को उस जगह का सत्यापन ही नहीं करा सके, जहाँ से



खनन स्थल पर बालू मिट्टी कटाव की जांच करने पहुंची टीम।

बड़े पैमाने पर मिट्टी/बालू का उत्खनन किया गया था। लगभग 2 घंटे तक पूरी टीम बूढ़ी गंडक नदी और चंदवारा पुल के आसपास इधर-उधर भटकती रही, लेकिन बिना किसी ठोस नतीजे अथवा सत्यापन के अधिकारियों की टीम को वापस लौटना पड़ा। वास्तविक स्थिति यह है कि चंदवारा पुल और उसके एप्रोच रोड निर्माण के नाम पर जिस स्थान से भारी पैमाने पर खनन कार्य किया गया है, वहाँ के लिए किसी भी प्रकार की वैध अनुमति नहीं ली गई थी। नदी के सक्रिय प्रवाह क्षेत्र और संवेदनशील हिस्सों से बिना किसी वैध खनन लाइसेंस के भारी पोकलेन व जेसीबी मशीनों का उपयोग कर मिट्टी व बालू की कटाई की गई। नियमविरुद्ध और अवैध तरीके से हुई इस खुदाई से बूढ़ी गंडक नदी का स्वाभाविक बहाव और निमार्णाधीन चंदवारा पुल के पिलरों व तटबंधों की संरचनात्मक सुरक्षा गंभीर खतरे में पड़ गई है। जांच टीम के इस बेनतीजा दौरे और कंपनी द्वारा भौतिक सत्यापन न कराए जाने के रवैये को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। जांच में शामिल पदाधिकारियों द्वारा अब इस पूरे घटनाक्रम और कंपनी की विफलता को अपनी आधिकारिक जांच रिपोर्ट में दर्ज कर एनजीटी (कोलकाता बेंच) को सौंपा जाएगा। बिना किसी अनुमति के किए गए इस अवैध खनन और अधिकारियों को गुमराह करने की कोशिश से ठेकेदार कंपनी (मे- जेएम इंटरप्राइजेज इफ़ा प्रा लि.) की मुश्किलें और बढ़ना तय माना जा रहा है।

लंगट सिंह कॉलेज में छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया शुरू

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। लंगट सिंह कॉलेज में छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस कड़ी में आज शैक्षणिक सत्र 2025-29 और 2026-30 के छात्रों के आवेदन पर विचारोपरान्त प्राचार्या एवं छात्रावास कमेटी के सदस्यों की अनुशंसा पर नियमानुसार उन्हें छात्रावास आवंटित किया गया। प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के निदेर्शानुसार छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। आज दोनों सत्रों के छात्रों को छात्रावास में जगह आवंटित की गई। अन्य इच्छुक छात्र 30 अक्टूबर तक नया आवेदन भी कर सकते हैं। बाकी छात्रों के आवंटन की प्रक्रिया भी जल्द ही पूरी की जाएगी। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे निर्धारित प्रक्रिया और समय-सारिणी का पालन करें।

संक्षिप्त खबरें

लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं मुंशी प्रेमचंद को पुण्यतिथि पर चितगुप्त एसोसिएशन में श्रद्धांजलि सभा

मुजफ्फरपुर(एनएससी)। स्थानीय जेपी चौक के समीप स्थित चित्रगुप्त एसोसिएशन के प्रांगण में गुरुवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर चित्रगुप्त



पुण्यतिथि पर जेपी और मुंशी प्रेमचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश सम्राट की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित लोगों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए चित्रगुप्त एसोसिएशन के महामंत्री प्रो अजय कुमार श्रीवास्तव ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं मुंशी प्रेमचंद के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों विभूतियों ने अपने-अपने क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किए, वह अतुलनीय है। मुंशी प्रेमचंद ने साहित्य के माध्यम से समाज में जागरूकता पैदा की, वहीं लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने समाजवादी विचारधारा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यों और विचारों का प्रभाव आज भी समाज को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम इन महान विभूतियों के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। ताकि समाज की प्रगति हो और देश का नाम विश्व में गौरवान्वित हो। मौके पर उदय नारायण सिन्हा, रमेश कुमार दीपू, सुनील कुमार श्रीवास्तव, सदाशिव वर्मा, रजनीश अंबष्ठ छोटू, राजीव कुमार, डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार बुल्लू, चूमन कुमार, संतोष कुमार, बिशंभर प्रसाद सिन्हा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन एवं योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। आए हुए लोगों का धन्यवाद ज्ञापन चित्रगुप्त एसोसिएशन के संगठन मंत्री सत्येंद्र कुमार पिंकू किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं एनसीसी कैडेटों ने की कॉलेज परिसर की सफाई

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सेवा संकल्प अभियान के तहत लंगट सिंह कॉलेज एवं 32 बिहार बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने कहा कि



कॉलेज परिसर तथा आसपास के इलाके को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। इसे हमें दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। शैक्षणिक एवं सार्वजनिक संस्थान को स्वच्छ बनाये रखना भी राष्ट्र सेवा है। एनसीसी कैडेट को परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने तथा परिसर को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने का संकल्प दिलाया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ राजीव कुमार ने कहा कि सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास के तहत एनसीसी इस तरह की गतिविधियों में सदैव अपना योगदान देती है। इस अवसर पर डॉ विजय कुमार, डॉ शशिकांत पांडे, डॉ सेराजुल हक फैजी, डॉ वेद प्रकाश दूबे, डॉ राजेश अनुपम, सीनियर अंडर ऑफिसर आशुतोष राज, क्वार्टर मास्टर सार्जेंट मेजर ज्योतिलाल,सार्जेंट शालू, आस्था कुमारी, अनुज कुमार सहित अन्य कैडेट एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

द्वितीय बोसिया इंडिया फेडेरेशन कप 2026 में बिहार के नीतीश कुमार सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार के गोपालगंज जिले के निवासी एवं वहील चेयर पर निर्बर राष्ट्रीय बोसिया खिलाड़ी नीतीश कुमार सिंह ने राजधानी नई दिल्ली में दिनांक 3 से 8 अक्तूबर 2026 तक आयोजित द्वितीय बोसिया इंडिया फेडेरेशन कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीसी-3 कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीतकर



बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता राजपूताना राइफल्स इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित की गई, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित पैरा बोसिया खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बिहार से प्रतियोगिता के लिए चयनित एकमात्र खिलाड़ी गोपालगंज निवासी नीतीश कुमार सिंह ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के बल पर इउ-3 कैटेगरी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पैरा बोसिया स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बिहार की सचिव स्नेहा ने बताया कि नीतीश कुमार सिंह की यह उपलब्धि बिहार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद नीतीश ने निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनका यह स्वर्ण पदक बिहार के अन्य पैरा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। नीतीश की इस शानदार उपलब्धि पर उनके माता-पिता, पैरा बोसिया स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बिहार के उपाध्यक्ष संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष अंकित कुमार, पेफी बिहार के सचिव कुमार आदित्य, अभिजीत कुमार, आनंद मोहन, कौशिकी सिंह सहित संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

इंडिया गठबंधन ने निकाला लोकतंत्र बचाओ मार्च

मुख्य चुनाव आयुक्त का मांगा इस्तीफा, पीएम मोदी, सीईसी ज्ञानेश व गृहमंत्री शाह का पुतला फूंका

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्था पर बढ़ते हमले के खिलाफ गुरुवार को मुजफ्फरपुर में इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने संयुक्त रूप से लोकतंत्र बचाओ मार्च निकाला। मार्च की शुरूआत शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर माल्यार्पण के साथ हुई।

इसके बाद सैकड़ों कार्यकताओं ने जुलूस निकाला, जो कंपनी बाग होते हुए टावर चौक पहुंचा। टावर चौक पर सभा के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पुतले का दहन



लोकतंत्र बचाओ मार्च के दौरान प्रदर्शन करते महागठबंधन के लोग।

किया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं, जिसे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा माना जाना चाहिए। मार्च का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मुकुल, सीपीएम जिला सचिव दिनेश भगत, राजद जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता, सीपीआई जिला सचिव राम किशोर झा, माले जिला सचिव जितेन्द्र यादव, वीआईपी जिलाध्यक्ष मनोज सहनी तथा कांग्रेस पश्चिमी जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही ने किया। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग की निष्पक्षता जनता के विश्वास की बुनियाद है। चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब पारदर्शिता और

लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा

संवैधानिक मयार्दा के साथ दिया जाना चाहिए। लोकतंत्र केवल चुनाव कराने का नाम नहीं, बल्कि स्वतंत्र संस्थाओं और जनता के अधिकारों की रक्षा का नाम है। चुनाव आयोग को सत्ता के दबाव से मुक्त और पूरी तरह निष्पक्ष रहना होगा। वक्ताओं ने कहा कि देश की जनता अपने मताधिकार के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगी। लोकतंत्र की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगा। साथ हीं संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा। जनता के वोट की ताकत को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

इलेक्ट्रिशियन की संदिग्ध मौत के मामले में हत्या का आरोप

गुस्साये लोगों ने सड़क पर शव रख कर 3 घंटे तक जाम रखा एनएच



शव के साथ एनएच 27 को जामकर मुआवजे की मांग पर डटे लोगों को समझाते विधायक अजीत कुमार।

50 लाख मुआवजे की मांग, स्थानीय विधायक के पहल पर हटा जाम, मृतक के परिवार को न्याय का वादा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। कांटी थाना क्षेत्र के सदातपुर निवासी इलेक्ट्रिशियन पंकज कुमार की महिंद्रा कंपनी के स्पेयर पार्ट्स वेयरहाउस में संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को हुई मौत के बाद गुरुवार को परिजनों ने एनएच-27 पर लसगरीपुर पंचायत भवन के समीप शव रखकर प्रदर्शन किया।

आक्रोशित परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी और 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रहने से दरभंगा, मोतिहारी और हाजीपुर की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर मृतक के बड़े भाई विजय कुमार ने बताया कि पंकज परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था। उसकी कमाई से बुजुर्ग माता-पिता समेत परिवार के अन्य सदस्यों का भरण-पोषण होता था। वही सड़क जाम की सुचना मिलते हीं मौके पर पहुंचे कांटी विधायक एवं पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उनके समझाने पर जाम समाप्त हुआ। विधायक ने पुलिस अधिकारियों को इस मामले मे जल्द कार्रवाई का निर्देश दिया। सड़क जाम और परिजनों के प्रदर्शन की जानकारी मिलते हीं मौके पर पहुंची एसडीपीओ पश्चिमी-1 सुचित्रा कुमारी ने बताया कि एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जांच के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने प्रखंड कार्यालय पर किया प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सरैया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार को विभिन्न जन-समस्याओं, सर्वव्यापी महंगाई और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना से पूर्व राजकीय अस्पताल परिसर से पार्टी के लोकल कमिटी सचिव रामप्रीत राय के नेतृत्व में एक विशाल जुलूस निकाला गया। "मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करो", "महंगाई पर रोक लगाओ" तथा "एसआईआर प्रक्रिया के तहत हटाए गए 13 करोड़ योग्य मतदाताओं के नाम पुनः सूची में शामिल करो" जैसे गगनभेदी नारों के साथ जुलूस प्रखंड कार्यालय पहुँचा और विरोध-सभा में तब्दील हो गया।

धरना सभा की अध्यक्षता किसान नेता कौशल भक्त ने की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चीनी, प्याज, दवा, उर्वरक, बीज, कीटनाशक, पेट्रोल व डीजल समेत तमाम आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतें, बेरोजगारी तथा प्रखंड, अंचल व सर्वे कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। वक्ताओं ने जन-हितैषी अधिकारों की रक्षा के लिए आम जनता से एकजुट होकर दीर्घकालिक आंदोलन का निर्माण करने का आह्वान किया। सभा के उपरांत रामप्रीत राय, माधो भक्त, अनिल राम, नन्हक साह एवं सुनील कुमार सिंह के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम को मुख्य रूप से सुनील कुमार सिंह, हरिदत्त दुबे, विनोद ठाकुर, रंजीत राय, माधो भक्त, श्याम देव कुमार, टुनटुन प्रजापति, टुनटुन भक्त, पंचायत समिति सदस्य अनिल राम, राजन राय, नवल भगत, सुदीश भगत और राजेंद्र राय समेत कई कार्यकताओं ने संबोधित किया।

तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में रणनीति



मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक स्पीकर चौक स्थित अटल सभागार में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा समर्थित उम्मीदवार नरेंद्र प्रसाद सिंह, जाले विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, पूर्व मंत्री एवं पूर्व नगर विधायक सुरेश कुमार शर्मा, भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, पूर्व मंत्री एवं औराई के पूर्व विधायक रामसूरत राय, भाजपा प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा के साथ जिला के कई पदाधिकारी मौजूद रहें। बैठक में बोचहां विधानसभा के दोनों प्रखंडों बोचहा एवं मुशहरी में बेहतर चुनावी परिणाम को लेकर मंडल अध्यक्षों के साथ विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर भाजपा अहियापुर मंडल अध्यक्ष नवनीत सिंह ने बताया कि अहियापुर मंडल के सभी 7 पंचायत में कुल 41 मतदाता हैं और उन सभी 41 मतदाता को कैसे भाजपा समर्थित उम्मीदवार नरेंद्र प्रसाद सिंह के पक्ष में लाया जा सके और उनका बेशकीमती आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके इसके लिए योजनाबद्ध रूप से हमलोग काम कर रहे है और मेहनत का परिणाम चुनाव परिणाम में दिखाई देगा।

कुढ़नी मे महागठबंधन के लोगों ने जुलुस निकाल कर सीईसी पीएम और एचएम का पुतला जलाया

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। इंडिया गठबंधन के आह्वान पर वोट चोरी एवं तानाशाही निरंकुश शासन के खिलाफ कुढ़नी स्थित बोस स्मारक से महागठबंधन के सदस्यों ने मुजफ्फरपुर पश्चिमी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष कृपाशंकर शाही के नेतृत्व मे जुलूस निकाला। बोस स्मारक से शुरू होकर विभिन्न क्षेत्र से गुजरते हुए यह प्रदर्शन जुलुस स्थानीय महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष पहुंचकर सभा मे बदल गया। वही मौके पर उपस्थित महागठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओ ने टावर चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश्व कुमार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम मे सुरेश शर्मा नीरज, आलोक शर्मा, सुशील कुमार शाही, ओंकार नाथ चौधरी, मोहम्मद अब्दुल्ला, त्रिभुवन पटेल तनवीर आलम, रमेश तिवारी, शिवम कुमार, शत्रुघ्न कुमार, समशूल हौदा, जनार्दन ठाकुर, अनिल कुमार सिंह उर्फ महात्मा प्रमोद राम, लालबाबू आदि शामिल थे।

दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था को लेकर डीएम-एसएसपी ने की समीक्षा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने कहा है कि दुर्गा पूजा, 2026 के अवसर पर उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुगम यातायात तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। अधिकारीद्वय समाहरणालय में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में प्रशासन एवं पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पदाधिकारियों को आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता मूलक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान सभी एसडीओ एवं एसडीपीओ को भ्रमणशील रहने एवं



दशहरा मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था तैयारी की समीक्षा करते डीएम एवं एसएसपी।

क्षेत्र का जायजा लेने का निर्देश दिया। साथ हीं क्षेत्रीय पदाधिकारीगण सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) से सार्थक संवाद कायम रखने को कहा गया। वही पूजा समितियों से निरंतर समन्वय बनाएँ रखने तथा शांति समिति की ससमय बैठक कर लेने का निर्देश दिया गया। शीर्ष दोनों अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जुलूस का मार्ग परम्परागत रहेगा, इसे बदला नहीं जाएगा। अपरिहार्य स्थिति में इसे बदलने के लिए एसडीओ एवं एसडीपीओ द्वारा सभी मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में तैयारियों का पर्यवेक्षण करें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सतत क्रियाशील रखने तथा अफवाहों का त्वरित खंडन करने, पूर्व की घटनाओं में शामिल लोगों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने, भीड़ की गतिविधियों पर सीसीटीवी से निगरानी करने तथा इस आशय का फ्लेक्स/बैनर जगह-जगह प्रदर्शित करने कि- कि आप सीसीटीवी की नजर में हैं, का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) एवं क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम (क्यूएमआरटी) तैनात रखें। आवश्यकतानुसार ड्रोन से गतिविधियों पर नजर रखें। मद्य-निषेध अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। इस बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक, अपर जिला दण्डाधिकारी- विधि-व्यवस्था, सभी एसडीओ, सभी एसडीपीओ, सभी बीडीओ, सभी अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

महागठबंधन ने निकाला आक्रोश मार्च

वोट चोरी के आरोप में पीएम मोदी, अमित शाह व मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पूर्व घोषित राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत महागठबंधन के घटक दलों के हजारों नेताओं एवं कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरोध में सीतामढ़ी में आक्रोश मार्च निकाला। मार्च के दौरान कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की और अंबेडकर स्थल के समीप तीनों का पुतला दहन किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व राजद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुनील कुशवाहा, सीपीआई के जिला सचिव कामरेड जयप्रकाश राय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना तथा सीपीएम के जिला सचिव देवेंद्र यादव ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक व्यवस्था और मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित कर रही है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर मनमाने तरीके से निर्णय लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष ने लगातार सवाल उठाए थे। वक्ताओं ने दावा किया कि आयोग के भीतर भी कुछ निर्णयों को लेकर आपत्तियां दर्ज की गई थीं।

महागठबंधन नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विपक्ष ने आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक अपनी बात रखी। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की। कार्यक्रम में राजद के मो. जलालुद्दीन खां, शैलेंद्र कुमार उर्फ कब्बू खिरहर, युवा नेता हरिओम शरण नारायण, जवाहर यादव, संजीत कुमार छोटू, श्यामबाबू यादव, बंदना कुमारी, स्वाती मिश्रा, रामकृष्ण कुशवाहा, मोहन कुमार प्रियदर्शी एवं महेंद्र राम, सीपीएम के कामरेड मदन राय, सुरेश बैठा एवं विश्वनाथ बुंदेला, कांग्रेस के मो. शम्स शहनवाज, अंजारुल हक तौहीद, इरशाद खां, रितेश रमण सिंह, विजय राठौर, तरकांत झा एवं अर्जुन खिरहर सहित बड़ी संख्या में महागठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।



आक्रोश मार्च में शामिल महागठबंधन के घटक दलों के नेता व कार्यकर्ता।

5 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार एसटीएफ एवं परिहार थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लंबे समय से फरार चल रहे 5,000 के इनामी कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान परिहार थाना क्षेत्र के आवापुर गांव निवासी मो. इजराइल, पिता मो. सिराजुल के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर 7 अक्टूबर 2026 को संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए परिहार थाना कांड संख्या 07/18 (डकैती) में लंबे समय से फरार चल रहे मो. इजराइल को मुजफ्फरपुर के माड़ीपुर स्थित सर्किट हाउस के पास से विधिवत गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

बथनाहा में 162.8 किलो गांजा बरामद, छह तस्कर गिरफ्तार

कार की तलाशी में मिला 81.40 लाख रुपये का मादक पदार्थ, मोबाइल भी जब्त

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन के निर्देश पर जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बथनाहा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने योगिवाना पेट्रोल पंप के समीप फोरलेन पर कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध कार से करीब 162.8 किलोग्राम गांजा जैसा अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 81.40 लाख रुपये बताई गई है। मामले में पुलिस ने कार सवार छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 7 अक्टूबर 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर योगिवाना पेट्रोल पंप के समीप फोरलेन पर संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से भारी मात्रा में गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ। इसके बाद मौके से छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मनीष कुमार, निवासी पंधपकार टोला, ब्रह्मपुरी, बथनाहा; उमेश महतो, बिरजू साह, इन्द्रकांत कुमार, असलम नट तथा रघुवीर साह, सभी निवासी योगिवाना, थाना बथनाहा, जिला सीतामढ़ी के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपितों के पास से 162.8 किलोग्राम गांजा जैसा अवैध मादक पदार्थ, एक कार एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया है। मामले में बथनाहा थाना कांड संख्या 412/26 दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े आगे और पीछे के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना 2025-26 अन्तर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रथम किस्त की राशि का वितरण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बापू सभागार पटना में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से संबंधित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यकम किया गया। जिला उद्योग केन्द्र, सीतामढ़ी के पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के लाभुकों को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु लगभग 132 लाभुकों को यस के माध्यम से बापू सभागार, गाँधी मैदान पटना भेजा गया। बापू सभागार, गाँधी मैदान पटना में मुख्यमंत्री बिहार सरकार के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला एमएसएमई केन्द्र का विधिवत शुभारंभ उद्घाटन किया गया एवं मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के स्वीकृत राशि का लाभुकों के बीच सांकेतिक चेक वितरीत किया गया। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के उद्देश्य राज्य के युवाओं एवं उद्यमियों को स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापित करने हेतु वितीय सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्म निर्भर बनाना तथा रोजगार के अवसरों का सृजन करना है। एमएसएमई केन्द्र, सीतामढी द्वारा उद्योग विभाग के विभिन्न योजना के सफल कियान्वयन हेतु लाभुकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

शराब कांड के फरार आरोपी गुड्डू अंसारी गिरफ्तार, कन्हौली-मेजरगंज सड़क से दबोचा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत कन्हौली थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कन्हौली थाना कांड संख्या 82/26 (आर्म्स एक्ट) के फरार प्राथमिक अभियुक्त बली उल्ला अंसारी उर्फ गुड्डू अंसारी, ग्राम माधोपुर, थाना कन्हौली, जिला सीतामढ़ी को कन्हौली-मेजरगंज सड़क के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बली उल्ला अंसारी उर्फ गुड्डू अंसारी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध कन्हौली थाना कांड संख्या 87/20, दिनांक 23 अगस्त 2020, धारा 30(ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम तथा मेजरगंज थाना कांड संख्या 114/19, दिनांक 14 जुलाई 2019, धारा 272, 273 भादवि एवं 30(ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं।

टीवी मुक्त भारत जोश (जॉइंट स्क्वाड फॉर हेल्थ) टीम का शुभारंभ

सीतामढ़ी (एनएसबी)। टीवी मुक्त भारत जोश (जॉइंट स्क्वाड फॉर हेल्थ) टीम का शुभारंभ मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 8 अक्टूबर 2026 को भारत मंडपम नई दिल्ली में हाइब्रिड मोड से आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी, सिविल सर्जन सीतामढ़ी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सीतामढ़ी, जिला युवा अधिकारी, एनसीसी कमांडेंट, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, डीपीसी, वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक, सहित माय भारत वॉलिंटियर एवं



कार्यक्रम में डीएम, सीएस, एनसीसी कमांडेंट व अन्य अधिकारी।

एनसीसी कैडेट वर्चुअल रूप से जुड़े रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा वर्ष 2025 में बेलसंड प्रखंड के सभी 9 पंचायत को टीवी मुक्त किए जाने हेतु वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक श्रीमती सुधा कुमारी को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं जिले के सभी माय भारत वॉलिंटियर एवं एनसीसी कैडेट से राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़कर समाज में जन जागरूकता एवं जन भागीदारी हेतु प्रचार प्रसार कर यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग देने की अपील की गई।

अर्हता प्राप्त छूटे हुए एवं युवा निर्वाचकों के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता प्राप्त छूटे हुए एवं युवा निर्वाचकों के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया है। उक्त आलोक में बिहार राज्य में छूटे हुए एवं युवा अहर्ता प्राप्त निर्वाचकों के पंजीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इस निमित्त निर्वाचन विभाग द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। ऐसे निर्वाचकों के पहचान के संबंध में मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी द्वारा गृह सत्यापन किया जाएगा एवं अहर्ता पाए जाने की स्थिति में प्रारूपझ6 के माध्यम से निर्वाचक सूची में पंजीकरण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई एक माह के अंदर पूर्ण की जानी है। उप निर्वाचन पदाधिकारी, सीतामढ़ी ने बताया कि मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि अर्हता प्राप्त व्यक्ति के संदर्भ में प्रारूपझ06 अनिवार्य रूप से भरा जाय। मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी उक्त विषयंकित सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बीएलए को भी साझा करेंगे।

अभियान समाप्ति उपरांत निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदान केंद्र वार तैयार सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार मतदान केंद्रों पर कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही रात्रि आश्रय मजदूरों की कॉलोनियों, गृह विहीन व्यक्तियों एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए विशेष कैंप की व्यवस्था आवश्यकता अनुसार की जाएगी। वर्तमान अभियान का पर्यवेक्षण नियमित रूप से राज्य स्तर, जिला स्तर एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर से किया जाएगा।

दुर्गा पूजा पर शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा तथा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को असामाजिक, सांप्रदायिक एवं शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाह फैलाने अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर माहौल खराब करने वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय, जिला आईटी कोषांग एवं पुलिस के साइबर सेल को सक्रिय किया गया है। सभी पूजा समितियों को अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया। पंडालों की मजबूती, अग्नि सुरक्षा ऑडिट तथा विद्युत विभाग से आवश्यक प्रमाणपत्र लेना भी अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस प्रतिमा स्थापना या जुलूस की अनुमति नहीं होगी। डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर के लिए अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी और रात 10 बजे के बाद इसका संचालन नहीं किया जा सकेगा। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष दल, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चिकित्सकीय एवं चलंत मेडिकल टीम तथा पूजा स्थलों पर सफाई व स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को जर्जर तारों एवं लूज तारों को दुरुस्त करने को कहा गया। शराब तस्करों के विरुद्ध छापेमारी, सीमा क्षेत्रों में विशेष निगरानी तथा सघन वाहन जांच अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया। लहरिया कट, बाइकर्स गैंग, बिना हेलमेट एवं काले शीशे वाले वाहनों पर कार्रवाई होगी।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

असामाजिक तत्वों पर होगी निरोधात्मक कार्रवाई : एसपी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु.-01), सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थानाध्यक्ष एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी शामिल हुए। गोष्ठी में सितंबर माह में दर्ज एवं लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने प्रभावी अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार, महिला अपराध, पॉक्सो अधिनियम समेत अन्य संवेदनशील एवं गंभीर मामलों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध अनुसंधान एवं निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में गिरफ्तारी, वारंट निष्पादन तथा कुर्की-जब्ती की कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। अवैध हथियार एवं मादक पदार्थों के खिलाफ सघन अभियान चलाने तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। आगामी दुर्गापूजा एवं अन्य पर्व-त्योहारों के मद्देनजर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई और बाउंड डाउन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सक्रिय गश्ती एवं प्रभावी आसूचना संकलन को भी मजबूत करने पर बल दिया गया। एसपी ने सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता और सक्रियता बनाए रखने तथा जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। गोष्ठी के अंत में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याएं और सुझाव सुने गए तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।



परिचर्चा भवन में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी व अन्य पदाधिकारी।

दशहरा को लेकर लेकर बैरगनिया थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। दशहरा पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में पर्व को शांति, सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया गया। पुलिस इंस्पेक्टर संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में आहुत बैठक में समिति सदस्य, विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकताओं के साथ जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर दुर्गा पूजा एवं मेला के दौरान शराब पीकर हंगामा करने वालों, लुच्चे-लफंगों एवं असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग पुलिस- प्रशासन से करते हुए कहा कि इतनी करवाई से ही पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाया एवं सम्पन्न कराया जा सकेगा। पुलिस इंस्पेक्टर श्री सिंह एवं थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने स्पष्ट कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान मेला, पूजा स्थल तथा प्रतिमा विसर्जन के मौके पर डीजे बजाने, शांति एवं विधि-व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की।

बैठक में अपर थानाध्यक्ष अनुराग कुमार, अवर निरीक्षक बलराम प्रसाद, नगर परिषद के सिटी मैनेजर सुमंत कुमार सुमन, स्वच्छता पदाधिकारी प्रभात कुमार पाल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर रात्रि रक्त पट्ट संग्रह पर लैब कर्मियों का प्रशिक्षण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने एवं आगामी रात्रि रक्त पट्ट संग्रह (नाईट ब्लड सर्वे - एनबीएस) को गुणवत्तापूर्ण तरीके से संचालित करने के उद्देश्य से सदर अस्पताल, सीतामढ़ी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव के नेतृत्व में किया गया।

प्रशिक्षण में जिले के सभी 17 प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र से 36 प्रयोगशाला प्रावैधिकी (लैब तकनीशियनस) एवं 36 सहायकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान लैब कर्मियों को रक्त संग्रह की प्रक्रिया, स्लाइड तैयार करने, स्टैनिंग तथा फाइलेरिया के परजीवी बुचेरेरिया बैनक्रॉफ्टी की पहचान के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई। वहीं पीपीटी के माध्यम से रात्रि रक्त पट्ट संग्रह की प्रक्रिया, सावधानियों एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई।

जिले में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह के तहत सभी 17 प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र में 3-3 गांवों से 300-300 लोगों, यानी कुल 16,200 लोगों के रक्त नमूने संग्रहित किए जाएंगे। रक्त संग्रह का कार्य रात्रि 10 बजे के बाद किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार फाइलेरिया का परजीवी रात्रि के समय रक्त में अधिक सक्रिय एवं उपलब्ध होता है, इसलिए माइक्रोफाइलेरिया की पहचान के लिए रात्रि में रक्त नमूना संग्रह किया जाता है।

सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव ने बताया कि अभियान के दौरान प्रखंड एवं जिला स्तर से सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि रक्त संग्रह एवं जांच की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला पदाधिकारियों के साथ-साथ पीरामल फाउंडेशन एवं हु डब्लूएचओ की टीम द्वारा भी नियमित निगरानी की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वीडीसीओ आरिफ खान, पवन यादव, भीबीडी नियंत्रण कार्यालय से रजनीश कुमार एवं कमलेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सहयोग किया। वहीं पीरामल फाउंडेशन की ओर से प्रोग्राम लीड रोहित कुमार, पीओ - सीडी विशाल कुमार, शशि कुमार एवं गांधी फेलो दीपक कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय में सहयोग किया। फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में आयोजित यह प्रशिक्षण जिले में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह की प्रक्रिया को मानकीकृत करने तथा रक्त नमूनों की गुणवत्ता एवं जांच की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते सिविल सर्जन व अन्य अधिकारी।

मदरसा डेवलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन (एमडीओ) की जिला कमेटी का विस्तार, अरमान अली बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। मदरसा डेवलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन (एमडीओ) की जिला कमेटी के विस्तार को लेकर गुरुवार को किसान कॉलेज, बरियारपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना निजामुल हक सल्फी ने की। कार्यक्रम में जिले के सभी 17 प्रखंडों से पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों, मदरसा शिक्षकों एवं जिम्मेदार सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान संगठन को प्रखंड स्तर तक और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने, मदरसा शिक्षकों एवं कर्मियों को संगठन से जोड़ने तथा सदस्यता अभियान को व्यापक रूप देने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मो. अरमान अली को मदरसा डेवलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।



मदरसा डेवलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन की बैठक को सम्बोधित करते वक्ता व मंचासीन संगठन के अन्य पदाधिकारी।

मुख्य अतिथि एमडीओ बिहार के प्रदेश महासचिव सैय्यद फतह अहमद उर्फ महताब ने कहा कि संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी प्रखंडों में आपसी समन्वय, सक्रिय भागीदारी और मजबूत संगठनात्मक ढांचे की आवश्यकता है।

एमडीओ बिहार के संयोजक शफी अंसारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी प्रखंडों में सक्रिय सदस्यों की भागीदारी जरूरी है। सम्मानित अतिथि मुबशिर आलम ने भी संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया।

प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरुल इस्लाम ने कहा कि संगठन के विस्तार के साथ सदस्यता अभियान को गति दी जाएगी। अधिक से अधिक मदरसा शिक्षकों एवं कर्मियों को संगठन से जोड़कर आपसी समन्वय के साथ संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा।

जिला कमेटी का हुआ विस्तार : बैठक में एमडीओ की सीतामढ़ी जिला कमेटी का विस्तार करते हुए अभिभावक मौलाना जियाउर्रहमान कासमी, अध्यक्ष मौलाना जाहिद हुसैन नूरी, उपाध्यक्ष मौलाना सेराज नदवी, सचिव मो. अजमल, उप सचिव मो. मुख्तार अंसारी, संयुक्त सचिव मो. शाहिद अशरफ, कोषाध्यक्ष मौलाना मो. अताउल्लाह, मीडिया इंचार्ज कारी मो. आमिर सोहैल तथा जिला प्रवक्ता मो. फकरुल हसन को जिम्मेदारी दी गई।

इसके अलावा रेजाउर्रहमान, मौलाना निशांत, मो. जलालुद्दीन कुरैशी, ईशा रहमानी, अब्दुल मुजीब, मो. मुकर्रम समेत अन्य सदस्यों को जिला कमेटी में शामिल किया गया। नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मो. अरमान अली, मुतुर्जा हसन, कौशर रब्बानी, अब्दुल कादिर, मौलाना महबूब आलम, रेजाउल्लाह, सदरे आलम, मोहम्मद वकार, नजीब अख्तर, वसी आलम अरशद, अरशद रेजा, मो. मजहर अली राजा समेत सैकड़ों मदरसा शिक्षक एवं संगठन के सदस्य मौजूद थे।

सम्पादकीय

अपाहिजों की व्यथा कौन सुने

समाज की असली पहचान उसकी ऊंची इमारतों, चमकती सड़कों और बढ़ती संपन्नता से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने सबसे कमजोर और जरूरतमंद लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है। शारीरिक दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमता, प्रतिभा या आत्मसम्मान को कम नहीं करती, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि आज भी अनेक दिव्यांगजन समाज की उपेक्षा, असुविधाओं और संवेदनहीन व्यवहार का सामना करने को मजबूर हैं। उनकी पीड़ा अक्सर दिखाई तो देती है, लेकिन उसे समझने और सुनने वाला कोई नहीं होता।

एक दिव्यांग व्यक्ति के लिए घर से बाहर निकलना ही कई बार किसी चुनौती से कम नहीं होता। सड़कें हों, सरकारी कार्यालय हों, अस्पताल हों, विद्यालय हों या सार्वजनिक परिवहन हर जगह सुविधाओं की कमी उनकी मुश्किलें बढ़ा देती है। जहां एक सामान्य व्यक्ति कुछ कदम चलकर अपना काम पूरा कर लेता है, वहीं किसी दिव्यांग को उसी काम के लिए कई गुना अधिक संघर्ष करना पड़ता है। यह केवल शारीरिक कठिनाई नहीं, बल्कि व्यवस्था की उस कमी का प्रमाण है, जिसमें सभी नागरिकों की जरूरतों को समान महत्व नहीं दिया जाता। सबसे अधिक पीड़ा तब होती है, जब दिव्यांग व्यक्ति को सहायता की आवश्यकता होने पर भी लोग उसे बोझ समझने लगते हैं। कई बार उनकी क्षमता को उनकी शारीरिक अक्षमता के आधार पर आंक दिया जाता है। रोजगार के अवसरों में उपेक्षा, शिक्षा में बाधाएं और सामाजिक जीवन में दूरी उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करती है। जबकि सच्चाई यह है कि अवसर और उचित वातावरण मिलने पर दिव्यांगजन भी समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

सरकारों ने दिव्यांगजनों के लिए अनेक योजनाएं और अधिकार निर्धारित किए हैं। पेंशन, आरक्षण, छात्रवृत्ति, सहायक उपकरण, रोजगार में अवसर और सार्वजनिक स्थानों को सुगम बनाने जैसी व्यवस्थाएं निश्चित रूप से स्वागत योग्य हैं। लेकिन सवाल यह है कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक कितनी सहजता से पहुंच रहा है कागज पर बनी व्यवस्था तब तक सार्थक नहीं हो सकती, जब तक जरूरतमंद व्यक्ति को उसके अधिकार के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

दिव्यांगता प्रमाणपत्र, पेंशन, सहायक उपकरण अथवा अन्य सरकारी सुविधाओं के लिए यदि किसी व्यक्ति को बार-बार कार्यालय जाना पड़े, लंबी कतार में खड़ा होना पड़े या अनावश्यक कागजी प्रक्रिया से गुजरना पड़े, तो यह व्यवस्था की संवेदनशीलता पर प्रश्नचि खड़ा करता है। प्रशासनिक तंत्र का उद्देश्य केवल नियम बनाना नहीं, बल्कि उन नियमों को मानवीय ष्टिकोण के साथ लागू करना भी होना चाहिए। समाज की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। किसी दिव्यांग व्यक्ति को देखकर दया करना पर्याप्त नहीं है। उन्हें दया नहीं, सम्मान, अवसर और बराबरी का अधिकार चाहिए। सहानुभूति अच्छी बात है, लेकिन सम्मान उससे भी बड़ी चीज है। हमें ऐसा वातावरण बनाना होगा, जहां दिव्यांग व्यक्ति अपनी पहचान अपनी कमजोरी से नहीं, बल्कि अपनी प्रतिभा और उपलब्धियों से बनाए।

परिवार भी इस संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई दिव्यांगजन अपने ही घर में उपेक्षा का सामना करते हैं। परिवार को उनकी जरूरतों के साथ-साथ उनकी इच्छाओं और सपनों को भी समझना होगा। उन्हें निर्णय लेने का अवसर देना होगा और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। किसी व्यक्ति की शारीरिक सीमा उसके सपनों की सीमा नहीं हो सकती। विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों से अलग करने के बजाय उन्हें समान वातावरण और आवश्यक सुविधाएं मिलनी चाहिए। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं हैय शिक्षा आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ जीने का रास्ता भी दिखाती है।

शहरों की योजना बनाते समय भी दिव्यांगजनों को ध्यान में रखना जरूरी है। फुटपाथ, सरकारी भवन, अस्पताल, विद्यालय, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर रैंप, रेलिंग, सुगम प्रवेश और आवश्यक संकेतों की व्यवस्था केवल सुविधा नहीं, बल्कि समान अधिकार का हिस्सा है। यदि कोई सार्वजनिक भवन दिव्यांग व्यक्ति के लिए पहुंच से बाहर है, तो वह भवन वास्तव में सबके लिए सार्वजनिक नहीं कहा जा सकता।

आज जरूरत इस बात की है कि हम दिव्यांगजनों को समस्या के रूप में देखना बंद करें और उन्हें समाज की समान भागीदारी का हिस्सा मानें। उनकी आवाज को सुनना होगा, उनकी कठिनाइयों को समझना होगा और उनकी शिकायतों को महज औपचारिकता मानकर टालना बंद करना होगा।

आदेश और अंतरात्मा के बीच खड़ी वर्दी !



रजनीश कपूर ।

लोकतंत्र केवल मतपेटी में बंद मतों का नाम नहीं है। वह उस सांस का भी नाम है, जिसमें नागरिक अपनी नाराजगी शांतिपूर्वक सड़क पर रख सके। भारत के संविधान ने यह सांस अनुच्छेद 19(1)(क) और 19(1)(ख) में दी है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बिना हथियार के शांतिपूर्वक एकत्र होने का अधिकार और सीमा भी उसी अनुच्छेद में है। अनुच्छेद 19(2) और 19(3) संप्रभुता, अखंडता और सार्वजनिक व्यवस्था के हित में युक्तियुक्त निर्बंधन की अनुमति देते हैं। यहीं से पुलिस का कठिन कर्तव्य शुरू होता है। उसे न विरोध को कुचलना है, न अव्यवस्था को खुली छूट देनी है।

यह द्वंद्व किसी एक आंदोलन की संपत्ति नहीं है। परीक्षा-पत्र लीक से निकले युवा मार्च हों, किसान कानूनों के खिलाफ घेराव हो, नागरिकता कानून पर धरना हो, या चुनावी सूची और निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर उठे सवाल हों। हर बार सवाल एक ही लौटता है। राज्य विरोध को सुविधा दे रहा है, या केवल उसे नियंत्रित करने के नाम पर संकुचित कर रहा है।

अक्टूबर 2026 का दिल्ली दृश्य इसी प्रश्न की ताजा तस्वीर है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्षी गठबंधन के सांसद जंतर-मंतर की ओर बढ़े, तो लुटियंस दिल्ली बैरिकेड, आरएएफ और केंद्रीय बलों की छावनी बन गई। बसें रोक दी गईं, रास्ते सील कर दिए गए।

उसी बीच, पेपर लीक मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेने वाली ककरोच जनता पार्टी ने 10 अक्टूबर के जंतर-मंतर प्रदर्शन की औपचारिक सूचना संसद मार्ग थाने में दी।

पिछली बार के धरने से सबक लेते हुए इस बार दिल्ली पुलिस ने अनुमति नामंजूर कर दी। तर्क यह था कि निर्धारित स्थल पर भी बैठक या धरने के लिए आवेदन कम से कम दस दिन पहले देना होता है, और भीड़ के आकार के अनुसार स्थल जंतर-मंतर, रामलीला मैदान या बुराड़ी तय होते हैं। आयोजकों का जवाब सीधा था। जंतर-मंतर ऐतिहासिक और चिन्हित विरोध-स्थल है। पुलिस का काम सुरक्षा, व्यवस्था और यातायात है, अनुमति देकर नागरिक के अधिकार का फैसला करना नहीं।

कानून इस बहस में खाली नहीं है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की वे धाराएँ, जो पहले दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 129 से 132 थीं, कार्यपालक मजिस्ट्रेट या थाना प्रभारी को गैरकानूनी जमाव को तितर-बितर करने का आदेश देती हैं। बल तभी है जब आदेश न माना जाए, और तब भी जितना कम बल और जितनी कम क्षति हो, उतना ही।

धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लगाई जा सकती है, पर सर्वोच्च न्यायालय अनुराधा भसीन मामले में कह चुका है कि ऐसा आदेश वास्तविक आपात पर टिका हो, तथ्यों को दर्ज करे और आनुपातिकता की कसौटी पर खरा उतरे।

हिम्मत लाल शाह (1973) में सार्वजनिक सड़कों पर बैठकों का पूर्ण निषेध नकारा गया। रामलीला मैदान (2012) में प्रक्रियात्मक सुरक्षा को औपचारिकता नहीं माना गया। अमित साहनी, यानी शाहीन बाग (2020), में शांतिपूर्ण विरोध को माना गया, पर सार्वजनिक मार्ग के अनिश्चितकालीन कब्जे को नहीं।

> भारत के संविधान ने यह सांस अनुच्छेद 19(1)(क) और 19(1)(ख) में दी है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बिना हथियार के शांतिपूर्वक एकत्र होने का अधिकार और सीमा भी उसी अनुच्छेद में है। अनुच्छेद 19(2) और 19(3) संप्रभुता, अखंडता और सार्वजनिक व्यवस्था के हित में युक्तियुक्त निर्बंधन की अनुमति देते हैं। यहीं से पुलिस का कठिन कर्तव्य शुरू होता है। उसे न विरोध को कुचलना है, न अव्यवस्था को खुली छूट देनी है।

मार्च 2025 में न्यायालय ने कहा कि पुलिस अनुच्छेद 12 के अर्थ में राज्य का अंग है, इसलिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा उसका संवैधानिक दायित्व है।

जुलाई 2026 में, नीट व अन्य पेपर लीक पर 'चलो संसद' मार्च के बाद, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने मौखिक रूप से रेखांकित किया कि शांतिपूर्ण विरोध गारंटीत है और केवल आंदोलन होने से लाठीचार्ज जायज नहीं हो जाता।

जुलाई का वह मार्च याद दिलाने लायक है, क्योंकि वहाँ बल की सीमा ही विवाद बनी। पुलिस का पक्ष था कि मार्च मना था, भीड़ ने बैरिकेड तोड़े और पथराव किया, बल अंतिम उपाय था और इस प्रदर्शन में सौ से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल हुए। प्रदर्शनकारियों, अस्पताल रिकॉर्ड और बाद की रिपोर्टो ने लाठी, आँसू गैस और पेलेट गन के इस्तेमाल की बात कही। न्यायालय ने नाबालिगों की रिहाई के आदेश दिए और स्वतंत्र जाँच का पैनल बनाया। वहीं दिल्ली पुलिस ने अपने आचरण को कानूनी और पेशेवर बताया। दोनों बयान अब भी अधूरे हैं। यही अधूरापन हर बड़े प्रदर्शन के बाद दोहराया जाता है।

इसी ढाँचे में वर्दी की नैतिक स्थिति समझी जा सकती है। धरने प्रदर्शन का सामना कर रहा पुलिस का सिपाही अक्सर उसी वर्ग से आता है जिससे प्रदर्शनकारी। वह परीक्षा की अनियमितता, बेरोजगारी, फसल के दाम या मतदाता सूची के संदेह को व्यक्तिगत रूप से समझ सकता है। पर उसके साथ ही वह वर्दी में वह राजनीतिक कार्यपालिका के आदेश का सेवक है।

संविधान की सातवीं अनुसूची में पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था राज्य सूची के विषय हैं। दिल्ली में यह नियंत्रण केन्द्र के गृह मंत्रालय से जुड़ा है। स्थानांतरण, पदोन्नति और विभागीय जाँच उसी सत्ता के हाथ में हैं, जिसकी नीतियों के खिलाफ भीड़ खड़ी होती है। परिणाम यह होता है कि 'न्यूनतम बल' का सिद्धांत असल में मौके पर 'आदेश का पालन' में सिकुड़ जाता है। यह भी सच है कि जब भीड़ पथराव करती है, वाहन क्षतिग्रस्त करती है या सुरक्षाकर्मियों पर हमला होता है, तब संयम बरतने वाले अधिकारी को बाद में ढिलाई का आरोप झेलना पड़ता है। पुलिस न पूरी तरह दमन का औजार है, न भीड़ का स्वयंसेवक। वह बीच की संस्था है। उसकी निष्पक्षता तभी बचती है जब राजनीतिक आका ऐसा कोई आदेश दें, पर कानून सीमा बाँधे।

इसलिए सुधार किसी एक प्रदर्शन की जीत-हार से नहीं निकलेगा। बल प्रयोग की हर घटना की वीडियो, समय और आदेश-श्रृंखला सार्वजनिक होनी चाहिए। निषेधाज्ञा लिखित हो और बाद में आनुपातिकता की स्वतंत्र जाँच हो। चिन्हित स्थलों पर पूर्व सूचना और यातायात व्यवस्था को अनुमति के पूर्ण निषेध से अलग रखा जाए।

प्रदर्शनकारियों के लिए भी सीमा साफ है। बिना हथियार, बिना मार्ग के अनंत कब्जे, और बिना हिंसा के। लोकतंत्र में पुलिस संविधान का अभिकर्ता है। जब वह राजनीतिक इच्छा और नागरिक के नैतिक दावे के बीच कानून को चुनती है, तभी विरोध सड़क की गरमी बना रहता है, राजधानी का घेरा नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

क्रिकेट के लीजेंड्स के साथ सबसे लीजेंडरी कहानियां!

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कुछ क्रिकेट की कहानियां इतिहास की किताबों में दर्ज होने के लिए होती हैं, जबकि कुछ कहानियां कुछ ठहाकों के साथ सुनाने के लिए बेहतर होती हैं। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5 में सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री, कपिल शर्मा के साथ इस हंसी के त्यो-हा-हा-हार में साथ नजर आएंगे, जहां एक ऐसी शाम देखने को मिलेगी, जिसमें क्रिकेट से जुड़ी दोनों तरह की कहानियां होंगी। शो में रवि शास्त्री की पहली मौजूं को खास बनाते हुए, यह एपिसोड भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजों को एक साथ लाता है, जहां बातचीत क्रिकेट के मैदान से आगे तक



जाती है। बातचीत तब पुरानी यादों में बदल जाती है, जब कपिल वेस्टइंडीज की उस विशालकाय टीम की तस्वीरें दिखाते हैं और सुनील गावस्कर से उत्सुकता से पूछते हैं कि वह हमेशा बिना हेलमेट के कैसे खेलते थे।

सिद्धू बताते हैं कि उन्होंने अपने भत्ते के पैसे से एक बहुत बड़ा हेलमेट खरीदा था, वहीं गावस्कर करीब 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों का निडर होकर सामना करते थे और मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'अंदर भेजे में कुछ नहीं था।' गावस्कर के लिए भारत के लिए खेलना हमेशा सम्मान की बात रही। इसके बाद सिद्धू भारत के लिए अपने चयन को याद करते हैं, जब वह 18 साल के थे, और उस समय को भी याद करते हैं जब उन्होंने तत्कालीन कप्तान रवि शास्त्री के साथ कमरा साझा किया था। तभी वह अचानक शास्त्री को किसी के साथ देखकर कमरे में पहुंच गए और उन्हें बार-बार बाहर जाने के लिए कहा गयाजिससे एक बेहद मजेदार खुलासा सामने आता है।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5 का लेटेस्ट एपिसोड देखने के लिए शनिवार रात 8 बजे ट्यून इन करें, केवल नेटफ्लिक्स पर।

राजनीति का सांस्कृतिक कर्म विषय पर मीमांसा व्याख्यानमाला का आयोजन

वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक विजय त्रिवेदी ने 'राजनीति का सांस्कृतिक कर्म' विषय पर रखे अपने विचार

नई दिल्ली (दैनिक नवसंदेश)। जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (सांध्य) में 'साध्य' कार्यक्रम के अंतर्गत 'मीमांसा व्याख्यानमाला' का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला के तहत वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक विजय त्रिवेदी ने 'राजनीति का सांस्कृतिक कर्म' विषय पर अपना वक्तव्य दिया। व्याख्यान में राजनीति और संस्कृति के अंतर्संबंधों, राजनीतिक प्रक्रियाओं में सांस्कृतिक तत्वों की भूमिका तथा समकालीन भारतीय राजनीति को समझने में सांस्कृतिक विमर्श की महत्ता पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. भरत सिंह ने की। राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रभारी कुंवर प्रांजल सिंह ने सत्र का संचालन किया।

अपने वक्तव्य में विजय त्रिवेदी ने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति और शासन-व्यवस्था तक सीमित न मानते हुए उसके व्यापक सांस्कृतिक पक्ष पर विचार किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीति समाज की सामूहिक स्मृतियों, सांस्तिक प्रतीकों, परंपराओं, आकांक्षाओं और पहचान के निर्माण की



प्रक्रिया से गहरे रूप में जुड़ी होती है।

व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के बीच विषय को लेकर विस्तृत संवाद और प्रश्नोत्तर का दौर चला। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने अपने प्रश्नों और जिज्ञासाओं के माध्यम से विमर्श को आगे बढ़ाया तथा राजनीति और संस्कृति के संबंधों को लेकर विभिन्न दृष्टिकोण सामने रखे।

कार्यक्रम में राजनीतिक विज्ञान विभाग से प्रो. संजय कुमार, ओमप्रकाश दहिया, शुभ्रा पंत कोठारी और तारीख साहब सहित महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक उपस्थित रहे।

अर्थशास्त्र विभाग से प्रो. जय किशन, पर्यावरण विज्ञान विभाग से अरबिन ठाकुर, वाणिज्य विभाग से बरिंदर कुमार, हिंदी विभाग से प्रो. अनिल शर्मा, सपना तिवारी और सतीश कुमार, दर्शनशास्त्र विभाग से सूरज कुमार, मनोज कुमार और जफर, अंग्रेजी विभाग से हरि प्रसाद तथा भारतीय भाषाओं से जुड़े तिलक सरकार, सुशील कुमार, मुजफ्फर और विजय नारायण ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

व्याख्यानमाला में विभिन्न विभागों के शिक्षकों की उपस्थिति ने इसे एक बहुविषयक अकादमिक विमर्श का स्वरूप प्रदान किया। विद्यार्थियों और शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक संवादपरक बनाया। 'राजनीति का सांस्कृतिक कर्म' पर केंद्रित यह व्याख्यान राजनीति को उसके सामाजिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक संदर्भो में समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अकादमिक पहल के रूप में सामने आया।

मौसम बदलते ही दांतों में होने वाली संवेदनशीलता, जानिए क्या है वजह

पटना (दैनिक नवसंदेश)। डा. सोनिया दत्ता, एमडीएस, पीएचडी, प्रोफेसर इन पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री के अनुसार कुछ बदलाव इतने धीरे-धीरे आते हैं कि हमें उनका एहसास भी नहीं होता। हवा में हल्की ठंडक घुलने लगती है। सुबह की चाय थोड़ी देर तक गर्म रहती है। कुछ हफ्ते पहले तक जो आइसक्रीम बेहद पसंद थी, वह अब उतनी आकर्षक नहीं लगती। फिर एक दिन, आप कुछ गर्म या ठंडा पीते हैं और अचानक एक दांत में तेज झनझनाहट महसूस होती है, ऐसे दांत में, जिसने पहले कभी परेशानी नहीं दी थी। इसे एक मामूली और अस्थायी समस्या समझकर नजरअंदाज करना आसान है। लेकिन कई बार जो एक छोटी-सी मौसमी असुविधा लगती है, वह वास्तव में आपके दांतों का संकेत होता है कि उन्हें थोड़ी अतिरिक्त देखभाल की जरूरत है। डाबर रेड टूथपेस्ट में आयुर्वेदिक तत्वों की अच्छाई समाहित है, जैसे लौंग, जिसे पारंपरिक रूप से दांतों के दर्द और असुविधा से राहत दिलाने में सहायक माना जाता है, और सूंट , जो मसूड़ों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती है। इंडियन डेंटल एसोसिएशन की स्वीकृति मुहर से प्रमाणित यह टूथपेस्ट रोजमर्रा की देखभाल प्रदान करता है, जो हर मौसम में दांतों को मजबूत और मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है।

> यह लेख डा. सोनिया दत्ता, एमडीएस, पीएचडी, प्रोफेसर इन पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री द्वारा लिखित है

जैसे-जैसे मौसम बदलता है, हमारी रोजमर्रा की आदतें भी बदल जाती हैं। हम ज्यादा गर्म पेय पदार्थो का सेवन करने लगते हैं, आरामदायक भोजन को प्राथमिकता देते हैं और दिनभर में गर्म और ठंडे तापमान के बीच आते-जाते रहते हैं। जिन लोगों के दांतों का एनामेल कमजोर हो चुका है या डेंटिन बाहर आ चुका है, उनमें ये बदलाव दांतों की संवेदनशीलता को अधिक स्पष्ट बना सकते हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम सीधे तौर पर दांतों में संवेदनशीलता पैदा करता है, बल्कि मौसम में बदलाव पहले से मौजूद समस्या को उजागर कर देता है।

दांतों की संवेदनशीलता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह अक्सर इस बात का संकेत होती है कि आपके दांतों और मसूड़ों को बेहतर सुरक्षा की जरूरत है। घिसा हुआ एनामेल, प्लाक का जमाव, कैविटी या मसूड़ों का पीछे हटना दांत की अंदरूनी परतों को उजागर कर सकता है, जिससे सामान्य खाद्य पदार्थ और पेय भी असहजता का कारण बन जाते हैं। अच्छी बात यह है कि ये शुरुआती संकेत आपको समय रहते सावधान होने और भविष्य में होने वाली गंभीर दंत समस्याओं से बचने का अवसर भी देते हैं।

इसीलिए मौसमी उपायों के बजाय नियमित देखभाल अधिक महत्वपूर्ण है। एक अच्छी ओरल केयर रूटीन आपके दांतों को हर दिन मजबूत और सुरक्षित बनाए रखने में मदद करती है, न कि केवल तब जब संवेदनशीलता महसूस हो। सही टूथपेस्ट का चुनाव भी इस दिनचर्या का एक अहम हिस्सा है। मौसम बदलते रहेंगे। आपकी दिनचर्या बदलेगी, आपकी पसंद बदलेंगी और बाहर का मौसम भी बदलता रहेगा। लेकिन एक चीज जो नहीं बदलनी चाहिए, वह है आपके दांतों की देखभाल। क्योंकि जब आप हर दिन अपने दांतों का सही ध्यान रखते हैं, तो मौसम बदलने पर भी वे आपको किसी असुविधा की याद नहीं दिलाते।

जी सिनेमा पर मचेगा प्यार, कन्फ्यूजन और कॉमेडी का धमाल, 'है जवानी तो इश्क होना है' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 10 अक्टूबर को रात 8 बजे

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश)। जी सिनेमा इस शनिवार,10 अक्टूबर को रात 8 बजे डेविड धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर लेकर आ रहा है। यह फिल्म वरुण धवन और उनके पिता डेविड धवन की चौथी साथ की फिल्म है। इससे पहले दोनों 'कुली नं.1', 'जुड़वा 2' और 'मैं तेरा हीरो' में साथ काम कर चुके हैं। टिप्स फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी और रमेश तौरानी द्वारा निर्मित 'है जवानी तो इश्क होना है' एक टिपिकल डेविड धवन एंटरटेनर है, जिसमें उनकी खास कॉमेडी, दिल को छू लेने वाला पारिवारिक ड्रामा, रोमांस और भरपूर मनोरंजक अफरा-तफरी का शानदार मेल देखने को मिलता है।



कहानी जस (वरुण धवन) की है, जिसकी अपनी पत्नी बानी (मृणाल ठाकुर) के साथ शादीशुदा जिंदगी में दूरियाँ आ चुकी हैं। इसी दौरान, इंग्लैंड में उसकी मुलाकात प्रीत (पूजा हेगड़े) से होती है। इसके बाद शुरू होता है गलतफहमियों, बदली हुई पहचान, उलझते रिश्तों, बड़े बड़े झूठ और मजेदार घटनाओं का ऐसा सिलसिला, जो दर्शकों को हँसी से लोटपोट कर देता है।

डेविड धवन कहते हैं, सिनेमा में चार दशक से ज्यादा का सफर तय करने के बाद भी मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी आज भी अपने दर्शकों का मनोरंजन करना है। यह मेरी 46वीं फिल्म है और मैं ऐसी फिल्म बनाना चाहता था, जिसमें वे सभी चीजें हों, जिन्हें लोग मेरे सिनेमा में पसंद करते हैं, जैसे हास्य, उलझन, संगीत और भावनाएँ। वरुण के साथ काम करना इसे और खास बना देता है, क्योंकि वह सिर्फ मेरा बेटा ही नहीं, बल्कि ऐसा कलाकार भी है, जिसके साथ मुझे चार फिल्मों में काम करने का सौभाग्य मिला है। सिनेमा ने मुझे बहुत कुछ दिया है, लेकिन आज मेरा परिवार और मेरे पोते-पोतियाँ ही मेरी सबसे बड़ी खुशी हैं। जब तक मैं नई कहानियां बनाकर लोगों का मनोरंजन करता रहूँगा, मुझे खुशी मिलती रहेगी। मुझे बेहद खुशी है कि अब यह फिल्म जी सिनेमा पर प्रीमियर होने जा रही है, जिससे देशभर के दर्शकों और परिवारों को एक साथ बैठकर इस मनोरंजक फिल्म का आनंद लेने का मौका मिलेगा।

मृणाल ठाकुर कहती हैं, मैं हमेशा से कॉमेडी करना चाहती थी और यदि मुझे इस जनर में कदम रखना था, तो वह डेविड सर के साथ ही होना था। उनकी फिल्मों में एक अलग ही ऊर्जा होती है और उनके पारिवारिक मनोरंजन का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खुशी की बात रही है। बस एक ही अफसोस है कि काश मैं उनसे पहले मिली होती, क्योंकि मैं उनके साथ और भी फिल्में करना पसंद करती। मुझे बहुत खुशी है कि यह फिल्म अब जी सिनेमा पर प्रीमियर हो रही है और उम्मीद है कि देशभर के दर्शक इसे अपने परिवार के साथ देखकर खूब आनंद उठाएँगे। पूजा हेगड़े कहती हैं, इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है। यह मनोरंजन और यार पलों से भरपूर कहानी है और मुझे खुशी है कि अब इसका प्रीमियर जी सिनेमा पर होने जा रहा है, जिससे यह देशभर के दर्शकों तक पहुँचेगी।

अहमदाबाद हेरिटेज हीरोज का लोगो लॉन्च

गुजरात में कबड्डी को नई पहचान देने का लक्ष्य

दैनिक नवसंदेश

अहमदाबाद। गुजरात कबड्डी लीग के लिए अहमदाबाद हेरिटेज हीरोज टीम का लोगो बुधवार को लॉन्च किया गया। पेंटाफोर्स स्पोर्ट्स से जुड़ी यह टीम गुजरात में कबड्डी को अधिक संगठित और व्यापक मंच देने के साथ खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं के अवसर और बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने पर काम करेगी। गुजरात स्टेट कबड्डी एसोसिएशन की ओर से गुजरात कबड्डी लीग का आयोजन किया जा रहा है।

खेल प्रमोटर जगत पटेल ने कहा कि लीग की घोषणा के बाद उन्हें इस पहल से जुड़ने का अवसर मिला, लेकिन उनका उद्देश्य केवल लीग तक सीमित नहीं है। अहमदाबाद और गुजरात में कबड्डी सहित अन्य खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करने, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देने तथा उन्हें नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कबड्डी भारत के पारंपरिक और लोकप्रिय खेलों में शामिल है। पिछले कुछ वर्षो में पेशेवर स्तर पर इस खेल को मिली पहचान से युवाओं में इसकी रुचि बढ़ी है।

गुजरात में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मंच, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और नियमित प्रतियोगिताओं के अवसर देने की है।



गुजरात कबड्डी लीग के लिए अहमदाबाद हेरिटेज हीरोज टीम का लोगो बुधवार को लॉन्च किया गया।

400 से 4,000 खिलाड़ियों तक पहुंचने का लक्ष्य

पेंटाफोर्स स्पोर्ट्स की ओर से आने वाले समय में कबड्डी अकादमी शुरू करने की भी योजना है। संगठन के अनुसार फिलहाल अहमदाबाद में करीब 400 खिलाड़ी कबड्डी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। लक्ष्य इस संख्या को कम समय में बढ़ाकर 4,000 से अधिक करने का है। इसके लिए गुजरात के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

अहमदाबाद हेरिटेज हीरोज से जुड़े भास्कर भट्ट, कोशिश शाह, अजय पटेल और मिलाप पटेल ने कहा कि गुजरात में कबड्डी के लिए मजबूत और संगठित मंच की जरूरत महसूस हुई। टीम का उद्देश्य केवल एक लीग या प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य में कबड्डी के लिए दीर्घकालिक वातावरण तैयार करना है, ताकि शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे आने का अवसर मिले।

भास्कर भट्ट ने कहा कि गुजरात में कबड्डी के अलावा अन्य खेलों को भी उचित सुविधाएं, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिलना चाहिए। राज्य के युवाओं में विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने की क्षमता है। खिलाड़ियों और खेल संगठनों से जुड़े मुद्दों को सरकार के उचित स्तर तक पहुंचाने में भी सहयोग किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार, खेल संघों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और खेल क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। इस पहल को गुजरात स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान सहाय योगी तथा पूर्व भारतीय और पूर्व ईरानी राष्ट्रीय टीम के कोच केसी सुथार सहित खेल क्षेत्र से जुड़े अन्य लोगों के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

मॉडल स्कूल में बच्चों के बीच पहुंचे डीएम, खुद गणित के सवाल हल कराए



बच्चों को पढ़ाते डीएम सौरभ कुमार।

मोतिहारी (एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान केसरिया अंचल के कढ़ान बैरिया स्थित शहीद भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (मडल स्कूल) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित मिले तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति भी संतोषजनक पाई गई। डीएम ने विद्यालय में चल रहे पठन-पाठन एवं स्मार्ट क्लास का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान गणित की कक्षा में उन्होंने विद्यार्थियों को प्रश्न हल करने का तरीका समझाया और स्वयं बच्चों से गणित के सवाल पूछे। जिलाधिकारी को खुद कक्षा लेते देखकर विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने बच्चों को शिक्षा साथी ऐप की जानकारी देते हुए इसके उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग विद्यार्थियों की पढ़ाई को और प्रभावी बना सकता है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजष्ण झा, चकिया एसडीओ शिवानी शुभम एवं केसरिया बीडीओ मौजूद थे।

स्वर्ण व्यवसायी को अपराधियों ने मारी गोली, चल रहा उपचार

चकिया (एनएसबी)। बेखौफ बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने बुधवार को रात्रि में थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसघाट बाजार के समीप स्वर्ण व्यवसाई युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यवसाई की पहचान बांसघाट गांव के वार्ड 6 निवासी अवध किशोर साह के 28 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। घायल का इलाज मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घायल युवक के पिता अवध किशोर साह ने बताया कि भुवन छपरा चौक पर आभूषण का दुकान है। रात्रि में दुकान बंद कर अपने पुत्र सुजीत के साथ एक ही बाइक से घर जा रहे थे। इसी क्रम में रास्ते में पीछे से आ रहे बाइक सवार अपराधियों ने हवाई फायरिंग की व मेरे पुत्र के कंधे में टंगा आभूषण से भड़ा बैग छीनने लगा। विरोध करने पर अज्ञात अपराधियों ने सुजीत को एक गोली दाहिने पैर में तथा कमर के निकट दूसरी गोली मार दिया। गोली लगने का बाद मेरा पुत्र व हम बाइक लेकर नीचे गिर गए व गोली चलने की आवाज सुन आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए। लोगों को देख अपराधी आगे निकल गए। अपाचे बाइक पर तीन अपराधी सवार था। सभी कपड़ा से मुंह बांधे हुए था। उन्होंने बताया कि आभूषण से भरा बैग अपराधी नहीं ले जा सके। घटनास्थल से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया है। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धर्मप्रकाश कुमार ने बताया कि स्वर्ण व्यवसायी से लूट का प्रयास किया गया था, लेकिन अपराधी लूट में सफल नहीं हो सके। गोली लगने से घायल व्यवसायी का इलाज मोतिहारी में चल रहा है। पुलिस शक के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार युवक पर पूर्व में भी चाकू से हमला किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस संबंध में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है)



इलाजरत व्यवसायी।

खड़े ट्रक में बाइक ने मारी जोरदार टक्कर, युवक की मौके पर मौत

ससुराल से घर लौट रहा था 25 वर्षीय भोला सहनी

पत्नी-बच्ची समेत परिजनों में मचा कोहराम

पहाड़पुर(एनएसबी)) पहाड़पुर-बेतिया-अरेराज मुख्य सड़क पर बथुआहा चौक से करीब पांच सौ मीटर उत्तर बुधवार की देर रात करीब आठ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के झाखरा गांव वार्ड नंबर आठ निवासी शंभू सहनी के पुत्र भोला सहनी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था, जिसका चक्का ब्लास्ट हो गया था। इसी दौरान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर स्थित अपने ससुराल से बाइक से घर लौट रहे भोला सहनी की बाइक अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि भोला सहनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना कोटवा पंचायत के मुखिया लखन सिंह एवं पूर्व सरपंच नित्यानंद पाण्डेय द्वारा पहाड़पुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहाड़पुर सीएचसी पहुंचाया। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी रंजिता कुमारी, मां ज्ञांति देवी, पिता शंभू सहनी और भाई दीपक सहनी समेत अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पत्नी व मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि भोला सहनी की करीब एक-दो वर्ष की मासूम बेटी है। वह गांव के ही एक व्यक्ति की बाइक लेकर अपने ससुराल दरियापुर गया था और वहां से वापस घर लौट रहा था। लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। इस संबंध में पहाड़पुर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

दुर्गापूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा की जांच, दो निकास द्वार रखने का निर्देश

मोतिहारी (एनएसबी)। दुर्गापूजा के मद्देनजर अग्निशमन विभाग ने पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण तेज कर दिया है। गुरुवार को जिला अगिशमन पदाधिकारी मो़ आरिफुज्जमा ने राजा बाजार में निर्माणाधीन दुर्गापूजा पंडाल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंडाल की संरचना, विद्युत व्यवस्था, अगिशमन उपकरण तथा आपातकालीन निकास द्वार की व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला अगिशमन पदाधिकारी ने पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंडाल में दो अलग-अलग और पर्याप्त चौड़ाई वाले निकास द्वार रखने, पर्याप्त संख्या में अगिशमन यंत्र एवं बालू भरी बाल्टियां उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। साथ ही विद्युत तारों पर ओवरलोडिंग नहीं करने तथा पंडाल के अंदर धूम्रपान पूरी तरह प्रतिबंधित रखने को कहा।उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पंडाल में अगि सुरक्षा मानकों का हर हाल में पालन किया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी सुनिश्चित हो सके।निरीक्षण के दौरान अगिशमन कर्मी मुकेश पंडित एवं पंकज कुमार मौजूद रहे। वहीं, अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी ने भी विभिन्न पूजा पंडालों का जायजा लेकर आयोजकों को आवश्यक अगि सुरक्षा निर्देश दिए।



पंडाल का निरीक्षण करते अधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

प्रमंडल स्तरीय खेल के बक्सिंग में तीन छात्रों ने जीता पदक

चकिया। प्रमंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शहर के साहेबगंज रोड स्थित ट्रांसेनडेंस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किया। बीते 4 अक्टूबर को जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में जो खिलाड़ी जीत हासिल किए थे। वहीं खिलाड़ी प्रमंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता हिस्सा लिये। जो बीते 7 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर स्टेडियम में आयोजित की गई थी। जिसमें बाक्सिंग में टीआईएस के छात्र निशांत कुमार ने 52 किलो वजन में गोल्ड मेडल व तबसीर हयात खान ने 56 किलो में सिल्वर मेडल तथा 45 किलो में रेहान अंसारी ने सिल्वर मेडल जीता। स्कूल के अध्यक्ष नासिर जमाल एवं सचिव साएम नासिर ने बताया कि तीन छात्रों ने प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर,12 अक्टूबर को होने वाले राजयस्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का कर लिया है। विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

नगर पंचायत केसरिया में सफाई और राजस्व व्यवस्था की डीएम ने ली जानकारी

मोतिहारी (एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को नगर पंचायत केसरिया कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संचिकाओं का अवलोकन करते हुए सफाई व्यवस्था, कैशबुक एवं प्रपर्टी टैक्स से संबंधित अभिलेखों की जांच की। डीएम ने नगर में सफाई व्यवस्था को और सुढ़ करने तथा वाटर एटीएम की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर पंचायत के राजस्व में वृद्धि के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा।जिलाधिकारी ने नगर कार्यपालक पदाधिकारी को सरकारी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही आम लोगों को मिलने वाली नगर निकाय की सुविधाएं निर्धारित समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजष्ण झा, चकिया एसडीओ शिवानी शुभम एवं नगर पंचायत केसरिया के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

दशहरा को लेकर अरेराज में प्रशासन अलर्ट, विसर्जन घाटों का निरीक्षण

कलश यात्रा मार्गो और मूर्ति विसर्जन स्थलों की जांच, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

अरेराज(एनएसबी)। आगामी दशहरा (विजयादशमी) महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज मिश्रा ने संयुक्त रूप से बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित एवं नगर अध्यक्ष रंटु पांडेय के साथ कलश यात्रा के मार्गो और मूर्ति विसर्जन स्थलों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सुरक्षा, निर्धारित रूट चार्ट, भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इजार बिनटोली घाट पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। वहीं, सेवरहा नहर के कुछ स्थानों पर पुल की रेलिंग टूटी मिली। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इन स्थानों को तत्काल बांस-बल्ले से बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।एसडीओ सुजीत कुमार एवं एसडीपीओ पंकज मिश्रा ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भ्रामक पोस्ट प्रसारित करने से बचने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दशहरा के दौरान हुड़दंग, उपद्रव अथवा शांति भंग करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रशासन सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा। प्रशासन ने पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

परसौना कांड के बाद नंदपुर में पुलिस का शिकंजा

चचिया सास व ननद के सरेंडर के बाद जांच तेज, पुलिस की सक्रियता से ससुराल वालों में बढ़ा कानून का खौफ

मोतिहारी(एनएसबी)। संग्रामपुर के परसौना में मनीषा देवी मौत कांड के बाद पुलिस ने नंदपुर इलाके में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पुलिस की तैनाती और लगातार कार्रवाई से इलाके में कानून का खौफ नजर आने लगा है। मामले में मामले में नामजद चचिया सास किरण देवी एवं ननद निकू देवी ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया है जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस की लगातार सक्रियता से मामले में जांच की रफ्तार तेज हुई है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि मामले में किसी भी बिंदु को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी घटनास्थल और आसपास के इलाकों में पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटा रही है।परसौना कांड के बाद पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर इलाके में चर्चा तेज है। खासकर उन परिवारों में कानून के प्रति भरोसा बढ़ा है, जहां महिलाएं ससुराल में प्रताड़ना की शिकायतों से जूझती हैं। पुलिस की सख्ती से यह संदेश गया है कि विवाहिता के साथ हिंसा या प्रताड़ना के मामलों में कानून अपना काम करेगा और दोषियों को कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।स्थानीय लोगों के बीच एसपी स्वर्ण प्रभात की कार्यशैली और मामले में दिखाई गई सक्रियता भी चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और एसआईटी की जांच से लोगों को उम्मीद है कि मनीषा देवी मौत कांड की वास्तविकता सामने आएगी और यदि किसी की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई होगी।नंदपुर में पुलिस की मौजूी से फिलहाल माहौल पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मध्यस्थता से विवादों के त्वरित समाधान पर जोर लोक अदालत में अधिक मामलों के निष्पादन की तैयारी

मोतिहारी(एनएसबी)। मीडिएशन फर द नेशन 30 अभियान को सफल बनाने एवं विशेष एनआई एक्ट लोक अदालत तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों के निष्पादन को लेकर गुरुवार को न्यायिक पदाधिकारियों एवं जिला प्रशासन के संबंधित नोडल पदाधिकारियों की बैठक हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास की अध्यक्षता में उनके बैठक कक्ष में आयोजित बैठक में मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान पर जोर दिया गया। उन्होंने ऐसे मामलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया, जिनका समाधान पक्षकारों की आपसी सहमति से मध्यस्थता के माध्यम से संभव है। बैठक में विशेष एनआई एक्ट लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों के अधिकाधिक निष्पादन के लिए प्रभावी कार्ययोजना और बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि लोक अदालत लंबित मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं हितधारकों से समन्वित प्रयास कर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने की अपील की।



न्यायिक पदाधिकारियों एवं जिला प्रशासन के संबंधित नोडल पदाधिकारियों की बैठक।

संक्षिप्त खबरें

भीमलपुर में जनवादी महिला समिति का प्रथम सम्मेलन संपन्न

मरजीना खातून अध्यक्ष व सविता देवी सचिव निर्वाचित

मेहसी(एनएसबी)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (।प्वें।) की भीमलपुर पंचायत इकाई का प्रथम सम्मेलन गुरुवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता सविता देवी ने की, जबकि संचालन सुनीता देवी ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमरेड रामपरी ने किया। मुख्य अतिथि महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी कमरेड राजमंगल प्रसाद थेस रामपरी ने महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा, सम्मान, समानता और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ महिलाओं से संगठित संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की वास्तविक मुक्ति के लिए शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, समान काम का समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा जरूरी है।राजमंगल प्रसाद ने कहा कि महिलाओं के शोषण और सामाजिक गैरबराबरी को समाप्त किए बिना न्यायपूर्ण समाज की स्थापना संभव नहीं है। सम्मेलन मैप्के तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रखने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की मांग की। सम्मेलन में सर्वसम्मति से नौ सदस्यीय पंचायत कमिटी गठित की गई। मरजीना खातून को अध्यक्ष तथा सविता देवी को सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित कमिटी ने पंचायत के गांवों और टोलों में संगठन विस्तार तथा महिला उत्पीड़न व सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लियास

जिले में एमएसएमई केंद्र का शुभारंभ, उद्यमियों को एक छत के नीचे मिलेगी हर सुविधा

मोतिहारी (एनएसबी)। राज्य में औद्योगिक विकास और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को मुख्यमंत्री द्वारा बिहार के सभी जिलों में एमएसएमई केंद्रों का अनलाइन उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में जिला उद्योग केंद्र, पूर्वी चंपारण में भी एमएसएमई केंद्र का औपचारिक शुभारंभ हुआ।केंद्र के माध्यम से जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को एक ही छत के नीचे प्रशासनिक, तकनीकी एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। नए एवं पुराने उद्यमियों को उद्यम पंजीकरण की सुविधा के साथ योजनाओं का लाभ लेने में मार्गदर्शन दिया जाएगा। केंद्र में जेड (प्म्क) प्रमाणन, बैंक लिंकेज, परियोजना रिपोर्ट तैयार करने तथा पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं सीजीटीएमएसई जैसी योजनाओं के तहत ऋण प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा ओडीओपी, क्लस्टर विकास, जेम पोर्टल पर पंजीकरण और निर्यात प्रोत्साहन से संबंधित सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा।उद्यमियों को जमीनी स्तर पर सहायता देने के लिए प्रशिक्षित 'एमएसएमई मित्रों' की तैनाती की गई है। वे योजना चयन, दस्तावेज तैयार करने और अनलाइन आवेदन से लेकर बैंकों एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय में मदद करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, एमएसएमई केंद्र से जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने, स्थानीय संसाधनों के मूल्य संवर्धन तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने में मदद मिलेगी।

छूटे और युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए एक माह का विशेष अभियान

मोतिहारी (एनएसबी)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद निर्वाचक सूची में छूटे हुए तथा पहली बार पात्र होने वाले युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए जिले में एक माह का विशेष अभियान चलाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के आदेश के आलोक में बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अभियान के तहत बीएलओ विशेष गहन पुनरीक्षण से पूर्व की निर्वाचक सूची और वर्तमान सूची का मिलान कर ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करेंगे, जो पूर्व की सूची में शामिल थे, लेकिन वर्तमान सूची में नहीं हैं। सत्यापन में पात्र पाए जाने पर संबंधित मतदाताओं का प्रपत्र-6 के माध्यम से निर्वाचक सूची में पंजीकरण कराया जाएगा।बीएलओ प्रत्येक निर्वाचक का सत्यापन करेंगे और सत्यापन सूची संबंधित मतदान केंद्र के बीएलए के साथ भी साझा की जाएगी। अभियान के दौरान मतदान केंद्रों के अलावा रात्रि आश्रय स्थलों, श्रमिक बस्तियों, गृहविहीन एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए आवश्यकता के अनुसार विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अभियान की नियमित निगरानी करेंगे। प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अभियान का लाभ उठाकर अपना नाम निर्वाचक सूची में दर्ज कराने की अपील की है।

'मेरे सपनों का भारत' में श्वेता कुमारी अव्वल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

मोतिहारी (एनएसबी)। सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत रू सेवा चित्र' विषय पर गुरुवार को शिक्षा भवन, बेलीसराय में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रमोद कुमार, डिप्टी मेयर ड़ लालबाबू प्रसाद, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में एमजेके गर्ल्स इंटर कलेज के विज्ञान संकाय की कक्षा 12 की छात्रा श्वेता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनका चयन राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यार्थियों ने अपने भाषण के माध्यम से विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण को लेकर अपने विचार रखे।प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी मेयर ड़ लालबाबू गुप्ता, पूर्व मेयर प्रकाश अस्थाना, सुधांशु रंजन, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा उमेश कुमार, डीपीओ स्थापना ब्रजेश कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एक सप्ताह में शुरू होगा 20 टन प्रतिदिन क्षमता वाला फिश फीड मिल

मोतिहारी (एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को केसरिया अंचल के बथना में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत निर्माणाधीन वृहत फिश फीड मिल का निरीक्षण किया। 20 टन प्रतिदिन क्षमता वाले इस फीड मिल का उत्पादन एक सप्ताह में शुरू होने की जानकारी लाभुकों ने जिलाधिकारी को दी।लाभुक जमशेद आलम एवं दिलजेव खान ने बताया कि फीड मिल शुरू होने से स्थानीय मत्स्य पालकों को उन्नत किस्म का मत्स्य आहार उचित दर पर उपलब्ध हो सकेगा।डीएम ने सात बायोफ्लाक टैंकों में हो रहे मत्स्य पालन, आरएएस टैंक में मछली पालन तथा मुख्यमंत्री मात्स्यिकी विकास योजना के तहत हो रहे झींगा पालन का भी निरीक्षण किया।इस दौरान बताया गया कि बायोफ्लाक एवं आरएएस जैसी आधुनिक पद्धतियां कम जगह में अधिक मत्स्य उत्पादन के लिए उपयोगी हैं। 15 हजार लीटर क्षमता वाले बायोफ्लाक टैंक में सालाना करीब 1200 से 1500 किलोग्राम तक मत्स्य उत्पादन संभव है। इससे प्रतिवर्ष करीब पांच से छह लाख रुपये तक शुद्ध मुनाफे की संभावना बताई गई।मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी, कनीय अभियंता एवं मत्स्य विकास पदाधिकारी, केसरिया सहित संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

केसरिया स्तूप के पास तैयार हुआ टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर, एक सप्ताह में होगा हैंडओवर

मोतिहारी (एनएसबी)। केसरिया स्तूप आने वाले पर्यटकों को अब बौद्ध स्थलों की जानकारी और श्य अनुभव एक ही परिसर में मिल सकेगा। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को स्तूप के समीप नव निर्मित टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया।केंद्र में 25 आरामदायक सीटों वाला 7डी थिएटर तैयार किया गया है। इसमें पर्यटकों को बौद्ध स्थलों से संबंधित श्य अनुभव कराया जाएगा। प्रत्येक शो की अवधि करीब 10 मिनट होगी।परिसर के टेरेस फ्लोर पर 104 बुद्ध प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा बिहार एवं देश के प्रमुख बौद्ध स्थलों की आठ प्रतितियां भी तैयार की गई हैं। इनमें विक्रमशिला के खंडहर, लौरिया नंदनगढ़, नालंदा के खंडहर, वैशाली का अशोक स्तंभ, राजगीर का विश्व शांति स्तूप, डुंगेश्वरी मंदिर, महाबोधि मंदिर बोधगया एवं गुप्ता हिल्स शामिल हैं।निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और करीब एक सप्ताह में केंद्र को हैंडओवर किए जाने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार, यह केंद्र केसरिया आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनेगा और क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

संक्षिप्त खबरें

तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में घुसा, बाल-बाल टली दुर्घटना



गड्ढे में घुसा अनियंत्रित ट्रक।

पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)। अतलखा-मधेपुरा मुख्य मार्ग पर जम्हरा मुस्लिम टोला के समीप गुरुवार की सुबह करीब 4 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जा घुसा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ट्रक चालक भी सुरक्षित बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक तेज गति से मधेपुरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान जम्हरा मुस्लिम टोला के समीप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में घुस गया। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने की मांग की है।

युवा कलाकार नें बनाई माँ दुर्गा की अद्भुत पेंटिंग।



सुपुत्री स्वाति तिवारी व दुर्गा की पेंटिंग।

सहरसा शहर (एनएसबी)। एक ऐसी युवा चित्रकार जिनकी कला में सिर्फ रंग नहीं, बल्कि भावनाएं और आध्यात्मिक ऊर्जा भी नजर आती है। ग्राम पटुआहा, भेड़धरी निवासी प्रभाष तिवारी की सुपुत्री स्वाति तिवारी पिछले कई वर्षों से अपनी उत्कृष्ट चित्रकारी के जरिए लोगों का मन मोह रही हैं। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर स्वाति ने मां दुर्गा की एक बेहद आकर्षक पेंटिंग तैयार की है। इस चित्र के माध्यम से उन्होंने नारी शक्ति, मां दुर्गा के सौंदर्य और मातृत्व के भाव को उकेरने का प्रयास किया है। पेंटिंग में मां दुर्गा की लाल साड़ी, पारंपरिक आभूषण और उनकी तीसरी आंख विशेष आकर्षण का केंद्र है। स्वाति का मानना है कि ये सभी प्रतीक मिलकर एक गहरे आध्यात्मिक भाव को जन्म देते हैं।स्वाति बताती हैं कि इस पेंटिंग का उद्देश्य महज एक चित्र बनाना नहीं, बल्कि कला के माध्यम से मां दुर्गा के भीतर निहित शक्ति, सकारात्मक ऊर्जा और मातृत्व के भाव को महसूस कराना है।उनकी यह कलाकृति श्रद्धा और रचनात्मकता के सुंदर संगम की मिसाल बनकर सामने आई है।

किसानों को आधुनिक खेती के बताए गुर, एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारी व किसान।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सहुरिया पंचायत के सुगमा गांव स्थित सामुदायिक भवन में गुरुवार को किसानों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन कर आमदनी बढ़ाने के लिए नई तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का उद्घाटन उप परियोजना निदेशक आत्मा राजेश कुमार सिन्हा, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शौकत अली एवं एटीएम फारूक मसूद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन तथा आधुनिक खेती में नई तकनीकों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि मिट्टी की जांच के बाद फसल के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का उपयोग करने से खेती की लागत कम की जा सकती है। साथ ही इससे फसल की उत्पादकता बढ़ाने में भी मदद मिलती है। अधिकारियों ने कहा कि बदलते समय में किसानों को पारंपरिक खेती के साथ वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों को अधिकारियों के समक्ष रखा। कृषि विशेषज्ञों ने उनकी समस्याओं का समाधान बताते हुए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही कृषि विभाग की योजनाओं और तकनीकी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। मौके पर राजकुमार शर्मा, रत्नेश रंजन, बीरेन्द्र झा, रविंद्र झा, विजय ठाकुर, बैद्यनाथ साह, कुमोद सिंह, सुबोध सिंह, कुंदन सिंह, दीपक सिंह, पंकज यादव, योगेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना 2025-26 में अब तक बिहार में 40 हजार से अधिक लाभुक लाभांवित हो चुके हैं : मुख्यमंत्री



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े जिलाधिकारी व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिला उद्योग केंद्र परिसर में गुरुवार को एमएसएमई केंद्र का उद्घाटन किया गया। राज्य के सभी जिलों में केंद्रों का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपेश कुमार सहित राज्य के सभी जिलाधिकारी जुड़े रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने कहा कि एमएसएमई केंद्र जिले के उद्यमियों के लिए वन-स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेगा।

इसके माध्यम से उद्यम पंजीकरण, क्रेडिट, प्रमाण-पत्र, लाइसेंसिंग सहित उद्यम स्थापना एवं संचालन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलेगा। उन्होंने युवाओं एवं उद्यमियों से केंद्र की सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। केंद्र के माध्यम से उद्यमियों की सहायता के लिए एमएसएमई मित्र की भी व्यवस्था की गई है, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं प्रक्रियाओं में सहायता तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय में सहयोग करेंगे। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, मुकेश कुमार ने बताया कि पटना के ज्ञान भवन में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना 2025-26 के चयनित एवं प्रशिक्षित लाभुकों को प्रथम किश्त के रूप में 2 लाख की राशि का सांकेतिक हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लाभुकों को अधिकतम 10 लाख की सहायता दी जाती है, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान तथा शेष 50 प्रतिशत राशि को 84 किश्तों में वापस किया जाना है। वर्ष 2018 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से शुरू हुई इस योजना का विस्तार महिला, अतिपिछड़ा, युवा, अल्पसंख्यक एवं दिव्यांग उद्यमी योजनाओं तक किया गया है। अब तक बिहार में 40 हजार से अधिक लाभुक लाभान्वित हो चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सहरसा जिले से 88 लाभुकों का चयन किया गया है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सहरसा के ह्वेस्ट टू वेल्थ मॉडल को भी प्रदर्शित किया गया। इसके तहत जलकुंभी से हस्तशिल्प उत्पाद तैयार करने के लिए जीविका दीदियों कोएनईडीएफआई, गुवाहाटी के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उत्पादों के विपणन की पहल की जा रही है। इसके लिए डोरमा-ओकाही स्थित बाढ़ राहत शिविर में सामान्य सुविधा केंद्र संचालित किया जा रहा है। यह पहल रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग नीति 2026, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग क्लस्टर विकास योजना 2026 तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद नियमावली 2026 का भी शुभारंभ किया गया। इन पहलों से जिले में उद्यमिता, रोजगार एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री से अतिथि शिक्षकों के सेवा समायोजन की मांग

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति के संयोजक डॉ संजीव कुमार सिंह,विधान पार्षद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए अनुरोध किया है कि बिहार के पारम्परिक विश्वविद्यालयों में वर्षों से कार्यरत अतिथि प्राध्यापकों के सेवा समायोजन तथा सेवा-शर्तों एवं वेतन में समानता स्थापित किया जाए। सभी प्रकार के नियमों एवं आरक्षण नियमों का पालन करते हुए सरकार के संकल्प द्वारा अधिकृत विश्वविद्यालय चयन समिति के माध्यम से स्वीकृत रिक्त पदों पर बहाल किए गये अतिथि प्राध्यापक निष्ठापूर्वक निरंतर विश्वविद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को गतिशील बनाये हुए हैं। वर्षों से इनकी माँग रही है कि इनकी सेवा स्थायी रूप से समायोजित की जाए। हाल के दिनों में राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में अस्थाई प्रकृति के संविदा प्राध्यापकों की अपेक्षा ये लगभग आधे मानदेय पर कार्य कर रहें हैं। इनकी योग्यता, सेवा, निष्ठा, लम्बे समय से शिक्षा व्यवस्था में योगदान को देखते हुए जबतक इनकी सेवा के स्थायी समायोजन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती है तब तक न्यायोचित नीतिगत निर्णय लेते हुए समान प्रकृति के कार्य करने वाले प्राध्यापकों के समान वेतन, सेवा शर्तों का लाभ, संस्थागत सम्मान तथा इनकी सेवा 65 वर्ष की आयु तक स्थिर करना राज्यहित और उच्च शिक्षा व्यवस्था में समानता, स्थायित्व और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण के हित में होगा। डॉ.संजीव बाबू के इस प्रयास पर हर्ष एवं धन्यवाद व्यक्त करनेवालों में भू.ना.मंडल विश्वविद्यालय अतिथि शिक्षक संघ के संयोजक डॉ सतीश दास, अध्यक्ष डॉ सिकन्दर कुमार, डॉ अरुण झा,डॉ रविशंकर कुमार, डॉ धर्मेन्द्र कुमार, महासचिव डॉ संजय कुमार, प्रवक्ता डॉ सन्तोष कुमार, डॉ छोटे लाल यादव, डॉ सुमेध आनन्द, डॉ अखिलेश मिश्रा, डॉ पंकज यादव,डॉ सुदीप झा,डॉ कृष्ण कुमार, डॉ लीना कुमारी, डॉ कोमल वर्मा, डॉ कविता कुमारी, डॉ ज्योति सिन्हा, डॉ अनुजा कुमारी, डॉ सुमन स्वराज, डॉ मिन्की सिंह, डॉ अरूप श्रीवास्तव, डॉ अनिरुद्ध कुमार,डॉ अरूण साह,डॉ ऋषभ कुमार,डॉ सूरज कुमार, डॉ प्रेम शंकर सिंह, डॉ कमल कंचन, डॉ जयनारायण राम आदि शामिल हैं।

नगर पंचायत के चेयरमैन मनीष कुमार ने एसएच पर बने गड्ढों की तत्काल कराया मरम्मत



सोनवर्षा राज (सहरसा) (एनएसबी)। सोनवर्षा राज से बैजनाथपुर होते हुए सहरसा जाने वाली स्टेट हाईवे (SH) के नगर पंचायत क्षेत्र में जगह-जगह सड़क पर बने गड्ढों को नगर पंचायत द्वारा तत्काल दुरुस्त कराने का कार्य शुरू किया गया है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मनीष कुमार की पहल पर गड्ढों में ईंट के टुकड़े एवं रबीस डालकर उन्हें भरने का काम कराया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क को तत्काल आवागमन योग्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मनीष कुमार एवं कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा सड़क की समस्या के स्थायी एवं बेहतर समाधान के लिए संबंधित विभाग एवं स्तर पर लगातार पहल की जा रही है। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि नागरिकों की सुरक्षा और सुगम आवागमन प्राथमिकता है। वहीं, सड़क के गड्ढों को तत्काल भरवाने के कार्य से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों में राहत है। लोगों ने इस पहल के लिए मुख्य पार्षद मनीष कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सड़क की पदाधिकारी से मिलकर स्थायी मरम्मत करवाने की मांग की है।

महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने निकाला मार्च, एसआईआर के खिलाफ मोदी-शाह और ज्ञानेश का फूंका पुतला



नारेबाजी करते महागठबंधन के कार्यकर्ता।

सहरसा शहर (एनएसबी)। गुरुवार को इंडिया गठबंधन के राज्यव्यापी आह्वान पर शहर के जिला परिषद प्रांगण से महागठबंधन के कार्यकत्ताओं ने ज्ञानेश भगाओ-लोकतंत्र बचाओ मार्च निकालकर वीर कुंवर सिंह चैक पर मोदी-शाह और ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान कार्यकत्ताओं ने मोदी-ज्ञानेश यार है देश का गद्दार है, वोट चोर-गद्दी छोड़, वोट चोर कहां मिलेंगे-बीजेपी के दफ़्तर में आदि नारेबाजी करते दिखें. इंडिया गठबंधन के कार्यकत्ताओं ने एसआईआर को रद्द करने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग को उठाते नजर आए। महागठबंधन के नेताद्वय ने संयुक्त रूप से कहा कि इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित रिपोर्ट के बाद चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूची में सुधार के नाम पर चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लोकतांत्रिक एवं नागरिक अधिकारों से जुड़े गंभीर सवाल उठ रहे है. महागठबंधन के नेताओं ने चुनाव आयुक्तों को बहाल करने वाली कमिटी में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने, एसआईआर के बाद हुए सभी चुनाव को रद्द करने की मांग उठाई। मार्च सह पुतला दहन का नेतृत्व राजद जिलाध्यक्ष ताहिर, पूर्व विधायक अरुण यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश झा, भाकपा माले जिला सचिव ललन यादव, सीपीएम जिला सचिव रंधीर यादव, सीपीआई जिला सचिव परमानंद ठाकुर, आईआईपी राज्य नेता सनोज तांती, जिप उपाध्यक्ष धीरेन्द्र यादव, उप मेयर गुड्डू हयात, सीपीआई के प्रभुलाल दास, माले के कुंदन यादव, सीपीएम के कुलानंद यादव, वीआईपी के ब्रह्मदेव मुखिया, रंजीत दास, आईआईपी के जिलाध्यक्ष विद्या शर्मा, सदर विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, आईआईपी के जिलाध्यक्ष विद्या शर्मा, अवधेश यादव, राजद नेता गोविंद दास तांती, मनोज यादव, भीम कुमार भारती, भारत यादव, आशीष आनंद, विवेक कुमार रिंकू, माले नेता विक्की राम, वकील कुमार यादव, कारी यादव, जगदेव राय, सागर शर्मा, बिजेंद्र यादव, आईआईपी के नेता टुनटुन शर्मा, संजय शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, भागेश्वर शर्मा सहित राजद, कांग्रेस, माले, सीपीएम, सीपीआई, आईआईपी और वीआईपी के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली आपूर्ति और राजस्व वृद्धि को लेकर विद्युत अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार ने दिए सख्त



बैठक में विद्युत अधीक्षण अभियंता व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। आगामी दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर जिले वासियों को बिना किसी बाधा के सतत एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विभागीय राजस्व में वृद्धि को लेकर विद्युत आपूर्ति अंचल, सहरसा के विद्युत अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता ने अंचल के सभी कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं और कनीय अभियंताओं को पूजा के दौरान निर्बाध बिजली सेवा बनाए रखने और राजस्व संग्रह को गति देने के संबंध में कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। पूजा पंडालों की सुरक्षा एवं अस्थायी कनेक्शन सभी पूजा समितियों को अनिवार्य रूप से अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेने का निर्देश दिया गया है। बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।सघन अनुरक्षण एवं गश्तरू पूजा से पूर्व ही सभी ट्रांसफॉर्मरों, ओवरहेड तारों और उप-केंद्रों का रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा गया है। तारों के संपर्क में आने वाली पेड़ की टहनियों की छंटाई का काम प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।24ॅ7 कंट्रोल रूम एवं क्विक रिस्पांस टीमरू पूजा के दौरान किसी भी आपात स्थिति या तकनीकी खराबी से निपटने के लिए 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम और क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है, जो शिकायत मिलते ही तुरंत स्थल पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी।सुरक्षा मानकरू पूजा पंडालों के आसपास झूलते और जर्जर तारों को दुरुस्त करने का स्पष्ट आदेश दिया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या दुर्घटना से बचा जा सके। वरीय प्रबंधक राजस्व दीपक कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को राजस्व वृद्धि एवं बकाया वसूली हेतु दिशा-निर्देश बकाया बिल वसूली अभियान के संबंध में समीक्षात्मक बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया की त्योहारों के साथ-साथ विभागीय राजस्व लक्ष्य को पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए विशेष बकाया वसूली अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं को बेहतर बिजली सेवा देना हमारी प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ ही विभागीय राजस्व की समय पर वसूली और बिजली चोरी पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। अनपेड उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ ही डिस्काउंटेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के परिसर के जांच कर विद्युत चोरी पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज करने और बकाया राजस्व वसूली हेतु सभी अधिकारी को जिम्मेदारी से काम करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही मीटर रीडिंग एवं बिल सुधाररू उपभोक्ताओं को समय पर और सही बिजली बिल मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों और विभागीय कर्मियों को जवाबदेह बनाया गया है। विद्युत अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बिजली चोरी पर नकेलरू अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा और दोषी पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।दुर्गा पूजा के दौरान आम जनमानस को बेहतर और सुरक्षित बिजली सेवा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी एवं कर्मी अलर्ट मोड़ में रहेंगे। इसके साथ ही उपभोक्ता समय पर अपने बिजली बिल का भुगतान कर विभाग का सहयोग करें।ष्साथ ही इस संबंध में राजन कुमार सीनियर मैनेजर इनफोर्मेशन ऐंड टेकोनोली ने बताया कि उपभोक्ताओं घर बैठे वेबसाइट और एप्प के माध्यम से अपने बिजली बिल का भुगतान कर छूट प्राप्त कर सकते है।उक्त बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता अमित कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमरी बख्तियारपुर अजीत कुमार सहरसा और सिमरी बख्तियारपुर के सभी सहायक विद्युत अभियंता और सभी कनीय विद्युत अभियंता मौजूद रहे।

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तीसरे दिन दिल्ली विवि और बीएचयू के प्रोफेसरों ने दिया व्याख्यान, 11 अक्टूबर तक चलेगा व्याख्यान



व्याख्यान सुनते महाविद्यालय शिक्षक।

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय स्थित स्मार्ट क्लास रूम में मंगलवार से शुरू हुए छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तीसरे दिन गुरुवार को दो विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज, रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अखिलेश भारती रहे। उन्होंने लिटरेचर रिव्यू टेक्नीक्स एंड सिस्टेमेटिक रिव्यूज विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि साहित्य समीक्षा पांच प्रकार की होती है। जिनमें व्यवस्थित, वर्णनात्मक, नैरेटिव, आलोचनात्मक एवं स्कोपिंग समीक्षा। शोध की गुणवत्ता लिटरेचर रिव्यू की मजबूती पर निर्भर करती है। साहित्य समीक्षा की गुणवत्ता कैसे चेक की जाए, गुणात्मक, मात्रात्मक एवं मिश्रित विधिया, प्रिज्म गाइडलाइन, रिसर्च गैप की पहचान तथा मेटा-विश्लेषण की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की और शोधार्थियों को बताया कि कैसे अच्छे जर्नल्स का चयन करें। वही द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता इंस्टिट्यूट ऑफ एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, आरजीएससी मिजार्पुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुलदीप बौद्ध रहे। उन्होंने थीसिस एंड डिजर्टेशन राइटिंग एंड एकेडमिक राइटिंग एंड कम्युनिकेशन विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. बौद्ध ने कहा कि थीसिस लेखन अध्यायों का संग्रह नहीं बल्कि एक तर्क है। अच्छी थीसिस में पांच चीजें होनी चाहिए। जिनमें प्रॉब्लम, गैप, क्वेश्चन, एविडेंस और कंट्रीब्यूशन है। उन्होंने टिपिकल थीसिस आर्किटेक्चर, आईएमआरएडी स्ट्रक्चर, प्रीलिमिनरी पेजेस, रेफरेंस मैनेजमेंट, प्लेजरिज्म से बचाव और प्रभावी एकेडमिक कम्युनिकेशन के टिप्स के बारे में भी बताया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने बताया कि दोनों रिसोर्स पर्सन द्वारा काफी लाभदायक और तकनीकी ज्ञान दिया गया। वही महाविद्यालय अर्थपाल डॉ. रत्नदीप ने कहा कि शिक्षकों की कई नई जानकारी मिल रही है। जिससे छात्रों को लाभ मिलेगा। ऐसे कार्यक्रम से शिक्षकों की शोध क्षमता में वृद्धि होती है। जिससे शोध के छात्रों को नया आयाम मिलेगा। मौके पर महाविद्यालय प्रोफेसर डॉ. वीणा कुमारी, डॉ. मनोज कुमार यादव, सीनेटर डॉ. दीपक कुमार राणा, डॉ. उपेंद्र प्रसाद यादव, डॉ. मधुनंदा, डॉ. स्वर्णमणि, डॉ. विनय कुमार, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. गुड्डू कुमार, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. संजीव कुमार सुमन, डॉ. प्रियंका भारती, डॉ. चंद्रदीप नंदलाल यादव, डॉ. विजय कृष्ण, डॉ. भारती कुमारी, डॉ. मिंटू कुमार मेनन, डॉ. यासमीन रशीदी, डॉ. मनोज कुमार ठाकुर, डॉ. शहरयार अहमद, डॉ. हरित कृष्णा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार सेठी, डॉ. अंकेश कुमार, डॉ. बैजबंस कुमार, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. विदुषी भारती, डॉ. प्रीति, डॉ. मीनू सोढ़ी, अनामिका सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन एफडीपी कोऑर्डिनेटर डॉ. मिथिलेश कुमार एवं असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर डॉ कुमार गौरव ने किया। तकनीकी मदद डॉ मनीष द्वारा दिया गया। प्रथम सत्र का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. चंद्रदीप नंदलाल यादव ने किया। जबकि द्वितीय सत्र का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुकुंद ने किया।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व मुखिया के घर में चोरी

बेलदौर। थाना क्षेत्र के थलाहा गांव निवासी और दिघौन पंचायत के पूर्व मुखिया राजो सहनी के घर में चोरी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुखिया राजो सहनी का एक मकान बेलदौर थाना परिसर के ठीक पीछे स्थित है। वे अपने पैतृक गांव थलाहा में परिवार के एक श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके बेलदौर स्थित घर का ताला तोड़कर वहां रखा गैस सिलेंडर, चूल्हा और महत्वपूर्ण दस्तावेज चुरा लिए। जब मकान मालिक घर पहुंचे, तो कमरे का सामान और कागजात बिखरे पड़े देख स्तब्ध रह गए। थाना के ठीक पीछे स्थित मकान में चोरी की इस घटना से स्थानीय पुलिस की गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हलाकि पूर्व मुखिया राजो सहनी के द्वारा लिखित आवेदन थाना में नहीं दिया गया।

उन्मुखीकरण सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन

बेलदौर। प्रखंड क्षेत्र में 'अटल वयो अभ्युदय योजना' के अंतर्गत उन्मुखीकरण सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए समर्पित है। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक सुरक्षा कोषांग की सहायक निदेशक नेहा कुमारी, बुनियाद केंद्र की जिला प्रबंधक निर्मला कुमारी सिंह तथा मूक-बधिर तकनीशियन सृष्टि कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात आमंत्रित कलाकारों द्वारा स्वागत गान और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक नेहा कुमारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं कल्याण को बढ़ावा देना, उन्हें सुरक्षित व गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना तथा स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं को उन तक पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा कि इसका एक प्रमुख उद्देश्य अंतर-पीढ़ीगत संवाद को बढ़ावा देकर वृद्धजनों के अनुभव और ज्ञान को नई पीढ़ी से जोड़ना भी है। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के लिपिक राजकुमार, तकनीकी सहायक राहुल कुमार, डाटा एंट्री अपरेटर अभिषेक कुमार, बेलदौर बुनियाद केंद्र के प्रबंधक अभिनीत कुमार, एमटीवी चालक पवन कुमार, सुरक्षा गार्ड तनमन कुमार, संजीव कुमार, पेंटूश कुमार समेत दर्जनों की संख्या में वरिष्ठ नागरिक और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

दो एंबुलेंस के खराब होने से मरीजों को होती है परेषानी

बेलदौर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। यहाँ कुल उपलब्ध चार एंबुलेंस में से दो पिछले करीब एक महीने से खराब पड़ी हैं। इसके कारण आपातकालीन स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र की कुल आबादी करीब चार लाख से अधिक है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंसों का खराब पड़ा रहना जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ साबित हो रहा है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों, प्रसूताओं और हादसों के शिकार लोगों को समय पर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल या अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। मरीज महंगे दामों पर निजी वाहनों का सहारा लेने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य केंद्र के ही कुछ कर्मियों ने बताया कि यह समस्या काफी दिनों से है। अधिकारियों को समय पर एंबुलेंस की खराबी की सूचना दिए जाने के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मामले में संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द एंबुलेंस दुरुस्त कराने की मांग की है।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण और रामविलास पासवान सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे : बबलू मंडल

खगड़िया (एनएसबी)। शहर के कचहरी रोड स्थित सदर विधायक कार्यालय के कर्पूरी सभागार में महान स्वतंत्रता सेनानी, संपूर्ण क्रांति के जनक एवं भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री, लोजपा संस्थापक और खगड़िया के लाल पद्मभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सदर विधायक बबलू कुमार मंडल सहित जदयू नेताओं ने दोनों महान विभूतियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी सेनानी और महान समाजवादी चिंतक थे। आजादी के बाद भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर उन्होंने बिहार से जिस आंदोलन का शंखनाद किया, वही आगे चलकर संपूर्ण क्रांति का व्यापक आंदोलन बना। उन्होंने कहा कि जेपी के आंदोलन ने देश की राजनीति को नई दिशा दी और लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत किया। उन्होंने स्वर्गीय रामविलास पासवान को सामाजिक न्याय एवं वंचित वर्गों की मुखर आवाज बताते हुए कहा कि उन्होंने छह प्रधानमंत्रियों के साथ केंद्रीय मंत्रिमंडल में कार्य किया। उनकी



कार्यक्रम में विधायक व अन्य।

राजनीतिक दूरदृष्टि के कारण उन्हें 'राजनीति का मौसम वैज्ञानिक' भी कहा जाता था। 1977 में हाजीपुर से उनकी ऐतिहासिक जीत ने उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाई। रेल, संचार, इस्पात, कोयला, रसायन एवं उर्वरक तथा खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी उन्होंने संभाली। विधायक ने कहा कि खगड़िया को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका संघर्ष, समर्पण और जनसेवा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में जदयू की प्रदेश सचिव नीलम वर्मा, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकुमार फोगला,दीपक सिन्हा,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल, आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, संदीप केडिया, रामविलास महतो, अविनाश पासवान, राजेश सिंह मुखिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ड धीरेंद्र कुमार, मानसी प्रखंड अध्यक्ष राजनीति प्रसाद सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष प्रभात शर्मा,वीणा पासवान,अनुज शर्मा, पंकज चौधरी सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने पीएम,गृह मंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

खगड़िया(एनएसबी)। महागठबंधन के द्वारा गुरूवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पुतला दहन किया गया। बापू नगर बलुआही स्थित गाँधी पार्क से प्रतिरोध मार्च निकाला गया और इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ आदि का नारा लगाते हुए एम जी मार्ग,बैंजामिन चौक,राजेंद्र चौक,रेलवे ओभरब्रीज होते हुए समाहरणालय के पास पहुँचकर पुतला दहन किया। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज खगड़िया में महागठबंधन के सहयोगी दलों ने संयुक्त रूप से जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो,ज्ञानेश भगाओ-लोकतंत्र बचाओ, वोट चोर गद्दी छोड़ो और ज्ञानेश कुमार एंड कंपनी इस्तीफा दो जैसे नारे भी लगाए। श्री यादव ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने साथ के दोनों चुनाव आयुक्तों की अनदेखी कर एसआईआर में नाम काटे और जोड़े गये जिसकी शिकायत दोनों चुनाव आयुक्तों ने कई बार किया। इंडिया गठबंधन के देशव्यापी आह्वान पर वोट बचाओ - देश बचाओ को लेकर आज प्रतिरोध मार्च निकला गया है और जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नही देता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इन्होने आम आवाम से भी अपील की है कि लोकतंत्र खतरे में है।इसलिए आज के प्रतिरोध मार्च में इंडिया गठबंधन के साथ-साथ आम लोग भी हजारों की संख्या में पहुंच कर मार्च को सफल बनाये हैं। खगड़िया लोकसभा इंडिया गठबंधन के पूर्व प्रत्याशी संजय कुमार ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बीजेपी का एजेंट बनकर राज्य के चुनावों में काम किया। बीजेपी के इशारे पे लाखों लोगों का नाम काटा गया और दिल्ली में बैठ के फर्जी वोटर जुड़वाया गया। हाल ही में जिन राज्यों में चुनाव हुआ है वहां बोट की चोरी कर बीजेपी कि सरकार बनवाई गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ड चंदन यादव ने कहा कि चुनाव के समय ही हमारे नेता राहुल गांधी ने कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बीजेपी के इशारे पे वोट की चोरी कर रहा है और वोटों की चोरी कर बीजेपी सरकार बना रही है। लोकतंत्र खतरा में है और बाबा साहब भीम राव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की साजिश हो रही है। लोकतंत्र बचाने के लिए हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता को प्रतिरोध मार्च में शामिल होने की अपील की। भाकपा माले के जिला सचिव शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि बीजेपी के इशारे पे बोट की चोरी हुई है इसलिए जिन राज्यों में चुनाव हुए हैं वहां का चुनाव रद्द करवाई जाए। प्रतिरोध मार्च में राजद युवा जिलाध्यक्ष उदय कुमार यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंदन यादव,सीपीआईएम संजय कुशवाहा,वीआईपी जिलाध्यक्ष मनोहर सहनी,आईआईपी जिलाध्यक्ष मनोज तांती,सीपीआई के प्रभाकर सिंह, राजद नेता सुबोध यादव, प्रमोद यादव, राजकिशोर यादव, गजेंद्र यादव, अनिल यादव, शशि पासवान आदि उपस्थित थे।



प्रतिरोध मार्च में इंडिया गठबंधन के नेतागण।

प्राथमिक विद्यालय मेहता बासा में पठन-पाठन के नाम पर हो रही है खानापूर्ति एमडीएम का भी संचालन ठीक से नहीं

बेलदौर(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मेहता बासा में पठन-पाठन के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है।विद्यालय में कुल 106 नामांकित छात्र-छात्राएं हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान मौके पर मात्र 25 बच्चे उपस्थित पाए गए। हद तो तब हो गई जब मध्या भोजन बनाए बिना ही बच्चों को घर भेज दिया गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने पर गुरुवार को जब एमडीएम पदाधिकारी रोहित कुमार जांच के लिए विद्यालय पहुंचे तो वहां कक्षाएं पूरी तरह खाली थीं और भोजन नहीं बना था। इससे भी अधिक गंभीर स्थिति विद्यालय के शिक्षकों के रवैये में देखी गई। विद्यालय के शिक्षक सुमन कुमार, शमशेर सिंह, अमित कुमार और मोहम्मद तंजीर आलम बच्चों को पढ़ाने के बजाय आपस में गप्पे लड़ाते नजर आए। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार सिंह ने आरोप लगाया कि शिक्षक विद्यालय आकर केवल हाजिरी बनाते हैं और पढ़ाई कराने के बजाय समय काटते हैं। सुदूर क्षेत्र में जहाँ शिक्षा ही बच्चों के बेहतर भविष्य का एकमात्र जरिया है, वहाँ शिक्षकों की यह मनमानी भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ है।मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

विधान परिषद चुनाव को लेकर किया जा रहा है हथियारों का सत्यापन

बेलदौर(एनएसबी)। आगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर आदर्श थाना बेलदौर में पिछले चार दिनों से लाइसेंसी हथियारों का गहन सत्यापन किया जा रहा है। गुरुवार को करीब 15 शस्त्र लाइसेंसधारी अपने हथियारों के साथ पहुंचे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार और प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने हथियारों, कारतूसों और संबंधित कागजातों की बारीकी से जांच-पड़ताल कर सत्यापन किया। पिछले चार दिनों में अब तक कुल 40 हथियारों की जांच की जा चुकी है।मामले की जानकारी देते हुए बीडीओ प्रेम कुमार ने बताया कि यह सत्यापन अभियान 1 अक्टूबर से शुरू होकर आगामी 15 अक्टूबर तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर जो भी लाइसेंसधारी अपने हथियार, गोली और मूल कागजातों का भौतिक सत्यापन नहीं करवाएंगे, उनके शस्त्र लाइसेंस को रद्द करने की अनुशंसनात्मक कार्रवाई की जाएगी। चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए यह प्रक्रिया अनिवार्य है।



-हथियारों का सत्यापन करते अधिकारी

स्वर्गीय रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

खगड़िया (एनएसबी)। अलौली विधानसभा क्षेत्र के शहरबन्नी स्थित स्वर्गीय रामविलास पासवान के आवासीय परिसर में गुरूवार को उनकी छठी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित सांस्तिक कार्यक्रम में बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने स्वर्गीय रामविलास पासवान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री संजय पासवान ने कहा कि पदम् भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान जी ने अपना पूरा जीवन गरीबों और वंचितों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक न्याय और जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका संघर्ष और व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। विदित हो कि स्वर्गीय रामविलास पासवान



कार्यक्रम में मंत्री व अन्य।

जी का जन्म 5 जुलाई 1946 को खगड़िया जिले के शहरबन्नी गांव में हुआ था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत समाजवादी विचारधारा से की और 1969 में पहली बार बिहार विधानसभा के सदस्य बने। वर्ष 1977 में हाजीपुर से लोकसभा चुनाव जीतकर वे राष्ट्रीय राजनीति में पहुंचे और इसके बाद कई बार लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने केंद्र सरकार में रेल, संचार, रसायन एवं उर्वरक और उपभोक्ता मामले जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली। रामविलास पासवान जी ने अपने राजनीतिक जीवन में गरीबों, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वे लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक भी रहे और लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। 8 अक्टूबर 2020 को उनका निधन हुआ।

संक्षिप्त खबरें

दस सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मियों की हड़ताल शुरू

चौथम (एनएसबी)। दस सूत्री मांगों के समर्थन में राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन के सामूहिक अवकाश पर चले जाने से चौथम अंचल कार्यालय का कामकाज प्रभावित हो गया है। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण राजस्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों के निष्पादन की रफ्तार धीमी पड़ गई है। वहीं, कार्यालय में आने वाले आम लोगों को भी अपने काम के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व कर्मचारियों और अंचल अमीन के हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय में कार्यरत अन्य कर्मचारियों पर भी अतिरिक्त काम का दबाव बढ़ गया है। उपलब्ध कर्मचारियों के माध्यम से कार्यालय के जरूरी कार्यों को किसी तरह संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन राजस्व कर्मियों और अमीन की अनुपस्थिति का सीधा असर उन कार्यों पर पड़ रहा है, जिनमें संबंधित कर्मियों की रिपोर्ट एवं जांच आवश्यक होती है। बताया गया कि क्षेत्र के दर्जनों से अधिक लोगों ने जमाबंदी, दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन सहित विभिन्न राजस्व कार्यों के लिए आवेदन दे रखा है। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण इन आवेदनों के निष्पादन में विलंब होने की आशंका बढ़ गई है। कई ऐसे आवेदन भी कार्यालय में लंबित बताए जा रहे हैं, जिनके निष्पादन के लिए राजस्व कर्मचारी या अंचल अमीन की रिपोर्ट जरूरी है। राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन के सामूहिक अवकाश पर जाने के संबंध में पूछे जाने पर बताया गया कि कर्मचारी अपने दस सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक सरकार की ओर से उनकी प्रमुख मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है, तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। बताया गया कि संघ के आह्वान पर कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लिया है। आंदोलन को आगे भी जारी रखने की बात कही गई है। यदि सरकार की ओर से मांगों को लेकर अपेक्षित निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 9 अक्टूबर से पटना के गर्दनीबाग में धरना-प्रदर्शन किए जाने की भी बात कही गई है। इसके बाद आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी भी दी गई है। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने का सबसे अधिक प्रभाव उन मामलों पर पड़ रहा है, जिनमें स्थल जांच, राजस्व कर्मचारी की रिपोर्ट या अंचल अमीन की मापी एवं रिपोर्ट की आवश्यकता होती है। ऐसे मामलों में संबंधित प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण आवेदन आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इस संबंध में अंचल राजस्व अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के बावजूद अंचल कार्यालय के कार्यों को जैसे-तैसे संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, कर्मचारियों की कमी के कारण राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन में काफी परेशानी आ रही है।उन्होंने बताया कि विशेष रूप से उन मामलों में समस्या उत्पन्न हो रही है, जिनमें राजस्व कर्मचारी या अंचल अमीन की रिपोर्ट आवश्यक है। संबंधित कर्मियों के उपलब्ध नहीं रहने के कारण ऐसे कई आवेदन लंबित हैं।

रंगोली के जरिए बच्चों ने दिया स्वस्थ खानपान का संदेश

परबत्ता (एनएसबी)। प्रखंड के मध्य विद्यालय बिठला में पोषण माह के अंतिम दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के अनाज, फल एवं सब्जियों से आकर्षक रंगोली बनाकर उनके पोषण संबंधी महत्व को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में बच्चों को घरेलू खानपान से मिलने वाले पोषक तत्वों एवं उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाजार में मिलने वाले जंक फूड एवं अत्यधिक प्रसंस्त खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से होने वाले संभावित स्वास्थ्य नुकसान के प्रति भी जागरूक किया गया। बच्चों को स्थानीय एवं पौष्टिक घरेलू भोजन को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बच्चों ने कदम-कदम बढ़ाए जा, जंक फूड को भगाए जा, घर का खाना सबसे प्यारा, जंक फूड ने जीवन बिगाड़ा तथा आलू, बैंगन और टमाटर, खूब खाओ मूली-गाजर जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान फलों एवं सब्जियों के पोषण संबंधी गुणों तथा संतुलित आहार के महत्व पर चर्चा की गई। बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से समाज को स्वस्थ खानपान अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में लव कुमार, गुड्डू कुमार, सीटू कुमार, मनजीत कुमार, लाडली कुमारी, ज्योति कुमारी, सावन कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, साक्षी कुमारी, आदित्य कुमार, अमन कुमार एवं राजनंदनी सहित कई विद्यार्थियों ने भाग लिया।मौके पर शिक्षक आशुतोष कुमार, मोहम्मद रियाजुद्दीन, सज्जन कुमार, कपिल देव प्रसाद चौरसिया, गीतांजलि कुमारी, ज्योति कुमारी, उषा कुमारी, प्रेमलता कुमारी, शकीला खातून एवं सिंधु कुमारी मौजूद रहे। शिक्षकों ने बच्चों की रचनात्मक पहल और जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवक की मौत, खजरैठा में पसरा मातम

परबत्ता(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के भरतखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत खजरैठा पंचायत के वार्ड नंबर 10 स्थित खजरैठा गांव में गुरुवार को पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय पंडित चौधरी के पुत्र विजय चौधरी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार विजय चौधरी अपने घर के पीछे शौच के लिए गए थे। इसी दौरान पानी से भरे गड्ढे के समीप उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद शव को गड्ढे से बाहर निकाला। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पंचायत की मुखिया अनुपमा कुमारी एवं सरपंच भवेश चौधरी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से मृतक के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की है। बताया गया कि खजरैठा पंचायत के वार्ड नंबर 10 और 11 में कसोय का पानी जमा है। साथ ही कई घरो में भी पानी घूसा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सीओ ने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। भरतखंड पुलिस मौके पर पहुंचकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया अपना रहें थे।



रोते-विलखते परिजन।

राष्ट्रीय आश्वासन गुणवत्ता मानक को लेकर सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

खगड़िया। राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर पांच सदस्यीय टीम द्वारा कायाकल्प और राष्ट्रीय आश्वासन गुणवत्ता मानक को लेकर सदर अस्पताल का दो दिवसीय निरीक्षण किया गया। टीम में शामिल डा0 प्रशांत कुमार, डा0 आशीष रंजन, आशुतोष कुमार, रामविलास और नवीन राय ने बताया है दो दिवसीय निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल के सभी 15 विभागों में चिकित्सकों एवं कर्मियों के कार्य कुशलता काफी संतोष जनक देखा गया। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल के 15 विभागों में प्रसव कक्ष, शल्य कक्ष, शिशु विभाग, आकस्मिक विभाग, अतः विभाग, वाह्य विभाग,ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर, एस एन सी यू, पोषण पुनर्वास केंद्र,जांच घर के साथ सामान्य प्रशासन विभाग की स्थिति को लेकर टीम द्वारा प्रसन्नता भी व्यक्त किया गया। उन्होंने बताया कि कायाकल्प और राष्ट्रीय आश्वासन गुणवत्ता मानक को लेकर सदर अस्पताल को वर्ष 2023 में पूरे देश में अव्व्ल स्थान प्राप्त हुआ था जिसे बरकरार रखने के लिए सदर अस्पताल को 15 में से 12 विभागों की स्थिति को बनाए रखने की आवश्यकता होगी। निरीक्षण के बाद टीम के सदस्यों द्वारा सभी विभागों के प्रभारियों की बैठक में स्पष्ट रूप से सदर अस्पताल में अपने -अपने स्तर से बेहतर प्रयास की हिदायत दी गई। बैठक में डा0 अभय कुमार, डा0 शशि कुमार,अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार, प्रसव कक्ष प्रभारी उपासना कुमारी,वरिष्ठ फार्मासिस्ट मोहम्मद फारुख कैशर सिद्दिकी, शल्य कक्ष प्रभारी रजनी कुमारी, वरिष्ठ जी एन एम प्रियंका कुमारी,ब्लड बैंक से नजमुल हक समेत पोषण पुनर्वास केंद्र कर्मी टीकम सिंह आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

केस के नाम पर दो लाख रुपये मांगने का आरोप वायरल दावे की जांच जरूरी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ क्षेत्र के रवि यादव नामक व्यक्ति को लेकर सोशल मीडिया पर एक कथित बातचीतध्खुलासे का मामला सामने आया है। वायरल दावे में आरोप लगाया गया है कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कैब्ज्ड एक्ट के तहत मामला दर्ज कराने के लिए दो लाख रुपये की मांग की गई तथा गवाह उपलब्ध कराने की बात कही गई। बातचीत में संबंधित व्यक्ति द्वारा स्वयं को प्रभावशाली बताते हुए कथित रूप से 'बिना हथियार का बड़ा लाइसेंस' होने की बात कहे जाने का भी दावा किया जा रहा है। हालांकि, वायरल अडियोध्बातचीत की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि बातचीत में शामिल व्यक्ति वास्तव में कौन है और कथित रकम की मांग का उद्देश्य क्या था। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता सामने आ सकती है। पुलिस या संबंधित जांच एजेंसी से आधिकारिक पुष्टि होने के बाद ही मामले पर अंतिम निष्कर्ष निकाला जाना उचित होगा।

कानून सुरक्षा का कवच, दबाव या सौदेबाजी का औजार नहीं

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को अत्याचार, भेदभाव और सामाजिक उत्पीड़न से सुरक्षा देने के लिए बनाया गया अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 एक महत्वपूर्ण सामाजिक न्याय कानून है। इसका मूल उद्देश्य कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना, अत्याचार की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना तथा पीड़ितों को न्याय और राहत उपलब्ध कराना है। कानून में विशेष न्यायालयों तथा पीड़ितों और गवाहों के अधिकारों से संबंधित प्रावधान भी हैं। लेकिन किसी भी कानून की ताकत तभी सार्थक होती है, जब उसका इस्तेमाल न्याय के लिए हो, व्यक्तिगत विवाद निपटाने, दबाव बनाने या आर्थिक लाभ हासिल करने के लिए नहीं। अनुसूचित जाति और जनजाति के खिलाफ वास्तविक अत्याचार को किसी भी स्थिति में हल्का नहीं माना जा सकता। वहीं, किसी व्यक्ति के खिलाफ केवल बदला लेने, डर पैदा करने या धन की मांग के लिए कानून के इस्तेमाल का आरोप सामने आए तो उसकी भी निष्पक्ष जांच जरूरी है। किसी शिकायत मैं ब्ब्ज् कानून की धाराएं लगना अपने आप में किसी व्यक्ति को दोषी साबित नहीं करता। आरोप, प्राथमिकी, जांच और न्यायालय में दोषसिद्धिये अलग-अलग कानूनी चरण हैं। इसलिए पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि शिकायत को गंभीरता से लिया जाए, तथ्यों की जांच की जाए, साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए और कानून के अनुरूप कार्रवाई की जाए।

टॉप-10 सूची में शामिल अपराधी धर्मबीर कुमार गिरफ्तार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ थाना क्षेत्र के बुढ़नीचक से पुलिस ने टप-10 सूची में शामिल अपराधी धर्मबीर कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, वह हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कई आपराधिक मामलों में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

गैरेज चोरीकांड में चार अभियुक्त गिरफ्तार, 24 घंटे में बाइक-बैट्री व चार्जर बरामद

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा थाना क्षेत्र में गैरेज से चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरी की बाइक के साथ बैट्री और चार्जर भी बरामद कर लिए। पुलिस की इस कार्रवाई से चोरीकांड के उद्भेदन में सफलता मिली है। मामले में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर अन्य संभावित संलिप्तता की जांच की जा रही है।

स्कूलों में 'बैड टच' की पहचान जरूरी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और सुरक्षित भविष्य की नींव रखने वाली संस्था है। बच्चे अपने दिन का महत्वपूर्ण समय स्कूल में बिताते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सम्मान और मानसिक सहजता विद्यालय व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण ाम्मेदारियों में शामिल होनी चाहिए। विशेष रूप से बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में उम्र के अनुरूप सरल भाषा में समझाना आज समय की आवश्यकता बन गया है। 'बैड टच' की चर्चा अक्सर किसी अप्रिय घटना के बाद शुरू होती है, जबकि वास्तविक जरूरत यह है कि बच्चों को पहले से ही इतना जागरूक बनाया जाए कि वे किसी असहज या अनुचित व्यवहार को पहचान सकें और बिना डर के किसी भरोसेमंद व्यक्ति को बता सकें। यह शिक्षा केवल लड़कियों के लिए नहीं, बल्कि हर बच्चे के लिए जरूरी है। बच्चे की सुरक्षा लिंग से नहीं, उसकी उम्र और संवेदनशीलता से जुड़ा विषय है।
बच्चों को 'ना' कहना सिखाना होगा छोटी उम्र के बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि उनका शरीर उनका अपना है। कोई व्यक्ति ऐसा व्यवहार करे जिससे बच्चा असहज, डरा हुआ या परेशान महसूस करे, तो उसे 'नहीं' कहने, वहां से हटने और किसी विश्वसनीय बड़े व्यक्ति को बताने का अधिकार है।

पर्यावरण योद्धाओं को जोड़ने निकले पद्मभूषण डा. अनिल प्रकाश जोशी

मुंगेर जमालपुर में साझा किए देववृक्ष महायज्ञ के अनुभव, बिहार के पर्यावरण योद्धाओं को एक मंच पर लाने की पहल का लिया संकल्प

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। देववृक्ष महायज्ञ के अनुभवों को लेकर पद्मश्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित पर्यावरणविद् डा़अनिल प्रकाश जोशी से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ताओं की सार्थक मुलाकात हुई। मुंगेर जमालपुर साथी अनिल कुमार, नीतीश कुमार और शिवलाल रजक के साथ डाज़ोशी के साथ पर्यावरण, नई पीढ़ी की भूमिका और प्रति संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए गए।डाज़ोशी इन दिनों 'पर्यावरण योद्धा जानो, जोड़ो' अभियान के तहत देशभर में पर्यावरण के लिए काम कर रहे लोगों से संवाद कर रहे हैं। 71 वर्षीय डाज़ोशी अपने करीब 25 साथियों के साथ जनकपुर, नेपाल से देहरादून तक लगभग 3000 किलोमीटर की यात्रा पर निकले हैं। इस यात्रा का उद्देश्य अगली पीढ़ी के पर्यावरण योद्धाओं से रूबरू होना, उनके प्रयासों को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपने-अपने मिशन में पूरी ऊर्जा के साथ जुटने के लिए प्रेरित करना है।मुंगेर जमालपुर में डा. जोशी ने देववृक्ष महायज्ञ से जुड़े नीतीश कुमार एवं शिवलाल रजक के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण के आध्यात्मिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस पहल में नए आयाम और गतिविधियां जोड़ने को लेकर मार्गदर्शन भी दिया। उनका कहना था कि पर्यावरण संरक्षण केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली और सामूहिक जिम्मेदारी का विषय है।बिहार के पर्यावरण योद्धाओं को एक मंच पर लाने की पहल चर्चा के दौरान डा. जोशी ने बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों में पर्यावरण के लिए कार्य कर रहे लोगों को एक मंच पर लाकर बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की सोच सामने रखी। पर्यावरण संरक्षण और समाज के प्रति उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 2006 में पद्मश्री तथा 2020 में पद्मभूषण से सम्मानित किया। पर्यावरण के क्षेत्र में उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिली है।


पद्मभूषण डा़अनिल प्रकाश जोशी का स्वागत करते शिवलाल रजक।

सुलभ शौचालय से शराब का धंधा, कर्मी गिरफ्तार

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप स्थित सुलभ शौचालय से शराब बिक्री का मामला सामने आया है। सीआईबी एवं आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में सुलभ शौचालय में दैनिक मजदूर के रूप में काम करने वाले रोशन मंडल को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में कुल 21 बोतल रयल स्टैग प्रीमियर व्हिस्की बरामद हुई। बरामद शराब की मात्रा करीब 15 लीटर 750 एमएल और अनुमानित कीमत 14,490 रुपये बताई गई है। मिली सूचना के आधार पर टीम ने सुलभ शौचालय में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कार्यालय में बिस्तर के समीप कार्टन, नीले बैग और दिव्यांग शौचालय में कमोड के पीछे से नौ बोतलें बरामद हुईं। इसके बाद स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में एक व्यक्ति को ब्रह्मपुत्र मेल के पिछले हिस्से से प्लास्टिक के थैले में सामान उतारकर शेड में रखते और दूसरा थैला लेकर सुलभ शौचालय की ओर जाते देखा गया। उसकी पहचान रोशन मंडल के रूप में हुई।देर रात करीब 11रू05 बजे पुलिस ने उसे प्लास्टिक की थैली के साथ शेड के पास संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी में थैले से 12 बोतल रयल स्टैग बरामद हुईं। पूछताछ में उसने शराब छिपाकर बेचने की बात स्वीकार की।सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा ने बताया गया कि सुलभ शौचालय का संचालन जय बालाजी स्वच्छ एंटरप्राइजेज, कोलकाता को मिला है। कार्रवाई के बाद रोशन मंडल को गिरफ्तार कर उत्पाद थाना मुंगेर को सौंप दिया गया।


स्टेशन पर हाई अलर्ट रेल पुलिस।

त्योहार की भीड़ से पहले जमालपुर स्टेशन हाई अलर्ट पर

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गापूजा के दौरान ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इसी क्रम में रेल डीएसपी आलोक कुमार ने गुरुवार को जमालपुर रेलवे स्टेशन का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफर्म संख्या एक, दो और तीन के साथ सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय सहित स्टेशन के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान रेल पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने स्टेशन परिसर में संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। संदिग्ध प्रतीत होने वाले लोगों को रोककर पूछताछ की गई। वहीं कई संदिग्ध व्यक्तियों के बैग, ट्रली बैग और अन्य सामान की भी तलाशी ली गई। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी रखने और संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना वरीय अधिकारियों को देने का निर्देश दिया गया।रेल डीएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए प्लेटफर्म, यात्रियों के आवागमन वाले क्षेत्र और प्रतीक्षालय में पुलिस बल की तैनाती तथा निगरानी व्यवस्था को भी देखा। दुर्गापूजा के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण भीड़ नियंत्रण और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रेल पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने को कहा गया है।निरीक्षण के दौरान एसआई जाखू राम, एसआई अल्बीना हेंब्रम, प्रमोद कुमार मंडल सहित जीआरपी और आरपीएफ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस जवान मौजूद रहे। रेल पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि पर्व के दौरान जमालपुर स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी।


स्टेशन पर हाई अलर्ट रेल पुलिस।

स्टेशन में सख्ती, बिना टिकट यात्रियों पर कसा शिकंजा

जीआरपी-आरपीएफ की संयुक्त टीम ने चलाया सघन टिकट जांच अभियान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। अपर पुलिस महानिदेशक बिहार पटना के आदेश के आलोक में रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा और टिकट जांच व्यवस्था को सख्त किया गया है। इसी क्रम में जमालपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने सघन टिकट जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में आने-जाने वाले यात्रियों के टिकट की जांच की गई तथा बिना वैध टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की गई।जांच टीम ने प्लेटफर्म पर यात्रियों के टिकट की बारीकी से जांच की। इस दौरान यात्रियों को वैध टिकट के साथ ही यात्रा करने की हिदायत दी गई। अचानक हुई सघन जांच से बिना टिकट यात्रा करने वालों में हड़कंप की स्थिति रही।रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से जीआरपी और आरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से अभियान में जुटी रही। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की जांच आगे भी लगातार जारी रहेगी। यात्रियों से अपील की गई कि वे यात्रा से पहले अपना वैध टिकट अवश्य सुनिश्चित करें और रेलवे के नियमों का पालन करें।अभियान में एसआई मोनू कुमार, राजा कुंदन कुमार,टीटीआई ,सीआईटी सुमन कुमार शर्मा और पूनम शर्मा सहित जीआरपी, आरपीएफ एवं टिकट जांच टीम के कर्मी मौजूद रहे।


टिकट चेकिंग करते सीआईटी।

ज्ञानेश की गिरफ्तारी को लेकर इंडिया गठबंधन का दिखा आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन

नेताओं ने कहा ज्ञानेश के इस्तीफा और गिरफ्तारी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

मुंगेर (एनएसबी)। एसआईआर के बहाने लोकतंत्र की हत्या करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की इस्तीफा एवं गिरफ्तारी को लेकर इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस राजद सपा माले भाकपा आई आई पी वीआईपी आदि ने गुरुवार को जिला मुख्यालय के सड़कों पर जबरदस्त बवाल काटा और राजीव गांधी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त गणेश कुमार का पुतला दहन कर जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया। इसके पूर्व इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता मुंगेर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुकेश विधार्थी कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा राजद जिला अध्यक्ष संजय विन्द सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव माले नेता दशरथ सिंह आईआईपी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र तांती सीपीआई के सचिव सजीवन सिंह वीआईपी नेता जफर अहमद के नेतृत्व में गांधी गांधी चौक से जुलूस निकाल किला क्षेत्र स्थित बाबा साहब अंबेडकर चौक तक गए और वहां धरना पर बैठ गए इस दौरान प्रदर्शनकारी वोट चोर ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो लोकतंत्र की हत्यारी केंद्र सरकार इस्तीफा दो मोदी शाह मुरादाबाद राष्ट्र हीत का हनन हुआ तो खून बहेगा सड़कों पर आदि नारे लगाते हुए राजीव गाँधी चौक पहुँचा और प्रधानमंत्री गृह मंत्री और ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर अपना जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया।
मौके पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि मोदी शाह के इशारे पर ज्ञानेश कुमार ने करोड़ों मतदाताओं का नाम काटकर लोकतंत्र की हत्या करने का जो कुत्य किया है इंडिया गठबंधन इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और केन्द्र सरकार को मुँहतोड़ जबाब देगी नेताओं ने कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते और उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं होती हमारा आंदोलन चलता रहेगा।मौके पर राजद नेता आकाशदीप यादव, गजेंद्र हिमांशु,प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव,पंकज यादव,राजेश रमण, बमबम यादव, मंटू यादव कांग्रेस के चंदन सिंह, शकील अहमद, राम प्रवेश यादव , डा सुरेश कुमार, राकेश मंडल, सपा के मिथिलेश यादव मनोज क्रांति मो आजम गणेश पोद्दार अशोक भारत नीरज यादव गोपाल वर्मा नकुल यादव मथुरी छडपन मंडल बच्चू राय सहित आईआईपी माले भाकपा के सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।


आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन करते इंडिया गठबंधन।

संक्षिप्त खबरें

अनुमंडल अग्निशामालय त्योहार के मौसम में चला रही जागरुकता अभियान

सोनपुर (एन एसबी) जिला अगिशमन पदाधिकारी मंजीत सिंह के मार्गदर्शन व अनुमंडल अगिशामालय पदाधिकारी सुश्री नेहा कुमारी के नेतृत्व में सोनपुर में प्रतिदिन चलाया जा रहा है जन-जागरूकता अभियान। त्योहारों के मौसम में आम जनता को आगजनी की संभावित दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने और उनके बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला अगिशमन पदाधिकारी मंजीत सिंह के दिशा-निर्देश तथा अनुमंडल अगिशामालय पदाधिकारी सुश्री नेहा कुमारी के नेतृत्व में सोनपुर क्षेत्र में प्रतिदिन विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस निरंतर चलने वाले अभियान के तहत क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सेल्फी पइंट (सेल्फी बूथ) और केनोपी के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं और सेल्फी बूथ पर दिए गए क्यू आर कोड को स्कैन करके सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को अगिरक्षा अभियान से जुड़ने और जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस दैनिक जागरूकता अभियान से स्थानीय नागरिकों, महिलाओं और युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। 'विशेष अपील एवं दिशा-निर्देशरू दुर्गा पूजा पंडालों में अगि सुरक्षा' अनुमंडल अगिशामालय पदाधिकारी सुश्री नेहा कुमारी ने आम जनता और पूजा समितियों से अपील की है कि पर्व-त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। पंडालों में सुरक्षा हेतु निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखेंरू1 क्या करेंरू पंडाल में पर्याप्त मात्रा में चालू स्थिति में अगिशामक यंत्र (थ्यतम म्जपदहनपीमते) और बालू-पानी से भरी बाल्टियाँ रखें। बिजली के सभी कनेक्शन किसी अनुभवी इलेक्ट्रीशियन से ही करवाएं और मेन स्विच सही रखें। आपातकालीन स्थिति के लिए पंडाल में कम से कम 2 से 3 चौड़े निकास द्वार (ब्तमतहमदबल म्पजे) रखें। पंडाल के निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री को अगि-प्रतिरोधी (थ्यतम-त्मजंतकंदज) रखें। हवन कुंड, दीप और अगरबत्ती को ज्वलनशील कपड़ों से दूर रखें। 2 क्या न करेंरू पंडाल के अंदर या नजदीक आतिशबाजी, पटाखे चलाने या खुला दीयाध्मोमबत्ती जलाने की अनुमति बिल्कुल न दें। पंडाल के अंदर पेट्रोल, डीजल या अन्य ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण न करें। एक ही बोर्ड से कई भारी बिजली के उपकरण न जोड़ें, जिससे शर्ट सर्किट का खतरा टले। निकास मार्गों या गलियारों में सजावट का सामान या तार फैलाकर रास्ता ब्लक न करें। 3 आग लग जाए तो क्या करेंरू आग लगने पर तुरंत नजदीकी अगिशामक केंद्र को 101 या आपातकालीन नंबर 112 पर कल करें। सायरन बजाकर लोगों को सतर्क करें और घबराए बिना सुरक्षित बाहर निकालें। आग की सूचना मिलते ही सबसे पहले पंडाल का मुख्य बिजली स्विच (डंपद्पजबी) बंद कर दें। यदि आग छोटी है, तो अगिशामक यंत्र या बालू से बुझाने का प्रयास करेंय विकराल होने पर सुरक्षित दूरी पर चले जाएं।



प्रभारी नेहा कुमारी के नेतृत्व टीम।

सोनपुर मंडल में ओबीसी संगठन की प्रथम अनौपचारिक बैठक

'कर्मचारी हितों से जुड़े 42 मुद्दों पर हुई चर्चा, 21 मामलों का तत्काल समाधान'

सोनपुर (एन एसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में ओबीसी संगठन की प्रथम अनौपचारिक बैठक आज दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक सभा कक्ष, सोनपुर में मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओबीसी संगठन के अध्यक्ष एवं सचिव सहित संगठन के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान ओबीसी संगठन से संबंधित कर्मचारियों के विभिन्न विषयों एवं समस्याओं से जुड़े कुल 42 मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। सकारात्मक संवाद एवं आपसी विचार-विमर्श के उपरांत 21 मुद्दों का तत्काल समाधान करते हुए उन्हें बंद किया गया। शेष मुद्दों पर भी आवश्यक विचार-विमर्श किया गया तथा नियमानुसार उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने पर सहमति बनी। बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों से संबंधित विषयों पर सार्थक संवाद, बेहतर आपसी समन्वय एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। मंडल प्रशासन एवं ओबीसी संगठन के प्रतिनिधियों के बीच सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों के समाधान हेतु प्रभावी संवाद एवं समन्वय को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक के सफल आयोजन से कर्मचारियों से संबंधित विषयों के समाधान की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुगम बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल हुई है। सोनपुर मंडल प्रशासन द्वारा कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों पर संवाद एवं समन्वय के माध्यम से नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है।



बैठक में उपस्थित लोग।

सोनपुर मंडल में निरंतर जारी है स्वच्छता अभियान

सोनपुर (एनएसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता पखवाड़ा2026 एवं ब्व्ब्द 60 के अंतर्गत स्वच्छ, सुंदर एवं स्वच्छतापूर्ण रेलवे परिसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 08 अक्टूबर 2026 को मंडल के विभिन्न स्थानों पर ट्रैक साइड एवं चिन्हित लीगेसी वेस्ट स्थलों की विशेष सफाई की गई। अभियान के दौरान पूर्व में चिन्हित लीगेसी वेस्ट एवं कचरा डंपिंग स्थलों की गहन सफाई कर कचरे को व्यवस्थित रूप से हटाया गया। इस दौरान स्ठेधगरपालिका प्राधिकारियों एवं अधित वेस्ट प्रोसेसरों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एकत्रित लीगेसी वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण एवं उचित प्रसंस्करण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। सफाई अभियान में ट्रैकमैन, गैंग स्टाफ एवं आउटसोर्स सफाई एजेंसियों के कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिक मात्रा में जमा लीगेसी वेस्ट वाले स्थानों पर श्रब्ठ एवं टिपर जैसी मशीनरी का उपयोग कर कचरे को शीघ्रता से हटाया गया तथा संबंधित क्षेत्रों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। सोनपुर मंडल द्वारा स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ रेलवे परिसर, स्वच्छ ट्रैक साइड एवं बेहतर पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित की जा रही है। साथ ही, रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कर्मचारियों एवं आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोनपुर मंडल का उद्देश्य है कि स्वच्छता अभियान को केवल एक गतिविधि तक सीमित न रखते हुए इसे निरंतर व्यवहार एवं जनभागीदारी से जोड़कर स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल रेलवे परिसर का निर्माण किया जाए।

दिल्ली की तीन महिला पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने आंदोलन का किया ऐलान

सोनपुर (एन एसबी) गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, दिल्ली के जंतर-मंतर एवं संसद मार्ग थाना क्षेत्र में तीन महिला पत्रकारों के साथ दिल्ली पुलिसकर्मियों द्वारा कथित दुर्व्यवहार, अभद्रता एवं यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन ने मामले को पत्रकारों की गरिमा, महिला सुरक्षा, प्रेस की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी गोरखपुर की अनुपस्थिति में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अतुल श्रीवास्तव जी को देकर उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में आरोपों की निष्पक्ष जांच, विधिसम्मत एफआईआर, महिला पत्रकारों की सुरक्षा, पुलिस कार्रवाई के दौरान पारदर्शी मीडिया-पुलिस प्रोटोकल तथा राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि माननीय गृहमंत्री, माननीय सचिव गृह मंत्रालय व अध्यक्ष प्रेस काउंसिल अफ इंडिया को भी ईमेल से भेज कर कार्यवाही की मांग की। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार का कथित दुर्व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, पत्रकार किसी सत्ता या पुलिस व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने वाले महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। यदि किसी महिला पत्रकार के साथ ड्यूटी के दौरान दुर्व्यवहार या उत्पीड़न का आरोप सामने आता है तो उसकी निष्पक्ष जांच होना और पीड़ित को न्याय मिलना बेहद जरूरी है। जांच निष्पक्ष होनी चाहिए और यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं तो दोषी चाहे किसी भी पद पर हो, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, गरीब-वंचितों के लिए किए कार्यों को किया याद

समस्तीपुर। एनएसबी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पद्म भूषण स्व. रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार उर्फ हीरा सिंह ने की, जबकि संचालन जिला प्रधान महासचिव राजकिशोर हजारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता नीरज भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार उर्फ हीरा सिंह ने कहा कि रामविलास पासवान ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों, वंचितों, शोषितों और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और जनसेवा के प्रति रामविलास पासवान का समर्पण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उनके विचार और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पुण्यतिथि के अवसर पर दलित बस्ती में छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय शम्भूपट्टी के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मौजूद पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रामविलास पासवान के आदर्शों पर चलने तथा गरीब, वंचित एवं कमजोर वर्ग के लोगों के हित में लगातार काम करने का संकल्प लिया।



मालीनगर में लगा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, हजारों लोगों ने उठाया चिकित्सा सुविधा का लाभ

समस्तीपुर। एनएसबी कल्याणपुर प्रखंड के मालीनगर स्थित पंचायत भवन में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत श्री रामचन्द्र सेवा ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब ऑफ समस्तीपुर सिटी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने किया। सुबह से ही शिविर में आसपास के गांवों से मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ पहुंचने लगी। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच की। आयोजकों के अनुसार हजारों लोगों ने स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और निःशुल्क दवा का लाभ उठाया। केंद्रीय मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने स्वयं कई मरीजों को देखा और चिकित्सकीय परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना सबसे बड़ी जनसेवा है। उन्होंने श्री रामचन्द्र सेवा ट्रस्ट और रोटरी क्लब की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा और संवेदना की भावना को मजबूत करते हैं। भाजपा समस्तीपुर उत्तरी की जिलाध्यक्ष नीलम सहनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों को एक स्थान पर लाकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सराहनीय प्रयास है। रोटरी क्लब ऑफ समस्तीपुर सिटी के अध्यक्ष रजनीश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में लगातार अपनी भूमिका निभाता रहा है। शिविर के आयोजक एवं श्री रामचन्द्र सेवा ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े होने की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रयास करती रहेगी। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. जेसी कर्ण, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अमलेन्दु पांडे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा शिखा, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. सरोज कुमार, जनरल सर्जन डॉ. अमरदीप एवं डॉ. अभिषेक झा, जनरल फिजिशियन डॉ. रोहित कुमार समेत डॉ. मनोज कुमार सिंह की मेडिकल टीम ने मरीजों की जांच की। इस दौरान जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, प्रभात कुमार, शशिकांत आनंद, संगम कुमार, अभिराम ठाकुर समेत भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, रोटरी क्लब के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

सात दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण में प्रशिक्षुओं ने जाना प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का महत्व

कल्याणपुर। एनएसबी प्रखंड के वीरसिंहपुर स्थित संत पॉल टीचर्सट्ठ ट्रेनिंग कॉलेज का सात दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण गुरुवार को संपन्न हो गया। शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं ने प्रकृति, पर्यावरण, भूगोल, लोकसंस्कृति, इतिहास और भारतीय आध्यात्मिक विरासत को करीब से समझने का अवसर प्राप्त किया। स्वायत्त एवं नैक बी++ मान्यता प्राप्त संस्थान की ओर से शैक्षणिक परिभ्रमण समिति के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में प्रशिक्षुओं ने पश्चिम बंगाल के सुंदरवन, दार्जिलिंग के टाइगर हिल, दक्षिणेश्वर काली मंदिर और बेलूर मठ समेत कई महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया। परिभ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं ने सुंदरवन की जैव-विविधता और प्राकृतिक परिवेश को समझा। वहीं दार्जिलिंग के टाइगर हिल सहित अन्य स्थलों के भ्रमण से उन्हें भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विविधता को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर मिला। धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण ने भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की समझ को भी समृद्ध किया। समापन के अवसर पर प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण शिक्षा को कक्षा की चारदीवारी से बाहर निकालकर वास्तविक जीवन से जोड़ता है। भावी शिक्षकों के लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ प्रकृति, समाज, संस्कृति और इतिहास का प्रत्यक्ष अनुभव भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्राओं से प्रशिक्षुओं में अवलोकन क्षमता, जिज्ञासा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास होता है। जो शिक्षक स्वयं अनुभव के माध्यम से सीखता है, वह विद्यार्थियों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावी बना सकता है। उन्होंने परिभ्रमण को सफल बनाने में शैक्षणिक परिभ्रमण समिति के समन्वयक एवं सदस्यों की भूमिका की सराहना की।

पोषण मेला में खेल-खेल में बच्चों को मिला संतुलित आहार का संदेश

समस्तीपुर कार्यालय। विद्यालय पोषण कार्यक्रम ह्यअंकुरनट्ठ के तत्वावधान में गुरुवार को पूसा में ह्यपोषण मेला 2026ट्ठ का भव्य आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों एवं आम लोगों को संतुलित आहार, पोषण, स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं आसपास के सरकारी विद्यालयों से बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में पूसा के प्रखंड विकास पदाधिकारी रविश कुमार, डॉ. उषा सिंह, अधिष्ठाता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, राजस्व पदाधिकारी, पूसा, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, पूसा तथा यूनिसेफ की राज्य सलाहकार पल्लवी कुमारी एवं सहानुभूति कृष्णन सहित कई पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। मेले में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग की ओर से करीब छह विशेष स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर बच्चों को खेल, प्रश्नोत्तरी, रोचक गतिविधियों एवं पोषण संबंधी मॉडल के माध्यम से संतुलित आहार, पौष्टिक भोजन और अच्छे पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल-खेल में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। स्वास्थ्य जांच के साथ एनीमिया से बचाव की दी जानकारी पोषण मेले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) एवं स्वास्थ्य जांच से संबंधित स्टॉल भी लगाया गया था। यहां बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए एनीमिया के कारण, बचाव के उपाय, आयरन-फोलिक एसिड के सेवन तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा जीविका एवं आईसीडीएस की ओर से भी विभिन्न स्टॉल लगाए गए। आईसीडीएस के स्टॉल पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रमों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाकर मातृ एवं शिशु पोषण के महत्व को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं छोटे बच्चों के लिए उचित पोषण की आवश्यकता के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया के मुद्दे पर महागठबंधन का प्रदर्शन

समस्तीपुर। एनएसबी मतदाता सूची, मताधिकार और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता के मुद्दे को लेकर गुरुवार को इंडिया महागठबंधन के घटक दलों ने समस्तीपुर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस, राजद समेत विभिन्न संगठनों के नेता और कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लेकर विरोध मार्च में शामिल हुए।

विरोध मार्च स्टेशन रोड स्थित महात्मा गांधी स्मारक से शुरू हुआ और पटेल गोलंबर होते हुए समाहरणालय तक पहुंचा। यहां समाहरणालय के समीप प्रदर्शनकारियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया।

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी समस्तीपुर शहरी, जिला कांग्रेस कमेटी समस्तीपुर ग्रामीण, राष्ट्रीय जनता दल समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने लोकतंत्र, मताधिकार, मतदाता सूची तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता का अधिकार सर्वोपरि है और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही जरूरी है।

जिला कांग्रेस कमेटी समस्तीपुर शहरी की अध्यक्ष अनीता राम ने कहा कि मतदाता का अधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब मिलना चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी समस्तीपुर ग्रामीण के अध्यक्ष सिद्धार्थ क्षेत्रिय ने कहा कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव और मतदाता अधिकारों की रक्षा जरूरी है। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, राजन वर्मा समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, संगठन के प्रखंड अध्यक्ष और महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला फूंका



टीबी उन्मूलन अभियान को जनआंदोलन बनाने पर जोर, डीडीसी ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

समस्तीपुर। एनएसबी प्रधानमंत्री के टीबी-मुक्त भारत अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने और जिले में क्षय रोग उन्मूलन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने की। इस दौरान राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी मरीजों की पहचान, जांच, उपचार, पोषण सहायता और जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. राजीव कुमार, डॉ. विशाल समेत स्वास्थ्य विभाग तथा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि टीबी के खिलाफ लड़ाई केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। इसे सफल बनाने के लिए सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और आम लोगों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित टीबी मरीजों की समय पर पहचान कर उनकी जांच सुनिश्चित की जाए। जांच में बीमारी की पुष्टि होने पर तत्काल उपचार शुरू कराया जाए। उपचाररत मरीजों की नियमित निगरानी करने के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मरीज निर्धारित अवधि तक दवा का पूरा कोर्स करें और किसी भी स्थिति में उपचार बीच में न छोड़ें।

डीडीसी ने निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र पहल को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को दवा के साथ पौष्टिक आहार और सामाजिक सहयोग मिलना भी जरूरी है। इसके लिए सक्षम लोगों, सामाजिक संस्थाओं और संगठनों को आगे आकर टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

उन्होंने कहा कि टीबी के लक्षणों और उपचार को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। लोगों को बताया जाए कि टीबी इलाज योग्य बीमारी है और समय पर जांच तथा नियमित उपचार से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।

सिविल सर्जन डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी, लगातार बुखार, रात में पसीना आना, वजन कम होना, भूख में कमी या बलगम में खून आने जैसे लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच अवश्य कराएं।



शिक्षक व स्नातक निर्वाचन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, बूथों पर व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश

समस्तीपुर। एनएसबी आगामी दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने समस्तीपुर सदर प्रखंड एवं नगर परिषद रोसड़ा क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों से निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि मतदान केंद्रों तक मतदाताओं की सुगम पहुंच, साफ-सफाई, पेयजल समेत अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिए। मतदान के दौरान मतदाताओं के साथ-साथ प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों एवं कर्मियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने तथा तैयारियों की नियमित समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा या व्यवधान की स्थिति उत्पन्न न हो।

मौके पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी अली एकराम, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।



अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद फिर रेलवे की जमीन पर सजने लगीं दुकानें

विद्यापतिनगर। एनएसबी विद्यापतिधाम स्टेशन के आसपास रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के कुछ दिनों बाद ही स्थिति फिर बदलने लगी है। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद खाली कराए गए स्थानों पर दोबारा अस्थायी दुकानें सजने और सामान रखकर जमीन घेरने का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे रेलवे प्रशासन की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार विद्यापतिधाम स्टेशन से स्मारक चौक और काली मंदिर के आसपास रेलवे की जमीन पर लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। अतिक्रमण के कारण स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों के अलावा विद्यापतिधाम मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भी परेशानी होती रही है।

इसको लेकर रेल प्रशासन और स्थानीय पुलिस की ओर से पूर्व में कई बार अभियान चलाकर रेलवे की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों को दोबारा सरकारी अथवा रेलवे की जमीन पर कब्जा नहीं करने की चेतावनी भी दी गई थी। कार्रवाई के बाद कुछ समय तक स्थिति सामान्य रही, लेकिन अब खाली कराए गए स्थानों पर फिर से दुकानें और अस्थायी कब्जे दिखाई देने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शुरूआती स्तर पर ही दोबारा हो रहे अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में स्थिति फिर पहले जैसी हो सकती है। लोगों ने रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस से दोबारा अभियान चलाकर रेलवे की जमीन को स्थायी रूप से अतिक्रमण मुक्त कराने तथा दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



जमाबंदी सुधार अभियान में तेजी लाने का निर्देश, 31 अक्टूबर तक दुरुस्त किए जाएंगे छूटे अभिलेख

विद्यापतिनगर। एनएसबी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश पर जमाबंदी अद्यतीकरण एवं उत्तराधिकार विशेष अभियान को प्रभावी बनाने को लेकर गुरुवार को अंचल कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी कुमार हर्ष ने की। इसमें प्रखंड की सभी 14 पंचायतों के मुखिया और पंचायतवार राजस्व कर्मचारी शामिल हुए।

बैठक में अभियान को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की रणनीति पर चर्चा की गई। विशेष अभियान के दौरान छूटे हुए खाता, खेसरा, भूमि एवं रकबा से संबंधित प्रविष्टियों की पहचान कर राजस्व अभिलेखों में आवश्यक सुधार करने पर जोर दिया गया।

अंचलाधिकारी कुमार हर्ष ने बताया कि सात अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पंचायत स्तर पर मुखिया और राजस्व कर्मचारियों के समन्वय से लंबित एवं त्रुटिपूर्ण जमाबंदियों को दुरुस्त किया जाएगा।

उन्होंने राजस्व कर्मचारियों को पंचायतवार लक्ष्य निर्धारित कर अभियान को गंभीरता से संचालित करने का निर्देश दिया। वहीं पंचायत के मुखियाओं से ग्रामीणों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने और छूटे हुए मामलों को सामने लाने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि जमीन से संबंधित अभिलेखों में सही जानकारी दर्ज रहना आम लोगों के हित में बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए अभियान के दौरान किसी भी पात्र व्यक्ति की जमाबंदी संबंधी समस्या को सामने आने पर नियमानुसार उसका समाधान किया जाए।

बैठक में राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा, मुखिया मुकेश कुमार, संजीत सहनी, भागीरथ प्रसाद चौरसिया, रमेश पंडित, नाजिर लालबाबू राम समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं राजस्व कर्मी मौजूद थे।



छूटे और नए पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने को विशेष अभियान, बीएलओ करेंगे घर-घर सत्यापन

समस्तीपुर। एनएसबी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद छूटे हुए एवं नए पात्र निर्वाचकों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने अभियान को प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

निर्देश के अनुसार बूथ लेवल अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण से पूर्व की निर्वाचक सूची का वर्तमान निर्वाचक सूची से मिलान एवं सत्यापन करेंगे। इस दौरान ऐसे मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनके नाम पूर्व की मतदाता सूची में थे, लेकिन वर्तमान सूची में नहीं हैं। चिह्नित मतदाताओं का बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। पात्र पाए जाने वाले लोगों का नाम प्ररूप-6 के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। बीएलओ को प्रत्येक सप्ताह 20 से 25 निर्वाचकों का सत्यापन करने और पूरी प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। चिह्नित मतदाताओं की सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट के साथ साझा की जाएगी, ताकि अभियान में पारदर्शिता बनी रहे। जरूरत के अनुसार मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप भी लगाए जा सकेंगे। इसके अलावा रात्रि आश्रय स्थलों, मजदूर कॉलोनियों, गृहविहीन लोगों और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए भी विशेष कैंप आयोजित करने की व्यवस्था की जाएगी। बीएलओ द्वारा प्ररूप-6 के साथ सत्यापन रिपोर्ट निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान पूरा होने के बाद मतदान केंद्रवार तैयार सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार और नियमित मीडिया ब्रीफिंग भी की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए अभियान को प्राथमिकता के साथ चलाया जाए। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा जो पहली बार मतदान के पात्र हुए हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्ररूप-6 के माध्यम से नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया में भाग लें।

कला-संस्कृति के क्षेत्र में जुटेंगी देशभर की हस्तियां, एक नवंबर को होगा 16वां सृजनोत्सव सह सम्मान समारोह

दलसिंहसराय। एनएसबी कला, संस्कृति, परंपरा और सृजनशीलता को समर्पित विजुअल आर्ट फाउंडेशन की ओर से आगामी एक नवंबर को दलसिंहसराय स्थित अनन्या रेजीडेंसी के सभागार में 16वां शारदीय नवरात्र महोत्सव सृजनोत्सव सह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से कलाकारों और नामचीन हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मो. सुलेमान को अध्यक्ष, सपन कुमार, मो. आलमगीर अंसारी, संतोष कुमार और हेमंत आनंद को उपाध्यक्ष बनाया गया। उत्सव जयसवाल को सचिव, सज्जन कुमार, मोती कुमार, जिगर गुप्ता और दीपक कुमार को उपसचिव तथा डॉ. संजीव प्रकाश को कोषाध्यक्ष और चंदन चौधरी को उपकोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। रूपक कौशल, कुणाल गुप्ता और शैलेश कानू को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं रत्नेश कुमार, संजीव कुमार, जितेंद्र कुमार एवं मनोज जायसवाल को संयोजक, बलराम पंडित एवं उमेश राम प्रकाश को प्रवक्ता तथा सुनील कुमार को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया। अध्यक्ष मो. सुलेमान ने बताया कि समारोह में मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, बेगूसराय समेत विभिन्न जिलों और प्रखंडों से दुर्गा पूजा एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव से जुड़ी पूजा समितियों को उत्कृष्ट आयोजन और योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

नावाडीह बीघापर गांव में चेक डैम में डूबने से दो बच्चों की मौत, गांव में पसरा मातम

डोभी (एनएसबी) । थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अंतर्गत नेमाडीह बीघापर गांव के समीप बुधवार की शाम चेक डैम में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सौरभ कुमार (7 वर्ष), पिता गुड्डू यादव तथा होरिल यादव के 9 वर्षीय नाती पीयूष कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे बुधवार की शाम अन्य बच्चों के साथ खेलते-खेलते चेक डैम में नहाने चले गए थे। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में डूब गए। देर शाम तक बच्चों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। साथ गए अन्य बच्चों से पूछताछ करने पर दोनों के चेक डैम में डूबने की जानकारी मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने चेक डैम में खोजबीन शुरू की और डोभी थाना पुलिस को सूचना दी। काफी देर तक चले प्रयास के बाद देर रात दोनों बच्चों के शव को चेक डैम से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों के अनुसार, सौरभ कुमार के शव को डोभी थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वहीं पीयूष कुमार कुछ दिनों से अपने ननिहाल नेमाडीह में रह रहा था। घटना की सूचना उसके पिता को दी गई, जिसके बाद पिता शव को अपने घर ले गए और दाह संस्कार किया।

फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर शोक

डोभी (एनएसबी)। फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर मगही लोकगायक सह भाजपा जिला संयोजक (कला संस्कृति) अजय कुमार मिश्र ने शोक व्यक्त किया है। अजय मिश्रा ने कहा कि स्व०पाटेकर भारतीय फिल्म जगत के मजबूत स्तंभ थे।वे एक अभिनेता के साथ -साथ एक समाजसेवी एवं सच्चे राष्ट्रभक्त थे।भारत की संस्कृति संरक्षण उनका योगदान सदैव याद रहेगा ।उनका निधन कला जगत के अपुरनिय क्षति है।

पुलिस ने आम लोगों की शिकायतें सुनी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। दिनांक 08.10.2026 को नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई। जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। नगर पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

प्रदर्शन को ले ब्रीफिंग की गई

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन मे दिनांक 08.10.2026 को नगर पुलिस अधीक्षक, गया एवं पुलिस उपाधीक्षक, रक्षित, गया द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को लेकर प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारीध्वल को ब्रीफ किया गया। इस दौरान संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं बल को विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रदर्शन को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह 12 अक्टूबर को कुर्था में सभा को करेंगे संबोधित

कुर्था(एनएसबी)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के 12 अक्टूबर को कुर्था आगमन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। उनके आगमन के दौरान कुर्था प्रखंड परिसर में सभा आयोजित करने के लिए अनुमति मांगी गई है। इस संबंध में कांग्रेस के कुर्था प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ राम विनय सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पत्रकारों को बताया कि आगामी 12 अक्टूबर को सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के आगमन के उपरांत सचई में नवनिर्मित सामुदायिक भवन के उद्घाटन परिसर में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह की तैयारी को लेकर सभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान सांसद कार्यकर्ता व आमलोगों को संबोधित करेंगे।

जदयू जिला कार्यालय में भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि मनी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। गयाजी जिला जनता दलयू कार्यालय में भारत रत्न, लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ई. अजय कुशवाहा ने की। सबसे पहले जिला जदयू के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जेपी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर, पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जेपी जी ने हमेशा कहा था - ह्यह्यसत्ता के लिए नहीं, व्यवस्था परिवर्तन के लिए लड़ो।ह्यह्य उनका जीवन त्याग और सादगी का प्रतीक था। इस अवसर पर जेपी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने और जदयू संगठन को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मधुसूदन राय, विनोद कुमार, राम लखन स्वर्णकार, लालजी प्रसाद, प्रभात राउत, राज कुमार साह, कैलाश पासवान, डा. जितेन्द्र कुमार , कुण्डल वर्मा, अमर राय, अरविंद वर्मा, अलम अंसारी, विनोद यादव, पप्पू दांगी, संजय मिश्रा, अर्जून राम, संजय कुमार स्वर्णकार, गौतम पटेल, राकेश पाण्डेय, जितेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, मो तैइयब खान, गीता वर्मा, पिंकी देवी, शिवशंकर दास, अरुण कुमार पटेल, शम्भु सिह, गोपाल चन्द्रवंशी, शबीहुल बाकी प्रिंस, हुजैफा कादरी, सुनीत देवी आदि मौजूद रहे।



शेरघाटी में जेपी की 47 वीं पुण्यतिथि मनाई गई, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



शेरघाटी। शहर के जेपी चैक पर गुरुवार को जननायक जयप्रकाश नारायण की 47वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों और उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद किया। इस मौके पर जयप्रकाश नारायण के जीवन और उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने देश में लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक बदलाव के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचार आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि जेपी ने हमेशा अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तथा आम लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि जयप्रकाश नारायण का जीवन त्याग, संघर्ष और जनसेवा का प्रतीक रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी को लेकर इंडिया गठबंधन का मार्च

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार को इंडिया गठबंधन के आह्वान पर कांग्रेस, राजद, सीपीआई, सीपीआई(एम), माले एवं वीआईपी सहित गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं एवं कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी एवं गिरफ्तारी की मांग को लेकर गया जी में देश बचाओ, वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ विशाल विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च गयाजी के गांधी मैदान स्थित धरना स्थल से प्रारंभ होकर राय काशीनाथ मोड़, गया व्यवहार न्यायालय होते हुए गया समाहरणालय के समक्ष पहुंचा, जहां यह सभा में तब्दील हो गया। सभा के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार झुन्ना, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, राजद महानगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव, मोहम्मद असीर, सीपीआई के अध्यक्ष सीताराम शर्मा, मोहम्मद याहिया खान, सीपीआई(एम) के जिला अध्यक्ष राम खेलावन दास, पारस नाथ सिंह, कपिल देव सिंह, माले के जिला अध्यक्ष निरंजन कुमार आदि शामिल थे।

समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी की अध्यक्षता में आगामी दूगार्पूजा पर्व 2026 के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सभा में उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के सुझाव को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं जरूरी निदेश दिये गये। बैठक में शांति समिति को लेकर किये गये कार्यों की गहन समीक्षा की गई तथा पूजा के दौरान विभिन्न स्थलों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए कहा गया कि दूर्गा पूजा सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न



बैठक में भाग लेते डीएम और एसपी।

कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियाँ ससमय सुनिश्चित किया जाए। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। संबंधित सभी पदाधिकारियो को असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं अफवाहों का त्वरित खंडन करने का भी निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी पूजा पंडाल एवं विसर्जन जुलूस हेतु लाईसेंस अनिवार्य है। जुलूस की अनुमति के लिए जो भी आवेदन करेंगे वो समय एवं रूट चार्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी अधिकारियों को निदेशित किया गया कि मूर्ति विसर्जन को शाम दलने के पहले ही विसर्जन कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को सभी पूजा पंडालों के समीप लगे हाईवोल्टेज तारों को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। सभी पंडाल एवं मुख्य स्थलों पर सी सी टी वी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील किया गया कि कोई भी असमाजिक तत्व दिखने पर इसकी सूचना जिला प्रशासन को दिया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निदेशित किया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान पूरी सतर्कता एवं सावधानी बरते। छोटी-छोटी घटनाओं को भी नजर अंदाज नहीं करें और ससमय आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को अनिवार्य रूप से दें। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस विभाग एवं उत्पाद विभाग को शराब से संबंधित जाँच एवं रेड को सख्त तेज करने हेतु निदेश दिये गये। साथ ही बताया गया कि दूगार्पूजा के अवसर पर ब्रेथ एनालाईजर से जाँच एवं ट्रैफिक बैरिकेड की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि सोशल मीडिया पर फैलने वाले अफवाहों पर भी दृष्टि बनायें रखेंगे एवं उसकी सत्यता की जाँच करते हुए खंडन करना भी सुनिश्चित करेंगे। जिससे कि किसी भी तरह के अप्रत्याशित माहौल को बनने से रोका जा सके। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष, 20 सूत्री उपाध्यक्ष, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, सभी दलों के राजनीतिक प्रतिनिधि के साथ शांति समिति के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

गश्ती के दौरान ट्रेन में नशा खिलाकर यात्रियों को लुटनेवाला धराया

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। सहायक सुरक्षा आयुक्त गया संजय कुमार सिंह व रेल पुलिस उपाधिक्षक गया गुलशन कुमार के निर्देशन मे संयुक्त रूप से नशाखुरानी के रोकथाम के मद्देनजर गश्त एवं अपराधिक गतिविधि की निगरानी कर रहें थे।

गश्त के दौरान दिल्ली इंड में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था मे एक व्यक्ति ग्रे एवं ब्लैक कलर का पिठ्ठु बैग लेकर बैठा दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति को रोककर उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम रमेश कुमार, उम्र-55 वर्ष, पिता-स्व0 जोगीजी सा0-बकरा, थाना-बिन्द, जिला-नलन्दा (बिहार) बताया। पिठ्ठु बैग चेक करने पर बैग के अंदर से इस्तेमाली कपड़ा के अलावे (1).06 अद्द स्मार्ट फोन (2). एटीवान 2 एम जी टबलेट नशीला दवा 04 स्ट्रीप प्रत्येक स्ट्रीम में 30 टबलेट कुल 120 टबलेट (3). कागज में लपेटा हुआ नशीला पदार्थ जैसा पाउडर (4). एक पैकेट खुला अवस्था में डक कम्पनी का क्रीम बिस्कीट, 01 पैकेट बंद अवस्था में मौम मौजिक कम्पनी का बिस्किट, एक पैकेट बंद अवस्था में पतंजली कम्पनी का क्रिम बिस्कीट (05). दो अदद लोहे का श्रेड कटर (11). एक अदद कागज में लपेटा हुआ पत्थर (06). एक अदद पिली धातु का बना एक दुर्गा माता का गले का लॉकेट वनज लगभग 2.4 ग्राम (07). एक अदद



एसबीआई बैंक का डेबिट कार्ड जिस पर भजन कुमार नाम अंकित (08). एक अदद रेलवे का सधारण यात्रा टिकट नं0-एआरसी 9427645 दिनांक-06.10.2026 एक्स गया से तिलैया स्टेशन का यात्रा टिकट उपरोक्त सभी समान बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्ति के द्वारा बताया गया की उपरोक्त सभी बरामद मोबाईल व सामान ट्रेन मे यात्रा करने वाले यात्रीयों को नशा खिलाकर चोरी कर लिया हूँ एवं जितने भी टबलेट बैग में बरामद हुए है वह नशा के टबलेट है जिसे मै यात्री को ट्रेन में खिलाकर उन्हे बेहोश कर देता था और उनका सामान चोरी कर ट्रेन से उतर जाता था।

गया कॉलेज, गयाजी में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। गया कॉलेज, गयाजी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा गुरूवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 8 से 10 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 अक्टूबर 2026 को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा लगभग 50 पोस्टरों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 10 बच्चों ने मानसिक स्वास्थ्य विषय पर स्लोगन एवं भाषण प्रस्तुत कर लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सतीश सिंह चंद्र ने अपने बहुमूल्य विचारों एवं संदेश के



साथ किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. (डॉ.) विभा सिंह, प्रो. (डॉ.) किशोर कुमार, प्रो. (डॉ.) सोनू अन्नपूर्णा, डॉ श्रीधर करुणानिधि, डॉ. राजेश कुमार मिश्र, डॉ. राजन कुमार एवं डॉ. अरविंद कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विभागीय प्रोफेसरों एवं शिक्षकों में डॉ. रामदेव प्रसाद, डॉ. आशा कुमारी, डॉ. मार्कण्डेय पाण्डेय, डॉ. संध्या कुमारी, डॉ. विशाल यादव सहित श्री अमर कुमार एवं श्री लक्ष्मी प्रसाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाने तथा समाज में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी की। प्रतियोगिता में भाग देने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। जेपी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का निर्णय

शोषितों, पीड़ितों एवं वंचितों के आवाज थे पद्म भूषण स्व रामविलास पासवान : दीपक प्रकाश

अरवल (एसएनबी)। जिला मुख्यालय के आनंद विहार रिसॉर्ट में सामाजिक न्याय के सच्चे प्रहरी , लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक , पूर्व केन्द्रीय मंत्री , पद्म भूषण स्व रामविलास पासवान के छठी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि समारोह श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनाई गई। पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अरवल जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया। पुण्यतिथि समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश ने पुण्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान ब्यक्ति नहीं विचार थे। उनके ब्यक्तित्व एवं कृतियों को किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय में बांधकर नहीं रखा जा सकता है। वे भारतीय राजनीति के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्होंने शोषितों, पीड़ितों, दलितों, गरीबों , पिछड़ों , अल्पसंख्यकों एवं समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को सम्पूर्ण विकास के लिए सड़क से



पुष्पांजलि अर्पित करते प्रभारी मंत्री।

लेकर संसद तक संघर्ष करते रहे। वे देश के छह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न मंत्रालयों जैसे रेलवे, स्टील कोयला, रसायन, उर्वरक,खाद्य उपभोक्ता संरक्षण, दूरसंचार एवं अन्य मंत्रालयों में ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यो को निर्वहन करने में सफल रहे। आज देश के हर घर मे हर परिवार के हांथ में मोबाईल पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान से जाना जाता है। स्वर्गीय रामविलास पासवान के देश हित मे किये गये विकास कार्यो के लिए उनके पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा पूर्वक के लोग याद कर रहे हैं। पुण्यतिथि समारोह में जिला प्रधान राजेन्द्र यादव जिला उपाध्यक्ष रामबचन पासवान, जिला उपाध्यक्ष रमेश रजक पासवान, जिला महासचिव रामानंद भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जद यू जिलाध्यक्ष अनन्त वर्मा, रालोमो जिलाध्यक्ष राम अयोध्या कुशवाहा जिला सचिव अमित कुमार, अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, वंशी प्रखंड महावीर पासवान, कुर्था प्रखंड अध्यक्ष नूतन भाष्कर, कलेर प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए ।

कागज पर विद्यालय हकीकत में दूसरे स्कूल का सहारा

कुर्था(एनएसबी)। कुर्था प्रखंड क्षेत्र के शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी एक गंभीर तस्वीर सामने आई है। प्रखंड के कई प्राथमिक विद्यालय आज भी अपने भवन और जमीन के अभाव में दूसरे विद्यालयों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। भवनविहीन व भूमिहीन विद्यालयों के बच्चों को दूसरे स्कूलों में टैग कर पढ़ाई कराई जा रही है। इससे जहां बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं शिक्षकों को भी शिक्षण कार्य के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन विद्यालयों की समस्या कोई नई नहीं है। वर्षों से विद्यालय भवन और भूमि के अभाव की स्थिति बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। एक ही परिसर में अलग-अलग विद्यालयों के बच्चों की पढ़ाई होने से कक्षाओं के संचालन, बैठने की व्यवस्था और शिक्षण कार्य पर भी असर पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बच्चों के भविष्य से जुड़ी इतनी महत्वपूर्ण समस्या के बावजूद शिक्षा विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की बात करती है, तो विद्यालयों को अपना भवन, जमीन और जरूरी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। गम्भीरता से देखे तो आंकड़े चौकाने वाले हैं परन्तु यथार्थ सच है कि प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर भट्ट बिगहा प्राथमिक विद्यालय शाहोपुर में टैग हैं तो प्राथमिक विद्यालय मथुरापुर मध्य विद्यालय मुबारकपुर में टैग हैं। प्राथमिक विद्यालय सचई दक्षिणी प्राथमिक विद्यालय सचई में टैग तो प्राथमिक विद्यालय भत्तु बिगहा प्राथमिक विद्यालय सहजीवन दरगाह में टैग हैं। प्राथमिक विद्यालय राणानगर — मध्य विद्यालय कुर्था में टैग तो प्राथमिक विद्यालय आजाद बिगहा — मध्य विद्यालय कुर्था में टैग हैं। प्राथमिक विद्यालय सालेपुर एससी टोला — मध्य विद्यालय लारी में टैग हैं। अब सवाल यह उठता है कि कब मिलेगा इन विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को अपना विद्यालय? जो स्थानीय लोगों के लिए यक्ष प्रश्न के तरह साबित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दूसरे विद्यालयों में टैग कर किसी तरह पढ़ाई चलाना स्थायी समाधान नहीं है।

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सुधार बिक्री केंद्र का मंत्री ने किया उद्घाटन

अरवल (एनएसबी)। जिले के सोनभद्र बंशी सूर्यपुर प्रखंड अंतर्गत शेरपुर पंचायत में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत स्थापित जीविका सुधा बिक्री केंद्र का विधिवत उद्घाटन मंत्री पंचायती राज विभाग सह प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री ने लाभार्थी जीविका दीदी सुषमा देवी के इस उद्यम की सराहना की और कहा कि जीविका और कॉम्फेड का यह संयुक्त समन्वय ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहा है। उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने कहा कि जिले में महिलाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस केंद्र से न केवल स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पाद सुलभ होंगे, बल्कि इससे दीदी के परिवार की आय में भी सतत वृद्धि होगी। कमला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदी ने किराना व्यवसाय के बाद मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के सहयोग से सुधा डेयरी का आधिकारिक बिक्री केंद्र प्रारंभ किया है, जहाँ सुधा दूध, दही, पनीर, घी, लस्सी एवं अन्य दुग्ध उत्पाद नियमित रूप से आमजनों के लिए उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तरीय जीविका टीम, सामुदायिक समन्वयक आलोक कुमार, कमला स्वयं सहायता समूह, सरस्वती ग्राम संगठन तथा मिलन संकुल स्तरीय संघ की दीदियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। अंत में जीविका की जिला परियोजना प्रबंधक रागिनी कुमारी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विश्वास दिलाया कि अरवल जिले में अन्य पात्र स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को भी इसी तरह के सूक्ष्म उद्यमों से जोड़कर मुख्यधारा में लाया जाएगा।



उद्घाटन करते मंत्री।

प्रभारी मंत्री ने किया सेवा सेतु शिविर का स्थलीय निरीक्षण

अरवल (एनएसबी)। मंत्री, पंचायती राज विभाग सह प्रभारी मंत्री, दीपक प्रकाश द्वारा सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड में आयोजित ह्यसेवा सेतु शिविरह्यसरकार आपके द्वारह्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने शिविर में उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभुकों तक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजना ह्यसंबलह्न के अंतर्गत दो पात्र दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य चलन संबंधी दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को आवागमन में सुविधा प्रदान करना, उनकी दैनिक गतिविधियों को सुगम बनाना तथा उन्हें सामाजिक एवं



दिव्यांगजनों को चाभी सौंपते

आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण, सम्मान एवं सशक्तीकरण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएँ एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग, अरवल के माध्यम से मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजना ह्यसंबलह्न का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता एवं निर्धारित पात्रता के अनुरूप विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। बैटरी चालित ट्राइसाइकिल हेतु पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया सहायक निदेशक माला कुमारी ,जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजना ह्यसंबलह्न के अंतर्गत बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र चलन दिव्यांगजन, जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक है, समाज कल्याण विभाग के संबंधित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से घर बैठे आवेदन समर्पित कर सकते हैं। आवेदन के लिए प्रमुख आवश्यक दस्तावेजों में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत 40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक चलन दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र।आधार कार्ड। आवासीय प्रमाण-पत्र।

संक्षिप्त खबरें

एसएसपी ने किया रात्रि में कई थानों के औचक निरीक्षण

हाजीपुर/एनएसबी। वरीय पुलिस अधीक्षक, वैशाली श्री शुभांक मिश्रा द्वारा रात्रि जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्र थाना, सदर थाना एवं बिदुपुर थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर में संत्रियों की तैनाती एवं उनकी सतर्कता की जांच की गई। ओ.डी. पदाधिकारी की उपस्थिति एवं ड्यूटी व्यवस्था का जायजा लिया गया। उनके द्वारा थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण हेतु गश्ती वाहनों की क्रियाशीलता एवं गश्ती व्यवस्था की समीक्षा की गई।साथ ही, थाना में संचालित विभिन्न कार्यों, अभिलेखों एवं जनसामान्य से संबंधित पुलिसिंग कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई।एसएसपी ने रात्रिकालीन ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि रात्रि गश्ती एवं थाना की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित की जाए।



महनार में एसडीओ ने परखी स्कूलों की व्यवस्था, अनुपस्थित शिक्षकों से मांगा जवाब

कई विद्यालयों में शिक्षक व प्रधानाध्यापक मिले अनुपस्थित, आंगनबाड़ी केंद्रों में भी मिलीं कमियां

महनार/एनएसबी। महनार एसडीओ अंकित कुमार ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन, साफ-सफाई और विद्यालयों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। अनियमितता मिलने पर संबंधितों से स्पष्टीकरण मांगा गय। एसडीओ ने मध्य विद्यालय मोख्तारपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावापुर महनार, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय लावापुर महनार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलवा जयरामपुर, प्राथमिक विद्यालय सालमपुर और प्राथमिक विद्यालय लावापुर नारायण का निरीक्षण किया। मध्य विद्यालय मोख्तारपुर में चार शिक्षकों का पाठ-टीका अद्यतन नहीं पाया गया। सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया। विद्यालय की भूमि के सीमांकन व जमाबंदी की जांच के लिए सीओ को निर्देश दिया गया। भवन की जांच के लिए सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावापुर महनार में प्रधानाध्यापक अनुपस्थित मिले। वहीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलवा जयरामपुर में दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। संबंधितों से स्पष्टीकरण मांगा गया। साफ-सफाई को लेकर संबंधित एजेंसी से भी जवाब मांगा गया। एसडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 135 और 59 का भी निरीक्षण किया। केंद्र संख्या 135 में सहायिका अनुपस्थित मिलीं, जबकि केंद्र संख्या 59 में साफ-सफाई और नाश्ता देने में विलंब पाया गया। दोनों मामलों में स्पष्टीकरण मांगा गया।

सदर अस्पताल के सभागार में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर सदर अस्पताल के सभागार में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ सिविल सर्जन डॉ आर के साहू ने बताया कि कुष्ठ के उन्मूलन का लक्ष्य 2030 रखा गया है जिसको पूरा करना हम सभी का दायित्व है, उन्होंने मरीजों को समय से दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मरीजों को मिलने वाले पेंशन की जानकारी भी लिया। डेमियन फाउंडेशन के डॉ सर्वथा राय ने कुष्ठ रोग के लक्षण और जाँच के बारे में विस्तार से बताया। डॉ नन्हे कुमार सिंह ने कुष्ठ मरीजों में रिएक्शन और उसके मैनेजमेंट के बारे में बताया, डेमियन फाउंडेशन के उमेश खारकर ने मरीजों के रेफरल और उसके फीडबैक के बारे में जानकारी दिया।कुष्ठ निवारण कार्यक्रम के डॉ शेखर सुमन ने कुष्ठ रोगियों मे होने वाली विकलांगता और उसके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दिया, उन्होंने मासिक बैठक और समय से रिपोर्ट उपलब्ध करवाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में वैशाली जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे, धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार सिंह एवं पूनम वर्मा ने किया।

सदर अस्पताल के सभागार में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर सदर अस्पताल के सभागार में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ सिविल सर्जन डॉ आर के साहू ने बताया कि कुष्ठ के उन्मूलन का लक्ष्य 2030 रखा गया है जिसको पूरा करना हम सभी का दायित्व है, उन्होंने मरीजों को समय से दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मरीजों को मिलने वाले पेंशन की जानकारी भी लिया। डेमियन फाउंडेशन के डॉ सर्वथा राय ने कुष्ठ रोग के लक्षण और जाँच के बारे में विस्तार से बताया। डॉ नन्हे कुमार सिंह ने कुष्ठ मरीजों में रिएक्शन और उसके मैनेजमेंट के बारे में बताया, डेमियन फाउंडेशन के उमेश खारकर ने मरीजों के रेफरल और उसके फीडबैक के बारे में जानकारी दिया।कुष्ठ निवारण कार्यक्रम के डॉ शेखर सुमन ने कुष्ठ रोगियों मे होने वाली विकलांगता और उसके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दिया, उन्होंने मासिक बैठक और समय से रिपोर्ट उपलब्ध करवाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में वैशाली जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे

संक्षिप्त खबरें

नवादा परसौनी से झाड़ी में छुपाकर रखा 578 बोतल शराब बरामद

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के नवादा परसौनी गांव से होकर गुजरने वाले दाहा नदी किनारे उचकागांव थाना के दरोगा गीतेश गौरांग ने सूचना के आधार पर छापेमारी किया। इस दौरान पुलिस ने झाड़ी में छुपा कर रखें 13 कार्टून से 578 बोतल देसी शराब बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपित मौके से फरार हो गया। मामले में उचकागांव थाना क्षेत्र के मनबोध परसौनी गांव निवासी संदीप यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले में फरार चल रहे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

साइटिका मरीजों के लिए चार दिवसीय निरूशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय स्थित करमैनी रोड में डॉ. श्री प्रकाश बरनवाल एक्यूप्रेशर सेंटर में 12 से 15 अक्टूबर तक साइटिका दर्द की निरूशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन एक्यूप्रेशर काउंसिल, नेचुआ जलालपुर के तत्वावधान में किया जाएगा।शिविर में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक साइटिका दर्द से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य साइटिका से पीड़ित लोगों को उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के साथ उन्हें एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति के बारे में जानकारी देना है।सेंटर प्रभारी सुधा तिवारी ने बुधवार को प्रेस को बताया कि साइटिका दर्द से परेशान इच्छुक मरीज निर्धारित समय पर सेंटर पहुंचकर निःशुल्क जांच एवं परामर्श का लाभ उठा सकते हैं।

बाइक-ई-रिक्शा की टक्कर में महिला समेत दो गंभीर



कुचायकोट (एसएनबी) कुचायकोट थाना क्षेत्र के पहाड़पुर चैमुंहानी के समीप बाइक और ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर में बाइक सवार महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान विशंभरपुर थाना क्षेत्र के बलुवन रायमल गांव निवासी धनेश कुमार और सिपाया गांव निवासी आशा देवी के रूप में हुई है।हादसे के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया।बताया गया कि धनेश कुमार, आशा देवी अपने एक रिश्तेदार के यहां भोरे थाना क्षेत्र के रामनगर गए थे।वहां से दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे।इसी दौरान पहाड़पुर चैमुंहानी के समीप उनकी बाइक की सामने से आ रहे ई-रिक्शा से जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

चंदा वसूली के दौरान ट्रक पर पथराव, एक आरोपित गिरफ्तार



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के करमैनी गांव के पास दुर्गा पूजा के लिए चंदा वसूली के दौरान ट्रक पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुचायकोट गांव निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, पांच दिन पूर्व करमैनी गांव के समिप ओवर ब्रिज पर दुर्गा पूजा के लिए चंदा देने से इनकार करने पर कुछ लोगों का ट्रक चालक से विवाद हो गया था।विवाद के दौरान आरोपितों ने ईंट-पत्थर से ट्रक पर हमला कर दिया। पथराव में ट्रक का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था।घटना के बाद ट्रक चालक की शिकायत पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अन्य आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

छप्पर पर ताड़ का फल गिरने के विवाद में हमला, नामजद आरोपित गिरफ्तार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर जानलेवा हमला मामले के नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बेलवा गांव निवासी जयचंद शाह उर्फ जयचंद गोड़ के रूप में हुई है।पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।पुलिस के अनुसार, 23 सितंबर को घर की छप्पर पर ताड़ का फल गिरने को लेकर आपत्ति जताने गए एक ग्रामीण के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी थी।हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया था।घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।प्राथमिकी के आधार पर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जयचंद गोड़ को गिरफ्तार कर लिया।

आवास निर्माण में सुस्ती पर दर्जनों लाभुकों को नोटिस

समय सीमा में काम पूरा नहीं करने पर होगी कार्रवाई
आवास सहायकों को निगरानी बढ़ाने का निर्देश

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर प्रखंड प्रशासन ने अब लाभुकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। फुलवरिया प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के अलग-अलग गांवों में आवास निर्माण की प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले करीब दो दर्जन चिन्हित लाभुकों को प्राथमिक स्तर पर चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के माध्यम से संबंधित लाभुकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि योजना का लाभ मिलने के बाद भी निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आवास सहायकों और पर्यवेक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में निमार्णाधीन आवासों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आवास योजना का लाभ मिलने के बाद लाभुकों की प्राथमिकता आवास निर्माण पूरा करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों ने अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, उनसे संपर्क कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए तीन चरणों में प्रशिक्षण

मास्टर ट्रेनर की उपस्थिति में मतदान दलों का प्रशिक्षण 10 एवं 16 अक्टूबर को निर्धारित

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार विधान परिषद् के सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-2026 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिले में प्रतिनियुक्त मतदान दल के पदाधिकारियों एवं कर्मियों का प्रशिक्षण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराया जाएगा। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 10 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक तथा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 16 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक जिला परिषद, गोपालगंज के सभागार में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी तथा माइक्रो ऑब्जर्वर के कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों को सही एवं त्रुटिरहित ढंग से भरने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मतदान दल के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए तृतीय चरण का प्रशिक्षण संबंधित डिस्पैच केन्द्र पर आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 75 मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों एवं 20 माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जाना है।

छूटे एवं युवा मतदाताओं का होगा पंजीकरण का विशेष अभियान

बीएलओ द्वारा सत्यापन में अर्हता पाए जाने पर प्रपत्र-6 के माध्यम से निर्वाचक सूची में होगा पंजीकरण

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के आदेश के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआ के उपरांत निर्वाचक सूची में छूटे हुए तथा युवा/प्रथम बार पात्र मतदाताओं के पंजीकरण के लिए दिनांक 11 अक्टूबर 2026 से एक माह तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत बीएलओ द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण से पूर्व की निर्वाचक सूची एवं वर्तमान निर्वाचक सूची का मिलान कर ऐसे मतदाताओं को चिन्हित किया जाएगा, जो पूर्व की सूची में शामिल थे, लेकिन वर्तमान सूची में सम्मिलित नहीं हैं।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर महागठबंधन का आक्रोश मार्च



(आक्रोश मार्च में महागठबंधन के कार्यकर्ता)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने, संविधान की रक्षा तथा ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को महागठबंधन के तत्वावधान में गोपालगंज शहर में आक्रोश मार्च निकाला गया। महागठबंधन के कार्यकर्ता राजद जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सड़क पर उतरे। आक्रोश मार्च अम्बेडकर चैक से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए स्टेट बैंक चैक पहुंचा। इस दौरान कार्यकताओं ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने, लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने तथा मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी, अमित शाह तथा ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी जम कर नारेबाजी की। राजद के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का मत है और किसी भी परिस्थिति में मताधिकार के साथ खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनावी व्यवस्था की मांग की तथा ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। आक्रोश मार्च के समापन पर स्टेट बैंक चैक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गर्ग, राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो, माले नेता सुभाष सिंह आदि ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में राजद नेता मोहन प्रसाद गुप्ता, कांग्रेस नेता अजात शत्रु, अब्दुल सत्तार, सुनील कुमार बारी, संतोष यादव, पिन्टू पांडेय, आनंद शंकर यादव, महताब आलम, सुमन कुमार यादव, कृष्णा यादव, मोहित गुप्ता, बिट्टू चैरसिया, परशुराम गुप्ता सहित महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रशासन सख्त

सिधवनिया बाजार में विक्रेताओं को निर्धारित स्थान पर बिक्री का निर्देश



(मांस मछली विक्रेताओं से बात चीत करते थानाध्यक्ष)

कटेया (दैनिक नवसंदेश) सिधवनिया बाजार में सड़क किनारे खुले में मांस-मछली की बिक्री को लेकर प्रशासन ने अब सख्ती शुरू कर दी है। खुले में मांस-मछली बेचने वाले दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर ही बिक्री करने का निर्देश दिया गया है। नियमों की अनदेखी करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अंचलाधिकारी कटेया सुजाता राज के निर्देश पर कटेया थानाध्यक्ष ने सिधवनिया बाजार पहुंचकर मांस-मछली विक्रेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से कहा कि मांस-मछली की बिक्री निर्धारित स्थान पर ही की जाए तथा इसके अवशेषों को सड़क या जलजमाव वाले स्थानों पर नहीं फेंका जाए। दरअसल, सिधवनिया बाजार के व्यवसायियों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर खुले में मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाने तथा इसके लिए निर्धारित स्थान की व्यवस्था कराने की मांग की थी। व्यवसायियों का कहना था कि बाजार की सड़क पर जलजमाव रहता है और सड़क के दोनों किनारों पर मांस-मछली की दुकानें लगती हैं। दुकानदारों द्वारा मांस-मछली के अवशेष जलजमाव वाले स्थानों पर फेंक दिए जाने से दुर्गंध फैलती है, जिससे राहगीरों और बाजार आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यवसायियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अंचलाधिकारी ने थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसके बाद पुलिस ने विक्रेताओं के साथ बैठक कर उन्हें निर्धारित स्थान पर ही मांस-मछली की बिक्री करने की सख्त हिदायत दी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद बाजार में खुले में मांस-मछली की बिक्री और गंदगी फैलाने पर रोक लगने की उम्मीद जगी है।

फुलवरिया में वर्षों पुराना जर्जर मकान का छत गिरने से युवती जख्मी

मां के साथ जर्जर मकान में रह रही थी युवती, हादसे के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे





फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के समानही पट्टी गांव में गुरुवार को वर्षों पुराना जर्जर मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मकान के मलबे में दबने से एक युवती गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घायल युवती की पहचान गांव के अमरनाथ मिश्रा की 22 वर्षीय पुत्री गोल्डी मिश्रा के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई।बताया जाता है कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण गोल्डी अपनी मां के साथ लंबे समय से पुराने मकान में रह रही थी। गुरुवार को दोनों मकान में मौजूद थीं। इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ मकान का एक हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में गोल्डी मलबे के नीचे दब गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद युवती को मलबे से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन और ग्रामीण घायल युवती को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार कराया गया। हादसे के बाद मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। परिवार के सामने रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है और फिलहाल परिजन खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

साथी में आर्थिक तंगी से तंग युवक ने किया आत्म हत्या

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के साथी गांव के नहर किनारे निवासी 25 वर्षीय युवक ने आर्थिक तंगी से तंग होकर बंद कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना बुधवार की रात की है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि साथी गांव निवासी स्व. किशोर राम का 25 वर्षीय बेटा का विवाह सात वर्ष पहले जमसडी गांव निवासी मुन्ना राम उर्फ मुन्ना किन्नर की गोद ली हुई बेटी के साथ हुआ था। शादी के बाद दोनों के दो बेटा और एक बेटी है। एक बेटे का जन्म एक माह पहले ही हुआ था। जिसके बाद युवक की पत्नी अपने मायके में रहकर बच्चों की देखभाल कर रही थी। युवक अपने मां के साथ अकेले घर पर रह रहा था। वहीं मेहनत मजदूरी कर किसी तरीके से अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। इसी दौरान आर्थिक तंगी से तंग आकर बुधवार की रात युवक ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर कमरे के छत में लगे कुंडी में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। देर रात पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से मृतक युवक की मां व पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं अबोध बच्चों को इस बात की खबर भी नहीं है कि उनके सर से उनके पिता का साया उठ चुका है। अब पत्नी को समझ में नहीं आ रहा है कि वह अपना जीवन किसके सहारे गुजारेंगी। इस दौरान स्वजन के चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो जा रहा था। जिसे मनाने के लिए आसपास के लोग लगे हुए थे। जिसके बाद गुरुवार की सुबह स्वजन व ग्रामीणों के देखरेख में मृतक युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

उचकागांव अस्पताल में 180 को मिला निशुल्क चश्मा, खिले चेहरे



(चश्मा वितरण करते चिकित्सक)

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड क्षेत्र के ऐसे मरीज जो आंखों की रोशनी की कमजोरी से परेशान चल रहे थे, ऐसे 180 मरीजों के बीच गुरुवार के दिन निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। इन मरीजों के द्वारा पिछले दो महीने के अंदर आंख की रोशनी को लेकर उचकागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंख की जांच कराई गई थी। जांच के बाद लगभग ढाई माह बाद अस्पताल में उपलब्ध हुए निशुल्क चश्मा का अस्पताल में पदस्थापित नेत्र जांच तकनीशियन डॉ. अमित कुमार ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त मरीजों के नाम आवंटित हुए चश्मे का मरीजों को फोन पर सूचना देकर बुलाने के बाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्ति जिन्हें नजदीक अथवा दूरी की चीजों को देखने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है अथवा छोटे अक्षरों को पढ़ने में दिक्कत होती है, ऐसे व्यक्ति उचकागांव अस्पताल में आकर अपने आंखों की निशुल्क जांच कराने के पश्चात निशुल्क चश्मा प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र से आई कशीदन खातून, रीना देवी, संध्या देवी, बेबी देवी, उर्मिला देवी, सरोज देवी, उषा देवी, सुनीता देवी, श्रेया मिश्रा सहित काफी संख्या में मरीजों को निशुल्क चश्मा पाकर खुशी की लहर दौड़ गई।

दुर्गापूजा में रहेगी कड़ी चैकसी, तैनात होंगे 300 से अधिक दंडाधिकारी

1200 से अधिक जवानों को भी किया जाएगा तैनात, संवेदनशील इलाकों में रहेगी अतिरिक्त चैकसी

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) अक्टूबर दुर्गापूजा के दौरान पूरे जिले में कड़ी चैकसी रहेगी। पूजा को देखते हुए पूरे जिले में 300 से अधिक दंडाधिकारी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा निर्धारित किए गए स्थानों पर 1200 से अधिक जवान तथा करीब तीन सौ से अधिक पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर संवेदनशील इलाकों में कड़ी चैकसी बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। 11 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ ही दुर्गा पूजा प्रारंभ हो जाएगा। दुर्गापूजा के दौरान पूरे जिले में चार सौ से अधिक छोटे-बड़े पूजा पंडालों की स्थापना की जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर पूजा पंडालों के साथ ही आसपास के इलाकों में नजर रखने के लिए सप्तमी के दिन से मूर्ति विसर्जन कार्य की समाप्ति तक दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। तमाम दंडाधिकारियों को निर्धारित तिथि को निर्धारित किए गए स्थान पर पहुंचने व योगदान करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने पर्व को देखते हुए संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर वहां अतिरिक्त चैकसी बरतने के निर्देश जारी किया है। प्रशासनिक स्तर पर धार्मिक अनुष्ठान व पूजा में बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। साथ ही बगैर लाइसेंस से पूजा पंडाल स्थापित करने तथा मूर्ति विसर्जन जुलूस में भाग लेने वाली पूजा समितियों पर कार्रवाई का निर्देश जारी किया है। प्रशासनिक स्तर पर मूर्ति विसर्जन का जुलूस निर्धारित किए गए रूट से ही ले जाने का निर्देश जारी किया है। प्रशासनिक स्तर पर मूर्ति विसर्जन जुलूस का लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने निर्धारित रूट का अक्षरशः अनुपालन कराने का निर्देश जारी किया है। पर्व को देखते हुए सदर अनुमंडल में 155 स्थानों पर दंडाधिकारियों की तैनाती का निर्देश दिया है। इसके अलावा हथुआ अनुमंडल में भी 149 दंडाधिकारी तैनात होंगे। प्रत्येक दंडाधिकारी के साथ 1-4 का फोर्स भी तैनात करने का निर्देश जारी किया गया है। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती की जाएगी। दुर्गापूजा को लेकर जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा, जो सप्तमी के दिन से ही 24 घंटे काम करेगा। यहां आठ-आठ घंटे की पाली में वरीय पदाधिकारी के अलावा दंडाधिकारियों की तैनाती करने का निर्देश दिया गया है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर में स्थापित किया जाएगा। दुर्गापूजा के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को दैनिक खैरियत प्रतिवेदन उपलब्ध कराना होगा। बीडीओ व थानाध्यक्ष संबंधित एसडीओ व एसडीपीओ को प्रतिवेदन देंगे। इसी प्रकार एसडीओ व एसडीपीओ जिले को खैरियत प्रतिवेदन प्रत्येक दिन उपलब्ध कराएंगे। पर्व के दौरान जिला मुख्यालय को दो जाने में बांटकर यहां स्थापित होने वाले पूजा पंडालों से लेकर आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। दोनों जोन में पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। यह जोन उत्तरी व दक्षिणी जोन के नाम से जाना जाएगा। दुर्गा पूजा के दौरान दिन के छह बजे से रात के दस बजे के बीच ही लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति होगी। रात के दस बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बजेंगे। लाउडस्पीकर बजाने के दौरान भी इसके लिए निर्धारित नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

सेवा सेतु शिविर में 126 आवेदन, 40 का मौके पर निस्तारण

राजस्व, पेंशन, आवास व बिजली समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का हुआ समाधान



(आवेदन देते ग्रामीण)

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट प्रखंड कार्यालय से सटे माध्यमिक विद्यालय कुचायकोट बालक के परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सेवा सेतु शिविर का गुरुवार को समापन हो गया।शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 126 आवेदन प्राप्त हुए।इनमें 40 आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।वहीं, शेष आवेदनों को निर्धारित समय में कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।ह्यसेवा संकल्पह्ण कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय की ओर से आयोजित शिविर में लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे।इनमें राजस्व एवं भूमि सुधार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, विद्युत विभाग समेत अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए।अधिकारियों एवं कर्मियों ने आवेदनों की जांच कर कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया।प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य प्रकाश ने बताया कि तीन दिनों में कुल 126 आवेदन प्राप्त हुए।इनमें 40 आवेदनों का तत्काल निस्तारण किया गया है। अन्य आवेदनों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है।उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में लंबित आवेदनों का भी निष्पादन सुनिश्चित कराया जाएगा।